श्रीमद्भगवद्गीता श्रीमद्भागवतपुराणयोः मुख्यविशेषता एषा यत् एते उच्चकोट्याः दार्शनिकग्रन्थाः सन्ति प्रत्युत वेदोपनिषद् समं एते व्यवहारिकसमस्यानां प्रस्तूतयन्ति। एतेषु ग्रन्थेषु निहिताः उपदेशानां व्यवहारिकजीवनैः सहितं निविडसम्पर्कः विद्यते। एतेषु सांसारिक कर्मकरणाय एतादृशः विधयः सन्ति येन मानवमात्रं जीवनस्य समस्तान् कार्यान् कृत्वा भगवान् अथवा मोक्षं सरलतया अधिगतं कृत्वा स्वकीयस्य उद्धारेण सहितं सम्पूर्णलोकानां उन्नतः समृद्धिः तथा दिव्यं कर्तुं सहयोगः दातुं शक्यते। वस्तुतः व्यवहारिकं तथा आध्यात्मिकजीवने दुर्लभः सहयोगः अथवा सामंजस्य अथवा समन्वयः स्थापयति।

भगवद्गीता तथा भागवतपुराणानुसारं स्थितप्रज्ञमनुष्यस्य लक्षणम्, महिमा तथा विशेषता कथनसमये कथ्यते यत् निष्कामकर्म मनुष्यं बन्धनग्रस्तः न करोति। कर्मयोगस्य अभ्यासेन मनुष्यस्य बुद्धौ स्थिरता आगच्छति यं स्थितप्रज्ञता इति कथ्यते, अस्मिन्नेव मनुष्यः मोक्षं प्राप्तुं शक्नोति। निष्कामः कर्मयोगीनं स्थितप्रज्ञः

---

1 श्रीमद्भागवतपुराण एकादश स्कंध अध्याय २०, २२, २६, २९

2 श्रीमद्भागवतपुराण एकादश स्कंध अध्याय २०, २२, २६, २९

3 श्रीमद्भागवतपुराण एकादश स्कंध अध्याय २०, २२, २६, २९

इति कथ्यते। सर्वासु स्थितिषु योगस्थः भूत्वा स्थिरबुद्धिं संस्थाप्य आसक्तिं त्यक्त्वा स्वकर्मकरणमेव योगस्थपुरुषस्य स्थितप्रज्ञता विद्यते। विषमपरिस्थितिषु मानसिकसन्तुलनं स्थितप्रज्ञ अथवा समता वर्तते। मनः प्रसन्नं कर्तुं अभ्यासः अपि स्थितप्रज्ञतायाः साधनमस्ति। प्रसन्नचित्तेन मनुष्ये स्थिरबुद्धित्वस्य समावेशः स्वीयेन भवति। निष्कामकर्मयोगी स्थितप्रज्ञः भूत्वा मनः बुद्धिः इन्द्रियान् संयम्य भयः, इच्छा तथा क्रोधरहितो भवति तथा सुखशान्तिं प्राप्नोति। अनेन प्रकारेण सः स्थितप्रज्ञः तत्त्वज्ञानी परमशान्ति अर्थात् मोक्षं प्राप्यते। गीतायां स्थितप्रज्ञतायाः दशां जीवन्मुक्तः अपि कथितः वर्तते। स्थितप्रज्ञजनः कामनां परित्यज्य आत्मसन्तुष्टो भवति। यः इन्द्रियान् कच्छपवत् विषयेभ्यः उन्मुच्य अंतर्मुखी करोति एषः स्थितप्रज्ञस्य महत्वपूर्णविशेषताऽस्ति।

<u>सन्दर्भग्रन्थाः-</u>

१. श्रीमद्भगवद्गीता, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, जगदीश संस्कृत पुस्तकालय- २००२ ।

२. श्रीमद्भागवतपुराण दर्शन, गौतमपटेल नीलम् पटेल, Gujarat Offset Pvt. Ltd.

३. गीतायोगामृत, डॉ. धर्मवीर यादव, किताब महल पब्लिशर्स ।

४. श्रीमद्भगवद्गीता एवं पातंजलयोग, डॉ. माधवी चं द्रा, राघव पब्लिकेशन्म- २००२ ।

५. श्रीमद् एसी भक्तिवेदान्त स्वामी प्रभुपाद, श्रीमद्भागवतम्, एकादश स्कन्ध, भक्तिवेदान्त बुक् ट्रस्ट- २०१८ ।

६. भगवद्रामानुजाचार्यः, श्रीमद्भगवद्गीताभाष्यम्, संस्कृत संशोधन संसत्- २००८ ।

७. विन्ध्येश्वरी प्रसाद मिश्र विनय, श्रीमद्भागवततत्वबिन्दु, न्यु भारतीय बुक् कर्पोरेशन्- २००३।

८. प्रो. के. टी पाडुंरङ्गी, श्रीमद्भागवतम् प्रथम सम्पुटन्, Dwaitvedant studies and Research Fundation- 1997.

९. ओम् प्रकाश गुप्त, गीता की प्रासंगिकता, साहित्य प्रचारक ।

१०. श्रीमद्भावत्सुधा-सागर (शुकसागर), गीताप्रेस, गोरखपुर- २००८ ।

संबद्ध साहित्यस्य अंतर्जालानि-

1. https://www.gitasupersite.iitk.ac.in/srimad?
2.https://vivechan.learngeeta.com/vivechan-page/4095
3. https://www.swargarohan.org/geeta-ka-sangeet/02-18
4. https://journal.viterbo.edu/index.phplat/article/view/837

श्रीमद्भगवद्गीतोक्तदिशा कर्मभेदविमर्शः

डॉ.मनोजकुमारसाहुः
सहायकाचार्यः
शास्त्रीयज्ञानप्रणालीविद्यास्थानम् धर्मशास्त्रविद्याशाखा
के.सं.वि., एकलव्यपरिसरः,अगरतला ।

'**डुकृञ्**' करणे इत्यस्माद्धातोः औणादिके '**मन्**' प्रत्यये कृते '**कर्मशब्दः**' निष्पद्यते । सर्वे जीवाः स्वकर्मणि रताः सन्ति । कर्मणः महत्त्वं सर्वेषु धर्मेषु सम्प्रदायेषु च दृश्यन्ते । वैयाकरणकारेण पाणिनिना कर्मणः संज्ञा उक्ता यत् - '**कर्तुरिप्सिततमं कर्म**' । अर्थात् कर्ता यदिच्छति तत्कर्म इत्युच्यते । समुचितकर्मणा उत्तमफलं तथा अनुचितकर्मणा मन्दफलं लभते । कर्म अधिकृत्य विचाराः यद्यपि बहुषु शास्त्रेषु दृश्यन्ते तथापि श्रीमद्भगवद्गीतोक्तविचाराणां महती प्रासङ्गीकता विद्यते । यस्मिन् समये यत्कर्म आगच्छति तत्तु विवेकदृष्ट्या निष्ठापूर्वकं करणीयम् । कर्मानुरुपं फलमवश्यमेव समयानुसारं मिलिष्यति, तत्र सन्देहो नास्ति । युद्धक्षेत्रे स्वजनान् दृष्ट्वा विषण्णस्य अर्जुनस्य मनः परिवर्त्तनाय श्रीकृष्णः गीतां श्रावितवान् । गीतामधिकृत्य सनातनधर्मे पञ्चाशतः अधिकाः संख्यकाः ग्रन्थाः सन्ति यथा उत्तरगीता, अणुगीता, भिक्षुगीतेत्यादयः[1] । तासु श्रीमद्भगवद्गीतायाः प्रसिद्धिः सर्वातीशायी । तत्र अष्टादशाध्यायाः, सप्तशतं श्लोकाश्च सन्ति । प्रत्येकस्याध्यायस्य नाम योगः अस्ति । यथा अर्जुनविषादयोगः, कर्मयोगः, विश्वरुपदर्शनयोगश्चेत्यादयः । श्लोकेषु धृतराष्ट्रेण एकः श्लोकः कथितः, संजयेन चत्वारिंशत्, अर्जुनेन चतुरशीतिः तथा श्रीकृष्णेन पञ्चसप्तत्यधिकपञ्चशतं श्लोकाः कथिताः ।

अस्य ग्रन्थस्य प्रसिद्धिः एतादृशी अस्ति यत् समग्रे विश्वे अशीतिभाषासु त्रिशतादुर्ध्वमनुवादाः दृश्यन्ते[2] । कर्म अधिकृत्य श्रीमद्भगवद्गीतायां द्वौ योगौ स्तः, यथा तृतीयाध्याये कर्मयोगः, पञ्चमाध्याये कर्मसंन्यासयोगश्च । वेदव्यासप्रणीतस्य महाभारतस्य भीष्मपर्वणः पञ्चविंशाध्यायादारभ्य द्विचत्वारिंशदध्यायं यावत्

---

[1]Quora.com .

[2] तत्रैव

अष्टादशाध्यायेषु गीता विस्तृता अस्ति । इयं गीतोपनिषद् नाम्ना प्रसिद्धिरस्ति । कर्मयोगे निःस्वार्थकर्मणः मार्गविचारोऽस्ति परन्तु कर्मसंन्यासयोगे भौतिकसांसारिकाशक्तित्यागविचारोऽस्ति । कोऽपि जीवः कर्म त्यक्त्वा स्थातुं न शक्नोति । एतदर्थमर्जुनं प्रति श्रीकृष्णस्यादेशोऽस्ति यत् – प्रत्यहं शास्त्रविहितं कर्म आचरणीयं , यतो हि अकर्मणः कर्म तु श्रोष्ठमस्ति । अकर्मणा एव शरीरयात्रा न संभवति । यथोक्तमस्ति तृतीयाध्याये –

नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः ।
शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्ध्येदकर्मणः ॥[1]

कर्माकर्मणोः निर्णये बुद्धिमन्तोऽपि भ्रमे पतन्ति । कर्माकर्म-विकर्मणां स्वरुपमवश्यं बोद्धव्यं स्यात् । यतो हि कर्मणः गतिः गहना अस्ति । यथोक्तमस्ति चतुर्थाध्याये –

कर्मणो हि बोद्धव्यं बोद्धव्यञ्च विकर्मणः ।
अकर्मणश्च बोद्धव्यं गहना कर्मणो गतिः ॥[2]

एतेषां स्वरुपाणि तत्त्वविवेचनीटीकायां विचार्यन्ते । कः कर्म कर्तुं शक्नोतीति शंकायां तत्रैव उक्तमस्ति यत् यः कर्मणि अकर्म तथा अकर्मणि कर्म पश्यति तादृशः बुद्धिमान् मनुष्यः सर्वमपि कर्म कर्तुं शक्नोति । कर्मस्वरूप-भेदविषये वहवः आचार्याः ग्रन्थकाराश्च स्वमतान्युपस्थापितवन्तः । आदौ वैशेषिके सूत्रे कर्मस्वरुपं भेदञ्चोक्तमस्ति यदेकद्रव्यमगुणं संयोग-विभागेष्वनपेक्षकारणं कर्म[3] । एकं द्रव्यम्-एकस्मिन् द्रव्ये विद्यमानम्, अगुणः- गुणाभाववत्, संयोगः – गुणविशेषः, विभागः – गुणविशेषः(चतुर्विंशतिगुणेष्वन्यतमः), अनपेक्षकारणम् – अपेक्षारहितं कारणं नाम असमवायिकारणम् । अर्थात् गुणः एकस्मिन् द्रव्ये विद्यामानो भवति, गुणाभाववान्भवति एवं स्वोत्पत्त्यनन्तरोत्पत्तिकभावभूतानपेक्षमित्यर्थः । अनेन ज्ञायते असमवायिकारणं कर्म भवति । न्यायसिद्धान्तमुक्तावल्यामुक्तमस्ति –

उत्क्षेपणं ततोऽपक्षेपणमाकुञ्चनं तथा ।
प्रसारणञ्च गमनं कर्माण्येतानि पञ्च ॥[4]

---

1. श्री.भ.गी 3/8 ।
2. श्री.भ.गी 4/17 ।
3. वैशे. सू. 1/1/7 ।
4. न्या.सि.मु. कारिका 6 ।

उत्क्षेपणं नाम – ऊर्ध्वदेशसंयोगानुकूलव्यापारः। व्यापारः नाम क्रिया। **अपक्षेपणम्** – अधोदेशसंयोगानुकूलो व्यापारः । **आकुञ्चनम्** – शरीरसन्निकृष्टदेश-संयोगानुकूलो व्यापारः । **प्रसारणम्**- शरीरविप्रकृष्टदेशसंयोगानुकूलो व्यापारः । **गमनम्** – उत्तरदेशसंयोगानुकूलोव्यापारः । **कर्माणि** – कर्मत्वजातिविशिष्टानीति ।

शांकरवेदान्तकोशे उक्तमस्ति क्रियते यत्तत् कर्म । **तद्विविधं** सुकृतं दुष्कृतञ्च । श्रुति-स्मृतिपुराणाद्यनुमोदितं कर्म **सुकृतम्** । श्रुति-स्मृतिपुराणाद्यननुमोदितं कर्म **दुष्कृतम्** । सुकृतं पञ्चविधम् । काम्य-नित्य-नैमितिक-प्रायश्चित्तोपासनाभेदैः । पुनश्च कर्म त्रिविधं यथा प्रारब्धं, सञ्चितं, क्रियमाणञ्चेति । अपि च कर्मकृत्, कर्मक्षयः, कर्मज्ञानसमुच्चयः, कर्मदेवः, कर्मभोगः, कर्मयोगः इत्यादयः विषयाः वर्णिताः सन्ति ।

काम्यम् - फलोद्देश्येन विधीयमानं स्वर्गादीष्टसाधनं ज्योतिष्टोमादि ।

नित्यम् - अकरणे प्रत्यवायसाधनं सन्ध्यावन्दनादि ।

नैमित्तिकम् - पुत्रजननान्तरं विधेयं जातेष्ट्यादि, उपरागे स्नायादिति विधिविहितं ग्रहणस्नानादि ।

प्रायश्चित्तम् - प्रायः पापं विजानियाच्चित्तं तस्यैव शोधनमित्युक्तदिशा पापक्षयमात्रसाधनं चान्द्रायणादि ।

उपासनम् - शास्त्रबोधिते सगुणे ब्रह्मणि दीर्घकालपर्यन्तं नैरन्तर्योपेतमनोवृत्तिस्थिरीकरणं, सगुणब्रह्मविषयकमानसव्यापाररूपम् ।

प्रारब्धम् – यत्कर्मवशादिह जन्मनि अस्मिन् शरीरे सुखदुःखाद्यनुभूयते ।

क्रियमाणम् – अहर्निशं वर्त्तमानजन्मनि सुकृतदुष्कृतरूपं यत्कर्म कृतं क्रियते च अनारब्धफलम् ।

सञ्चितम्- प्रारब्धक्रियमाणाभ्यामन्यदनारब्धफलं यदेकत्रितं कर्म तिष्ठति । सञ्चितं द्विविधं – सुकृतं दुष्कृतञ्चेति । सुकृतकर्मणा ब्रह्मादिलोकप्राप्तिः, दुष्कृतकर्मणा नरकादिलोकप्राप्तिश्च सर्वविधकर्मणां क्षये मोक्षावाप्तिः । मुक्त्यर्थं कर्मणां न साक्षात्प्रयोजनमिति अद्वैतवेदान्तिनामभिप्रायः ।

कर्मकृत् – आत्मज्ञानम् । कर्माणि कृन्तति छिनत्तीति कर्मकृत् कर्मच्छेदकम् । यः आत्मीयेषु कर्मषु अकर्तृत्वादकर्मत्वं पश्यति, प्रशान्ततया परकृतेषु अकर्मसु पूर्णं स्वात्मकृतत्वं जानाति सर्वेषु स एव वुद्धिमान् साकल्येन कर्म करोति । यस्य सर्वस्मिन् कर्मणि देहेन्द्रियक्रियायामकर्म स्वात्मनि निष्क्रियत्वं श्रोत्रादीनि शब्दादिषु

वर्तन्ते वागादीनि वचनादौ मम किमायातमित्येवं लक्षणं यः पश्येत् , अकर्मणि यः परैः कृते कर्मणि पूजादौ कर्म क्रियां जनयति, एतादृशः कर्ता पूज्यः एव भवति । देहेन्द्रियादिष्वपि कर्तृत्वदर्शनादात्मनि निष्क्रियत्वदर्शनाच्च स कृत्स्नकर्मकृदेव भवति ।

यथोक्तमस्ति गीतायां –

कर्मण्यकर्म यः पश्येदकर्मणि च कर्म यः ।
स वुद्धिमान् मनुष्येषु स युक्तः कृत्स्नकर्मकृत् ॥[1]

कर्मक्षयः- सञ्चितप्रारब्धक्रियमाणरूपत्रिविधकर्मणां नाशः । अप्रवृत्तफलयोः अनारब्धकार्ययोः सुकृतदुष्कृतयोः कर्मणोर्ज्ञानादेव नाशः । आरब्धकार्ययोः प्रवृत्तफलयोः सुकृतदुष्कृतकर्मणोर्भोगाज्ज्ञानादपि नाशः ।

कर्मज्ञानसमुच्चयः - मोक्षस्य साधनविषये वेदान्ते पक्षद्वयमस्ति। शाङ्करादैतवेदान्तिनः केवलं ज्ञानमेव मोक्षाय मन्यन्ते । मूलाविद्यया जातोऽयं सकलसंसारप्रपञ्चो मूलाविद्यानाशेन निवर्तते । कर्मणा सत्त्वशुद्धिस्ततो वैराग्यं ततो कर्मसंन्यासस्ततो ज्ञानं ततो मोक्षः । कर्म केवलमन्तः शुद्ध्यर्थं, मोक्षस्तु ज्ञानादेव । अविद्याबलेनैव शुद्धचैतन्यं ब्रह्म जीवभावेन भाति । अविद्यानाशे मुक्त इत्युच्यते । अत एव तस्मादविद्यास्तमयोः नित्यानन्दप्रतीतितः । निःशेषदुःखोच्छेदाच्च पुरुषार्थो परो मतः । तदुक्तं वार्तिके – अविद्यास्तमयो मोक्षः सा च बन्ध उदाहृतः । अतः ज्ञानमेव मोक्षकारणम् । अपरे केचन कर्मज्ञानयोः समुच्चयः साहित्यं मुक्तिकारणमिति वदन्ति । अयं वादः कर्मज्ञानसमुच्चयवादोऽथवा ज्ञानकर्मसमुच्चयवाद इत्युच्यते । श्रीभगवत्पादशङ्कराचार्याणामिदमभिमतं यत् नित्यप्राप्तमोक्षार्थं कर्म अकिञ्चित्करम् ।

कर्मदेवः - देवो द्विविधः यथा कर्मदेवः, आजानदेवश्च । तत्र कर्मदेवः श्रौत्रादिकर्मणा देवत्वं प्राप्नोति । आजानदेवश्च जन्मतः प्रारम्भत एव देवत्वं गतः । यथा – अग्निहोत्रादिश्रौतकर्मणा ये देवत्वं प्राप्नुवन्ति ते कर्मदिवाः[2] इति बृहदारण्यकोपनिषदि ।

---

1. श्री.भ.गी. 4/18 ।
2. बृ.आ.उ. 4/3/33 ।

कर्मभोगः - प्रारब्धकर्मणा फलभोगः । लौकिकः पामरो जनः सुखदुःखरूपेण भुङ्क्ते, जीवनमुक्तस्तु कर्मफलं भुञ्जानोऽपि अभुञ्जान इव तिष्ठति । यथा अयं तु व्युत्थानसमये मांसशोणितमूत्रपुरीषादिभाजनेन शरीरेण अशनायापिपासाशोकमोहादि-भाजनेनान्तःकरणेन च पूर्वपूर्ववासनया क्रियमाणानि कर्माणि भुज्यमानानि ज्ञानाविरुद्धारब्धफलानि च पश्यन्नपि बाधितत्वात् परमार्थतो न पश्यति । यथेन्द्रजालमिति । ज्ञनवांस्तदिन्द्रजालं पश्यन्नपि परमार्थमिति न पश्यति । सचक्षुरचक्षुरिव सकर्णोऽकर्ण इव इत्यादिश्रुतेः । यथोक्तमस्ति वेदान्तसारे जीवन्मुक्तप्रकरणे –

स सुप्तवज्जागर्ति यो न पश्यति द्वयं च पश्यन्नपि चाद्वयत्वतः ।
तथा च कुर्वन्नपि निष्क्रियश्च यः स आत्मविन्नान्य इतीह निश्चयः ॥

कर्मयोगः - गीतायां ज्ञानयोग-भक्तियोग-कर्मयोगप्रभृतयोऽनेके योगाः प्रतिपादिताः। तत्र कर्मैव योगः कर्मयोगः । तेन कर्मयोगेन कर्मिणां निष्ठा प्रोक्तेत्यर्थः । कर्मैव योग ईश्वरार्पणबुद्ध्याऽनुष्ठीयमानं घटनरूपं योगार्थत्वात् योग उच्यते । कर्मयोगेन ईश्वरार्पणबुद्ध्या क्रियमाणेन फलाभिसन्धिरहितेन तत्तद्वर्णाश्रमोचितेन वेदविहितेन कर्मकलापेन चापरे मन्दाः पश्यन्त्यात्मनीति वर्तन्ते । अन्ये मन्दाधिकारिणः कर्मैव योगार्थत्वगुणेन योगस्तेन कर्मयोगेन ईश्वरार्पणबुद्ध्याऽनुष्ठीयमानेन
सत्त्वशुद्धिश्रवणमननध्यानापरोक्षज्ञानोत्पत्तिद्वारेणात्मन्यात्मानमात्मना पश्यन्तीति । यथा च प्रवृत्त्या लक्ष्यते जायते कर्मयोगः ।

कर्मसमुच्चयः - कर्मज्ञानसमुच्चयः नाम ।

कर्मसमुच्चितज्ञानम् - कर्मणा सह ज्ञानं मोक्षसाधनम् । एतदर्थमयं कर्मज्ञानसमुच्चयः।

कर्माध्यक्षः - कर्मफलप्रदाता । कर्मणां कारयितृत्वेन द्रष्टैव न कर्तेत्यर्थः । इति ब्रह्मसूत्रे[1] ।

कर्माशयः - पुण्यापुण्यकर्मणामाशयः । यथा – क्लेशमूलः कर्माशयो दृष्टादृष्टजन्यवेदनीयः इति पातञ्जलयोगसूत्रे[2] । अत्र तत्त्ववैशारद्याम् आशेरते

---

1. ब्र.सू. 1/1/4 ।
2. पा.यो.सू 2/12 ।

सांसारिकाः पुरुषा अस्मिन्नित्याशयः । धर्माधर्मौ कर्मणामाशयौ । यथा च – सकृत्प्रवृतमेव हि ते कर्माशयमतिवाहयन्तः इति ब्रह्मसूत्रे[1] ।

मनुष्यः मनोवाक्शरीरैः शुभाशुभफलानि प्राप्नोति । एतानि त्रिविधानि कर्माणि तु मनुस्मृतौ वर्णितानि सन्ति । यथा –

परद्रव्येष्वभिधानं मनसाऽनिष्टचिन्तनम् ।
वितथाभिनिवेशश्च त्रिविधं कर्म मानसम् ॥
पारुष्यमनृतञ्चैव पैशुन्यञ्चापि सर्वशः ।
असंवद्धप्रलापश्च वाङ्मयं स्याच्चतुर्विधम् ॥
अदत्तानामुपादनं हिंसा चैवाविधानतः ।
परदारोपसेवा च शारीरं त्रिविधं स्मृतम् ॥

एतान्यशुभानि सन्ति । कर्मानुसारमशुभानि जन्मानि लभन्ते । यथा कायिककर्मभिः स्थावरजन्मानि, वाचिककर्मभिः पक्षिमृगजन्मानि, तथा मानसकर्मभिः अन्त्यजन्मानि प्राप्यन्ते [2]। गुणानुसारं कर्मभेदाः अपि दृश्यन्ते । गुणाः त्रयः यथा सत्वं, रजस्तमश्चेति । तेषां लक्षणानि मनुना कथितानि यथा-

वेदाभ्यासस्तपो ज्ञानं शौचमिन्द्रियनिग्रहः ।
धर्मक्रियात्मचिन्ता च सात्त्विकं गुणलक्षणम् ॥
आरम्भरुचिताऽधैर्यमसत्कार्यपरिग्रहः ।
विषयोपसेवा चाजस्रं राजसं गुणलक्षणम् ॥
लोभः स्वप्नोऽधृतिः क्रौर्य्यं नास्तिक्यं भिन्नवृत्तिता ।
याचिष्णुता प्रमादश्च तामसं गुणलक्षणम् ॥[3]

यद्यपि सामान्येन त्रिगुणलक्षणानि मनुना कथितानि तथापि कालस्य भेदानुसारं कर्मणः प्रभावानुसारमपि गुणभेदानि लक्षणानि च दृश्यन्ते । यथा यत्कर्म कृत्वा, कुर्वन्, करिष्यंश्च मनुष्यः लज्जति तत्सर्वं तामसगुणलक्षणमित्युच्यते । येन कर्मणा मनुष्यः लोकेऽस्मिन् पुष्कलां ख्यातिमिच्छति, असम्पत्तौ च न शोचति तद्राजसकर्म इत्युच्यते । मनुष्यः यत्कर्म वेदार्थं सर्वात्मना ज्ञातुमिच्छति,

---

1. ब्र.सू. 3/3/32, शाङ्करवेदान्तकोशः पृ.149-154 ।
2. म.स्मृ 12/5-7,9
3. म.स्मृ 12/31-33

यच्चाचरन् न लज्जति, येनापि तस्य आत्मा तुष्यति तत्सात्त्विककर्म इत्युच्यते । यथोक्तमस्ति मनुस्मृतौ –

यत्कर्म कृत्वा कुर्वंश्च करिष्यंश्चैव लज्जति ।
तज्ज्ञेयं विदुषां सर्वं तामसं गुणलक्षणम् ॥
येनास्मिन्कर्मणा लोके ख्यतिमिच्छति पुष्कलाम् ।
न च शोचत्यसम्पत्तौ तद्विज्ञेयं तु राजसम् ॥
यत्सर्वेणेच्छति ज्ञातुं यन्न लज्जति चाचरन् ।
येन तुष्यति चात्मास्य तत्सत्त्वगुणलक्षणम् ॥
कर्मानुसारं भिन्नाः गतयः भवन्ति यथा-
देवत्वं सात्विका यान्ति मनुष्यत्वञ्च राजसाः ।
तिर्यक्त्वं तामसा नित्यमित्येषा त्रिविधा गतिः ॥[1]

शास्त्रभेदानुसारं यद्यपि कर्मभेदानि भिन्नानि सन्ति तथापि धर्मशास्त्रानुसारं धर्मशब्दः कर्मपदेन बोध्यते । धर्मशास्त्रेषु ये ये धर्माः उक्ताः ते तु कर्मभिरेव सिद्धाः भवन्ति । एतदर्थं धर्मः कर्मशब्देन बोध्यते । याज्ञवल्क्यस्मृतेः मिताक्षराटीकाकारस्य विज्ञानेश्वरस्य मतानुसारं धर्मः द्विविधो यथा – श्रौतधर्मः, स्मार्त्तधर्मश्च । श्रुतौ नाम वेदे प्रतिपादितः धर्मः श्रौतधर्मः । श्रौतधर्मे मुख्यतः यागाः अन्तर्भवन्ति । मनोर्मते प्रवृतनिवृत्तभेदेन वैदिककर्म द्विविधम् । स्वार्गादिसुखप्राप्तिकरसंस्कारप्रवृत्तिहेतुत्वात् प्रवृताख्यं वैदिककर्म तथा मोक्षप्राप्त्यर्थं संसारनिवृत्तिहेतुत्वात् निवृताख्यं वैदिककर्म। अनयोः स्पष्टतया ज्ञायते यत् लोकेऽस्मिन् सकामेन ज्योतिष्टोमादियज्ञरूपककर्म संसारप्रवृत्तिहेतुत्वात् प्रवृत्तकर्मपदेनोच्यते। अकामेन ब्रह्मज्ञानाभ्यासपूर्वकं संसारनिवृत्तिहेतुत्वात् तत्कर्म निवृत्तकर्मपदेनोच्यते । नरः प्रवृत्तकर्मणा देवजन्म तथा निवृत्तकर्मणा मोक्षं प्राप्नोति । यथोक्तमस्ति मनुस्मृतौ –

सुखाभ्युदयिकं चैव नैश्रेयसिकमेव च ।
प्रवृत्तञ्च निवृत्तञ्च द्विविधं कर्म वैदिकम् ॥
इह चामुत्र वा काम्यं प्रवृत्तं कर्म कीर्त्यते ।
निष्कामं ज्ञानपूर्वं निवृतमुपदिश्यते ॥

---

1. म.स्मृ 12/35-37,40 ।

प्रवृतं कर्म संसेव्य देवानामेति साम्यताम् ।
निवृत्तं सेवमानस्तु भूतान्यतेति पञ्च वै ॥[1]

स्मार्त्तधर्मः नाम स्मृतौ धर्मशास्त्रे वा प्रतिपादितः धर्मः । विज्ञानेश्वरमते षट्स्मार्त्तधर्माः सन्ति यथा वर्णधर्मः, आश्रमधर्मः, वर्णाश्रमधर्मः, गुणधर्मः, निमित्तधर्मः, साधरणधर्मश्चेति । ब्राह्मणः नित्यं मद्यं वर्जयेदिति वर्णधर्मः । अग्नीन्धनभैक्षाचर्यादिः आश्रमधर्मः । पलाशदण्डः ब्राह्मणस्येति वर्णाश्रमधर्मः । शास्त्रीयाभिषेकादिगुणयुक्तस्य राज्ञः प्रजापालनादिः गुणधर्मः । विहिताकरणप्रतिसिद्धसेवननिमित्तं प्रायश्चित्तं तु निमित्तधर्मः । न हिंस्यात् सर्वभूतानीति आचाण्डालं साधरणधर्मः ।

धर्मशास्त्रशब्दकोशे पण्डितकुलमणिमिश्रमहाभागैः कर्मभेदानि निरुपितानि सन्ति यथा विधेयकर्म, दासकर्म, कृषिकर्म, चित्रादिरचना, पूर्वकृतज्ञेति । दक्षसंहितायां सन्ध्यास्नानं, जपहोमादीनि नवविधेयकर्माणि दृश्यन्ते । यथा -

सन्ध्यास्नानं जपो होमः स्वाध्यायो देवतार्चनम् ।
वैश्वदेवं तथाऽऽतिथ्यमुद्धृतञ्चापि शक्तितः ॥
पितृदेवमनुष्याणां दीननाथतपस्विनाम् ।
मातापितृगुरूणाञ्च संविभागो यथार्हत ॥[2]

नारदेन स्पष्टीकृतं यत् शुभाशुभकर्मणोः अशुभकर्म तु दासकर्मपदेनोच्यते । यथोक्तं तेन –

कर्मापि द्विविधं ज्ञेयमशुभं शुभमेव च ।

अशुभं दासकर्मोक्तं शुभं कर्मकृतां स्मृतम् ॥
गृहद्वाराशुचिस्थानरथ्यावस्करशोधनम् ।
गुह्याङ्गस्पर्शनोच्छिष्टविड्वुत्रग्रहणोज्झनम् ॥
इच्छतः स्वामिनश्चाङ्गैरूपस्थानमथान्यतः ।
अशुभं कर्म विज्ञेयं शुभमन्यदतः परम् ॥ [3]

---

1. म.स्मृ 12/88-90 ।
2. दक्षसं. 3/12 ।
3. ना.स्मृ 55/7 ।

कृषिकर्मविषये सर्वे सम्यक् जानन्ति । आपस्तम्बेन विशेषेणोक्तं यत् – 'यथौषधिवनस्पतीनां बीजस्य क्षेत्रकर्मविशेषे फलपरिवृद्धिः'[1] । चित्रकरकर्मणि केषु केषु द्रव्येषु क्षयवृद्धिर्भवतीति जिज्ञासायां याज्ञवल्क्येनोक्तं यत् –

कार्मिके रोमवद्धे च त्रिंशद्भागः क्षयो मतः ।
न क्षयो न वृद्धिश्च कौशेये वाल्कलेषु च ॥ [2]

अत्र 'कार्मिककर्मणा चित्रेण निर्मितामिति ' विज्ञानेश्वरः । अन्तिमे पूर्वकृतं कर्म नाम सुकृतदुष्कृतात्मकम् । यथा सहस्रेषु धेनुषु वत्सः स्वमातरं विन्दति नाम प्राप्नोति तथैव पूर्वकृतं कर्म कर्तारमपि प्राप्नोति । यथोक्तमस्ति विष्णुधर्मोत्तरे –

यथा धेनुसहस्रेषु वत्सो विन्दति मातरम् ।
तथा पूर्वकृतं कर्म कर्तारं विन्दते ध्रुवम् ॥[3]
बृहन्नारदीयपुराणेऽप्युक्तमस्ति –
माभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि ।
अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम् ॥[4]

कर्मफलभोगः अवश्यं स्यात् तत्र नास्ति सन्देहः । श्रीमद्भगवद्गीतायां कर्म आश्रित्य यद्यपि बहवः विचाराः सन्ति तथापि कर्मभेदोपरि सकाम-निष्कामकर्मणोः, सञ्चित-प्रारब्ध-क्रियमाणकर्मणामपि विषयाः विचार्यन्ते । अत्र सकामकर्म नाम कामनापूर्वकं फलेच्छया क्रियमाणं कर्म । निष्कामकर्म नाम भगवतः उद्देश्येन समर्पितभावनया क्रियमाणं कर्म । सकामकर्मापेक्षया निष्कामकर्मणः महत्त्वमधिकमस्ति । नवमाध्याये श्रद्धया भगवतः कृते समर्पणभावस्तु परमकर्तव्यरूपेण बोध्यते । भगमान् पवित्रकर्तव्यस्याधारोऽस्तीति चतुर्दशाध्याये विचारोऽस्ति । भगवतः अनुकरणमवश्यं करणीयं तथा तस्मै समर्पणभावमवश्यं कर्तव्यमिति तृतीयाध्याये विचारोऽस्ति । कर्मणः फलं भगवतः कृते समर्पणीयमिति अष्टादशाध्याये विचारोऽस्ति । केवलं भगवतः कृते एव कर्म करणीयमिति एकादशाध्याये विचारोऽस्ति ।[5] कर्मणः फलं कदाचित् सञ्चित-

---

1. आ.ध.सू 2/2/4 ।
2. या.स्मृ. 2/280 ।
3. वि.ध.पु. 2/78/27 ।
4. बृ.ना.पु. 29/27 ।
5. श्री.भ.गी. 9/30-31, 14/27, 3/23, 30, 18/6, 11/55 ।

क्रियमाण-प्रारब्धरूपैर्वा आगच्छति । रामायण-महाभारतगदिग्रन्थेषु बहवः दृष्टान्ताः आगच्छन्ति । यथा दशरथ-रावण-धृतराष्ट्र-भीष्मादिचरित्रेषु ज्ञायते । गीतोक्तकर्मभेदैः सह अपरेषां शास्त्राणां समन्वयः क्रियते चेत् दृश्यते मूलविषयाः समाः सन्ति परन्तु विचारशैल्यः भिन्नाः सन्ति । सर्वे जन्तवः प्राणिनश्च स्व-स्व-कर्मणि रताः सन्ति । सनातन-बौद्ध-जैन्य-शिखादिषु सर्वेषु धर्मसम्प्रदायेषु कर्मणः महत्त्वं विद्यते । एतद्दृष्ट्वा केनापि महापुरुषेणोक्तं यत् 'नैष्कर्मणः प्रलोभनन्तु महत्प्रलोभनमस्ति ' । अनेन ज्ञायते जीवाय नैष्कर्मता तु महतीं हानीमानयति । अधुना स्थलविशेषेषु जनाः स्वल्पपरिश्रमेण बहुप्राप्तुमिच्छन्तः कुकर्मणा लिप्ताः भवन्ति । परन्तु तत्र परिणामः भयावहः भवति । कर्मोपरि मात्राधिकाशक्तत्वात् मनसि अवसादभावः आगच्छति । विश्वे अशान्तवातावरणस्य तथा मानवेषु मानसिकासन्तुलनभावस्य एते कारणे स्तः । फलाकांक्षाराहित्येन सुकर्मणा अवश्यमेव मनुष्यः उत्तमरूपेणानन्देन च स्वजीवनं निर्वहर्तुं शक्नोति । यथोक्तमस्ति श्रीमद्भगवद्गीतायां –

कर्मणैवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।
मा कर्महेतुर्भूमा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि ॥[1] इति ।

सहायकग्रन्थसूची आन्तर्जालसंकेतश्च –

1. आपस्तम्बधर्मसूत्राणि ।
2. दक्षसंहिता ।
3. धर्मशास्त्रशब्दकोशः ।
4. नारदस्मृतिः ।
5. न्यायसिन्धुमुक्तावली ।
6. पातञ्जलयोगसूत्राणि ।
7. ब्रह्मसूत्राणि ।
8. बृहदारण्यकोपनिषद् ।
9. बृहन्नारदीयपुराणम् ।
10. मनुस्मृतिः ।
11. महाभाष्यम् ।
12. याज्ञवल्क्यस्मृतिः ।
13. विष्णुधर्मोत्तरपुराणम् ।
14. वैशेषिकसूत्राणि ।
15. शांकरवेदान्तकोशः ।
16. श्रीमद्भगवद्गीता ।
17. Quora.com .

---

1. श्री.भ.गी 2/47 ।

श्रीमद्भगवद्गीता में आत्मप्रबन्धन

सरस्वती मिश्रा
शोधच्छात्रा
ई. मेल – Sarswatim160@gmail.com

शोधसार

आत्मप्रबन्धन विभिन्न परिस्थितियों में मनुष्यों द्वारा अनुभव की जाने वाली भावनाओं, विचारों तथा व्यवहार को प्रभावी रूप से नियंत्रित करने की योग्यता है । श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाएँ न केवल व्यक्तिगत विकास और नैतिक दुविधाओं के लिए प्रासंगिक हैं, अपितु आज के समय में प्रभावी प्रबंधन जैसे कि आत्म प्रबंधन के लिए भी बहुत महत्त्वपूर्ण है । इस शोधपत्र में जिसका कि शीर्षक **'श्रीमद्भगवद्गीता में आत्मप्रबन्धन'** है विश्लेषण किया गया है कि श्रीमद्भगवद्गीता किस तरह से मानव के लिए, विशेषरूप से युवावर्ग के लिए, अच्छे समाज के लिए, तथा एक संतुलित मानव जीवन के लिए उपयोगी है । इसमें आज के समय में भगवद्गीता कितना प्रासंगिक है और यह किस प्रकार से मनुष्य को आत्म प्रबन्धित होने में एक अच्छे मार्गदर्शक का कार्य करती है, बताया गया है । इस शोधपत्र में श्रीभगवदगीता के श्लोकों के माध्यम से आधुनिक परिदृश्य में आत्म प्रबंधन के व्यावहारिक अनुप्रयोग के बारे में चर्चा की गयी है।

कूट शब्द - गीता, आत्म प्रबन्धन, उपनिषद् , योग, महाभारत।

- **परिचय –**

श्रीमद्भगवद्गीता, एक प्राचीन भारतीय ग्रंथ है, जो आध्यात्मिकता से परे गहन ज्ञान प्रदान करता है। इसमें 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिए थे, वही गीता है। इसमें आत्मा, परमात्मा, भक्ति, कर्म, जीवन आदि का वर्णन किया गया है। गीता को भारतीय संस्कृति की आधारशिला कहा गया है। गीता को उपनिषदों का सार माना जाता है। इसमें लिखे गए उपदेशों का पालन करने से जीवन की कठिन परिस्थितियों से लड़ने की शक्ति मिलती है। गीता में कर्म के बारे में कहा गया है -

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि ॥[1]

श्रीमद्भगवद्गीता एक अच्छे मानव जीवन के लिए और एक अच्छे समाज के लिए एक प्रतिष्ठित मार्गदर्शन प्रदान करता है । मनुष्य जब से चिन्तन प्रारंभ करता है तभी से वह एक खोज में रहता है अपने बारे में जानने के लिए , मानव जीवन की उत्पत्ति के बारे में जानने के लिए , उसके जीवन का लक्ष्य क्या है, उसे क्या करना चाहिए इत्यादि । श्रीमद्भगवद्गीता एक सार्वकालिक मार्गदर्शक है जो कि किसी भी काल विशेष के लिए न होकर सभी कालों में समान रूप से मनुष्य को मार्गदर्शन प्रदान करता आया है और आगे भी प्रदान करता रहेगा । यह सबके लिए एक कालातीत आधार है । निःसन्देह भगवद्गीता एक अच्छा मानव बनना सिखाता है ।

गीता की भाषा जितनी सरल है, उसके भाव उतने ही गंभीर है। इसके महत्त्व को बताते हुए स्वयं श्रीकृष्ण कहते हैं-

"गीता में हृदयं पार्थ।[2]

जिस तरह वेद को अपौरुषेय अर्थात् ईश्वरकृत माना जाता है ठीक उसी प्रकार से गीता भी वेद की तरह अपौरुषेय है, क्योंकि वेद के आदेशों को यथारूप में बिना किसी मानवीय विवेचना के स्वीकार कर लिया जाता है उसी प्रकार से गीता को भी बिना किसी तर्क-वितर्क के उसे यथारूप में ग्रहण करना चाहिए। इन सबके अतिरिक्त गीता की सबसे बड़ी विशेषता यह भी है कि यह ग्रन्थ की अपेक्षा वैयक्तिक की अनुभूति पर अधिक बल देती है। गीता किसी भी संप्रदाय विशेष का मान्य ग्रन्थ नहीं है, अपितु यह संस्कृत साहित्य का लोक मान्य अनमोल रत्न रूपी एक धार्मिक ग्रन्थ है। गीता एक ऐसा धर्मग्रन्थ है जिसके अंदर सभी सम्प्रदायों की विचारधारा का समन्वयात्मक समावेश है।

गीता एक ऐसी ज्ञान की गङ्गा है जिसकी विचारधारा में सम्पूर्ण आध्यात्मिक सत्य और उसकी सहज अनुभूतियों की लहरें हमें परिलक्षित होती दिखाई देती हैं, भगवान श्री कृष्ण हैं कहते हैं कि इस संसार में जब भी और जहाँ पर भी धर्म का

---

[1] श्रीमद्भगवद्गीता – 2.47

[2] भारतीय दर्शन – डॉ. जगदीश मिश्र – पृष्ठ संख्या 94

पतन होता है या धर्म का पतन होगा तथा उसके स्थान पर अधर्म अत्यधिक रूप से बढ़ने लगता है तो मैं उस अधर्म को रोकने के लिए अवतार रूप में आता हूँ-

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।[1]

आत्मप्रबन्धन – आत्मप्रबन्धन का अर्थ है , अपने विचारों , भावनाओं और व्यवहार को इस तरह से नियंत्रित करना कि मनुष्य अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सके । आत्मप्रबन्धन विभिन्न परिस्थितियों में मनुष्यों द्वारा अनुभव की जाने वाली भावनाओं, विचारों तथा व्यवहार को प्रभावी रूप से नियंत्रित करने की योग्यता है । इसमें तनाव प्रबंधन, अपने आप को प्रेरित रखना , तथा व्यक्तिगत शैक्षिक और नौकरी संबंधित लक्ष्यों को स्थापित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए कार्य करना समाहित है । आत्म प्रबन्धन जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में काम आता है तथा यह जीविका प्राप्त करने तथा सफल जीवन और सम्पूर्ण कल्याण के लिए भी महत्वपूर्ण घटक हो सकता है ।

- **भगवद्गीता में संज्ञानात्मक और भावनात्मक तत्र**

श्रीमद्भगवद्गीता में इंद्रियों के पदानुक्रम के बारे में बताते हुए गीता के तीसरे अध्याय जिसका कि नाम कर्मयोग है, कहा गया है कि इंद्रियों से श्रेष्ठ मन है, मन से श्रेष्ठ बुद्धि है, और बुद्धि से श्रेष्ठ आत्मा है। प्रस्तुत श्लोक के माध्यम से श्रीकृष्ण भगवान साधनों में श्रेष्ठता के क्रम की व्याख्या करते हैं-

इन्द्रियाणि पराण्याहुरिन्द्रियेभ्यः परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः॥[2]

जीवात्मा कान, आँख, त्वचा, रसना, नाक और मनके माध्यम से ही विषयों अर्थात् शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध आदि का सेवन करता है। चेतन को मूलतः जल के समान माना जा सकता है, जैसे जल में रंग मिला देते हैं, तो उसका रंग बदल जाता है। इसी प्रकार से चेतना भी शुद्ध है, क्योंकि आत्मा शुद्ध है , लेकिन भौतिक गुणों की संगति के अनुसार चेतना जल में रंग की भांति बदल जाती है।

---

[1] श्रीमद्भगवद्गीता – 5.7

[2] श्रीमद्भगवद्गीता – 3- 42

श्रोत्रं चक्षुः स्पर्शनं च रसनं घ्राणमेव च
अधिष्ठाय मनश्चायं विषयानुपसेवते।।[1]

श्रीकृष्ण अर्जुन को कर्मयोग की व्याख्या करते हुए समझाते हैं कि कोई भी व्यक्ति एक क्षण के लिए भी कर्म किए बिना नहीं रह सकता-

न हि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः ।।[2]

आत्मा की भूमिका

आत्मा की भूमिका के बारे में श्रीमद्भगवद्गीता के पंद्रहवें अध्याय जिसका कि नाम पुरुषोत्तमयोग है श्रीकृष्ण कहते हैं कि

श्रोत्रं चक्षुः स्पर्शनं च रसनं घ्राणमेव च।
अधिष्ठाय मनश्चायं विषयानुपसेवते ॥[3]

मन प्रकृति का हीं उत्पाद है इसको बताते हुए कहा गया है कि

भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च।
अहङ्कार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा ॥[4]

भगवान् श्रीकृष्ण प्रकृति के तीन गुणों के बारे में बताते हुए कहते हैं कि हैं सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण ये प्रकृति से उत्पन्न तीनों गुण अविनाशी जीवात्मा को शरीर में बांधते हैं । भौतिक प्रकृति तीन गुणों से युक्त है। भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं कि जब शाश्वत जीव प्रकृति के संसर्ग में आता है, तो वह इन गुणों से बंध जाता है । प्रकृति द्वारा बद्ध किए गए जीव कई प्रकार के होते हैं । कोई सुखी होता है , कोई अत्यंत कर्मठ होता है तो कोई असहाय होता है । इस प्रकार के मनोभाव हीं प्रकृति में जीव की बद्धावस्था के कारणस्वरूप हैं । सत्त्वगुण के बारे में बताते हुए श्री कृष्ण कहते हैं कि

तत्र सत्त्वं निर्मलत्वात्प्रकाशकमनामयम् ।
सुखसङ्गेन बध्नाति ज्ञानसङ्गेन चानघ ॥[1]

---

[1] श्रीमद्भगवद्गीता – 15- 9

[2] श्रीमद्भगवद्गीता – 3-5

[3] श्रीमद्भगवद्गीता –15-9

[4] श्रीमद्भगवद्गीता – 7-4

उन तीनों गुणों में सत्त्वगुण तो निर्मल होने के कारण प्रकाश करनेवाला और विकाररहित है,वह सुख के सम्बन्ध से और ज्ञानके सम्बन्ध से अर्थात् उसके अभिमान से बाँधता है, किन्तु रजोगुण की उत्पत्ति असीम आकांक्षाओं तथा तृष्णाओं से होती है और इसी के कारण से यह देहधारी जीव सकाम कर्मों से बंध जाता है। रजोगुण के बारे में इस प्रकार कहा गया है -

रजो रागात्मकं विद्धि तृष्णासङ्गसमुद्भवम् ।
तन्निबध्नाति कौन्तेय कर्मसङ्गेन देहिनम् ॥[2]

अर्थात् रागरूप रजोगुण को कामना और आसक्ति से उत्पन्न जानना चाहिए। वही इस जीवात्मा को कर्मों और उनके फलों के साथ बाँधता है। वहीं तमोगुण के बारे में इस प्रकार श्रीकृष्ण द्वारा कहा गया है कि

तमस्त्वज्ञानजं विद्धि मोहनं सर्वदेहिनाम् ।
प्रमादालस्यनिद्राभिस्तन्निबध्नाति भारत ॥[3]

अर्थात् सब देहाभिमानियों को मोहित करनेवाले तमोगुण को तो अज्ञान से उत्पन्न जानना चाहिए, क्योंकि वही इस जीवात्मा को प्रमाद, आलस्य और निद्रा के साथ बाँधता है। फिर तीनों गुणों के बारे में बताते हुए कहा गया कि-

सत्त्वं सुखे सञ्जयति रजः कर्मणि भारत ।
ज्ञानमावृत्य तु तमः प्रमादे सञ्जयत्युत ॥[4]

सत्त्वगुण की अभियक्ति को तभी अनुभव किया जा सकता है, जब शरीर के सारे द्वार ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित हों । रजोगुण में वृद्धि होने पर अत्यधिक आसक्ति, सकाम कर्म उत्पन्न होता है । वहीं जब तमोगुण में वृद्धि हो जाती है तो जड़ता, प्रमत्तता तथा मोह का प्राकट्य होने लगता है । निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि सत्त्वगुण से वास्तविक ज्ञान उत्पन्न होता है , रजोगुण से लोभ उत्पन्न होता है, तथा तमोगुण से अज्ञान, प्रमाद और मोह उत्पन्न होता है । इसी को लक्षित करते हुए गीता में कहा गया है -

सत्त्वात्सञ्जायते ज्ञानं रजसो लोभ एव च।

---

[1] श्रीमद्भगवद्गीता – 14-6

[2] श्रीमद्भगवद्गीता – 14-7

[3] श्रीमद्भगवद्गीता – 14-8

[4] श्रीमद्भगवद्गीता – 14-9

प्रमादमोहौ तमसो भवतोऽज्ञानमेव च ।।[1]

मन पर नियंत्रण

मनुष्य का मन नियंत्रित नहीं रहता है उसके पीछे कई कारण हैं जिसमें कि प्रथम है भ्रम। मनुष्य भ्रम में पड़ा रहता है कि यह अपना है, यह पराया है, और इसी के कारण उसे विषाद होता है जिससे कि वह अपने कर्तव्यों से विमुख हो जाता है । वह निर्णय नहीं ले पाता है कि क्या सही है और क्या गलत । इसी बात को महाभारत में दिखाया गया है कि जिस प्रकार मोह में पड़कर अपने भतीजों को पराया और दुर्योधन को अपना मानकर पथ से भ्रष्ट हुआ धृतराष्ट्र यदि चाहता तो युद्ध टाल सकता था किन्तु पुत्रमोह में पड़कर गलत निर्णय लेता है। इसी मोह में पड़कर अर्जुन क्षत्रिय होते हुए भी युद्ध नहीं चाहता है । वह कहता है कि यदि शस्त्रधारी धृतराष्ट्र के पुत्र मुझ निहत्थे तथा रणभूमि में प्रतिरोध न करने वाले को मारे तो यह मेरे लिए श्रेयस्कर होगा। मनुष्य के लिए सबसे बड़ी दुविधा यही है कि वह नहीं जानता कि आगे जो वो करने वाला है उसमें उसकी जीत होगी या नहीं, वह कार्य जिसको वह करना चाहता है उसके लिए श्रेयस्कर है या नहीं । इसी दुविधा को बताते हुए अर्जुन कहता है कि

न चैतद्विद्मः कतरन्नो गरीयो, यद्वा जयेम यदि वा नो जयेयुः ।
यानेव हत्वा न जिजीविषामस्तेऽवस्थिताः प्रमुखे धार्तराष्ट्राः ।।[2]

मनुष्य भ्रम में पड़कर उचित और अनुचित में भेद करने में समर्थ नहीं हो पाता है । श्रीकृष्ण कहते हैं कि जो इस कृष्णभावनामय मार्ग पर चलते हैं वे प्रयोजन में दृढ़ रहते हैं और उनका लक्ष्य भी एक होता है , किन्तु जो दृढ़ प्रतिज्ञ नहीं हैं उनकी बुद्धी अनेक शाखाओं में विभक्त रहती है और इसी कारण वे उचित निर्णय लेने में समर्थ नहीं हो पाते हैं। उनमें इंद्रिय भी एक कारण है । आसक्ति का नाश न होने के कारण ये प्रमथनस्वभाव वाली इंद्रियाँ यत्न करते हुए बुद्धिमान पुरुष के मन को भी हर लेती है । इसी का उदाहरण इस प्रकार दिया गया है –

इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनोऽनुविधीयते ।
तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि ।।[3]

---

[1] श्रीमद्भगवद्गीता – 14-17

[2] श्रीमद्भगवद्गीता – 2-6

[3] श्रीमद्भगवद्गीता – 2-67

अर्थात् जैसे जल में चलनेवाली नाव को वायु हर लेती है, वैसे ही विषयों में विचरती हुई इंद्रियों में से मन जिस भी इन्द्रिय के साथ रहता है वह एक ही इन्द्रिय इस अयुक्त पुरुष की बुद्धी को हर लेती है । अर्जुन के पूछने पर कि यह मनुष्य स्वयं न चाहता हुआ भी बलात् लगाए हुए की भांति किससे प्रेरित होकर पाप का आचरण करता है का उत्तर देते हुए कहते हैं कि

काम एष क्रोध एष रजोगुणसमुद्भवः ।
महाशनो महापाप्मा विद्ध्येनमिह वैरिणम् ॥[1]

अर्थात् रजोगुण से उत्पन्न हुआ यह काम ही क्रोध है। जिस प्रकार धुएं से अग्नि और मैल से दर्पण ढका जाता है तथा जिस प्रकार जेर से गर्भ ढका रहता है वैसे हीं काम के द्वारा यह ज्ञान ढक जाता है। अतः मनुष्य को काम क्रोध तथा लोभ को त्याग देना चाहिए क्योंकि ये हीं नरक के द्वार होते हैं अर्थात् मनुष्य को अधोगति में ले जाने वाले होते हैं ।

मन को नियंत्रित करने के उपाय

मन को नियंत्रित करने के उपायों के बारे में बताते हुए गीता में कहा गया है कि ध्यान करते समय बहुत सी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है क्योंकि मन बहुत चंचल है । इसको वश में करना वायु को रोकने की भांति अत्यंत दुष्कर है । इसी को लक्ष्य करते हुए गीता में इस प्रकार कहा गया है -

चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम् ।
तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम् ॥[2]

इसीलिए अभ्यास के द्वारा हीं ऐसा करना संभव है -

अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते ॥[3]

मन को नियंत्रित करने की विधियाँ

---

[1] श्रीमद्भगवद्गीता – 3-37

[2] श्रीमद्भगवद्गीता – 6-36

[3] श्रीमद्भगवद्गीता – 6-35

मन को वश में करने की विधि बताते हुए षष्ठ अध्याय जिसका कि नाम ध्यानयोग है में कहा गया है कि शुद्ध भूमि में, जिसके ऊपर क्रमशः कुश, मृगछाला और वस्त्र बिछे हैं, जो न बहुत ऊंचा और न बहुत नीचा हो, ऐसे अपने आसन को स्थिर करके, उस आसन पर बैठकर चित्त और इंद्रियों की क्रियाओं को वश में रखते हुए मन को एकाग्र करके अन्तः करण की शुद्धि के लिए व्यक्ति को योग का अभ्यास करना चाहिए । व्यक्ति को काया, सिर और गले को समान एवं अचल धारण करके और स्थिर होकर, अपनी नासिका के अग्रभाग पर दृष्टि जमाकर, अन्य दिशाओं की ओर न देखता हुआ, भयरहित तथा शान्त अन्तःकरण से युक्त होकर मन को रोककर ईश्वर में चित्तवाला होने का प्रयास करना चाहिए।

प्रशान्तात्मा विगतभीर्ब्रह्मचारिव्रते स्थितः ।
मनः संयम्य मच्चित्तो युक्त आसीत मत्परः ॥[1]

पुनः श्रीकृष्ण कर्म की महत्ता बताते हुए कहते हैं कि

नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः ।
शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्ध्येदकर्मणः ॥[2]

अर्थात् शास्त्रविहित कर्तव्य कर्मों को करना चाहिए क्योंकि कर्म न करने की अपेक्षा कर्म करना श्रेष्ठ है तथा कर्म न करने से शरीर-निर्वाह भी सिद्ध नहीं होता है । कर्म के विषय में उपनिषदों में भी कहा गया है

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः ।[3]

मन पर आहार अर्थात् भोजन का प्रभाव भी सीधा पड़ता है । इसीलिए ऐसा भोजन करना चाहिए जो आयु, बुद्धी, बल, आरोग्य, सुख और प्रीति को बढानेवाले, रसयुक्त, चिकने और स्थिर रहने वाले तथा स्वभाव से हीं मन को प्रिय लगने वाला हो । कडवे, खट्टे, लवणयुक्त, बहुत गरम, तीखे, रूखे , दाहकारक भोजन नहीं लेना चाहिए क्योंकि ये दुःख तथा रोगों को उत्पन्न करने वाले आहार होते हैं। वहीं जो भोजन अधपका, रसरहित, दुर्गंधयुक्त, बासी और उच्छिष्ट हों वे तो पूर्ण रूप से अपवित्र होते हैं । उन्हे तो कदाचिद् ग्रहण नहीं करना चाहिए, ऐसा भोजन तामस पुरुष को प्रिय होता है ।

---

[1] श्रीमद्भगवद्गीता – 6-14

[2] श्रीमद्भगवद्गीता – 3-8

[3] ईशावास्योपनिषद – 2

शारीरिक व मानसिक अनुशासन

शारीरिक व मानसिक अनुशासन व्यक्ति के लिए बहुत आवश्यक है। शारीरिक अनुशासन को बनाए रखने के लिए मनुष्य को देवता, ब्राह्मण, गुरु और ज्ञानीजनों का पूजन करना चाहिए, पवित्रता, सरलता, ब्रह्मचर्य और अहिंसा का पालन करना चाहिए इसी को लक्ष्य करते हुए गीता में कहा गया है कि -

देवद्विजगुरुप्राज्ञपूजनं शौचमार्जवम् ।
ब्रह्मचर्यमहिंसा च शारीरं तप उच्यते ।।[1]

वाणी-सम्बन्धी तप के बारे गीता में इस प्रकार कहा गया है -

अनुद्वेगकरं वाक्यं सत्यं प्रियहितं च यत् ।
स्वाध्यायाभ्यसनं चैव वाङ्मयं तप उच्यते ।।[2]

मनसम्बन्धी तप के बारे में इस प्रकार कहा गया है -

मनःप्रसादः सौम्यत्वं मौनमात्मविनिग्रहः।
भावसंशुद्धिरित्येतत्तपो मानसमुच्यते ॥[3]

शारीरिक, मानसिक व वाणी सम्बन्धी अनुशासन के लिए उपरोक्त दिए गए कर्मों को करने से मनुष्य अपने आपको नियंत्रित करने में समर्थ हो पाएगा । अतः किसी भी मनुष्य को उपरोक्त दिए गए कर्मों को करना चाहिए ।

आत्म प्रबन्धन हेतु भक्तिमार्ग

भक्ति अर्थात् ईश्वर की भक्ति, मनुष्य जो भी कर्म करे वो सब भगवान को अर्पण कर दे, ऐसे सन्यासयोग से युक्त चित्तवाला शुभाशुभ फलरूप कर्मबंधन्धन से मुक्त हो जाएगा और उनसे मुक्त होकर भगवान को हीं प्राप्त होगा । जो मनुष्य नैतिक गुणों का अर्जन करके, द्वेषभाव से रहित होकर, स्वार्थरहित, अहंकार से रहित, सुख- दु:खों की प्राप्ति में समान एवं क्षमावान होता है तथा जो मन-इन्द्रियों सहित शरीर को वश में करके ईश्वर में दृढ़ निश्चयवाला हो जाता है। इसमें कोई भी जीव उद्वेग को प्राप्त नहीं होता और स्वयं भी किसी जीव से उद्वेग को प्राप्त

---

[1] श्रीमद्भगवद्गीता –17-14

[2] श्रीमद्भगवद्गीता – 17-15

[3] श्रीमद्भगवद्गीता – 17-16

नहीं होता है, जो निन्दा स्तुति को समान समझने वाला, ममता और आसक्ति से रहित होकर , सबको समान रूप से देखने के कारण अपने व पराए में भेद नहीं करता है, उसकी बुद्धि निर्मल और स्वच्छ हो जाती है । वह सभी प्रकार की चिन्ताओं से मुक्त होकर आत्मनिष्ठ हो जाता है ।

निष्कर्ष-

निष्कर्ष के रूप में हम यह कह सकते हैं कि श्रीमद्भागवद्गीता आज के समय में सभी मनुष्यों के लिए विशेष रूप से युवावर्ग के लिए बहुत हीं उपयोगी तथा प्रासंगिक है। जहां एक ओर मनुष्य मोहवश या अज्ञानवश या अन्य कारणों से जैसे अत्यधिक चिन्ता या भयवश, अपने मन पर नियंत्रण नहीं कर पाता है, विषयों की ओर भागता है, अपने कर्तव्यों से विमुख हो जाता है तथा अनुचित निर्णय ले लेता है वहीं यदि वह श्रीमद्भगवद्गीता में बताए मार्ग पर चले जिसमें कि उचित आहार, ध्यान, शारीरिक व मानसिक अनुशासन की विधियाँ बताई गई हैं तो वह अपने मन को नियंत्रित कर पाएगा। इसके अतिरिक्त यदि व्यक्ति ये सब करने में पूर्ण रूप से समर्थ नहीं हो पा रहा हो तो वह यदि अपने सभी कार्यों भगवद् भावना में रहकर करे अर्थात् अपने सभी कर्मों को ईश्वर को अर्पण कर दे तो व्यक्ति सभी प्रकार के बन्धन से मुक्त होकर बिना किसी भ्रम, भय या चिन्ता के उचित निर्णय ले पाएगा। वह सभी चिन्ताओं से मुक्त होकर अपने मन पर नियंत्रण करने में समर्थ हो पाएगा तथा आत्मनिष्ठ हो पाएगा अर्थात् सुचारु रूप से आत्मप्रबंधन कर पाएगा ।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची –

1. श्रीमद् ए. सी. भक्तिवेदान्त स्वामि प्रभुपाद, श्रीमद्भगगीता यथारूप, भक्ति वेदान्त बुक ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित।
2. आचार्य महामण्डलेश्वर श्री 108 महेशानन्द गिरी, ईशावास्योपनिषद्, श्रीदक्षिणामूर्ति मठ प्रकाशन,वाराणसी 221010
3. डॉ. जगदीशचन्द्र मिश्र, भारतीय दर्शन, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी 221001

श्री मद्भागवत गीता में सांख्य के तत्वों का विवेचन

काशीराम
शोधच्छात्र
संस्कृत विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय

प्रस्तावना

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद दुःखभागभवेत्।।[1]

सम्पूर्ण भारतीय साहित्य में श्रीमदभगवद्गीता का अति महत्वपूर्ण स्थान हैं। यह भगवान श्री कृष्ण के मुखारविन्द से निकला सुधारूपी गीत काव्य हैं **"यास्वयं पद्मनाभसथ मुखपद्माद्विनिः सृता"** इसलिये इस दिव्य ग्रन्थ का नाम **श्रीमद्भगवद्गीता** हैं। यह महार्षि वेदव्यास द्वारा विरचित महाभारत रूपी सागर का अमृत हैं- **"भारतामृतर्स्वस्वम्"।** भगवान श्री कृष्ण भगवान ने कुरूक्षेत्र की युद्व भूमि में मोहवश अपने धर्मयुद्व रूपी कर्म से विमुख हुये अुर्जन को जो उपदेश दिया हैं वह किसी धर्म, जाति व समुदाय के लिये नहीं हैं। अपितु यह तो मानवमात्र के लिये हितकर एकअद्भुत संदेश हैं । गीता मानव को अपने अपने कर्म में प्रवृत करने की सत्प्रेरणा देती हैं। यह सम्पूर्ण ग्रन्थ १८ अध्यायों में विभक्त हैं। प्रत्येक अध्याय अपने भीतर नवीन विषय और नवीन दर्शन समाहित किए हुए हैं। मुख्य शब्द - सांख्य योग, आत्मतत्व का श्रवण, मनन, निदिध्यासन, कर्मयोग स्वरूप अर्चस, कर्त्ता, ब्राही स्थिति श्री मद्भगवत् गीता का विषय के साहित्य में ऊचा स्थान हैं। गीता समस्त शास्त्रों का सार हैं। यह व्यवहारयोग और कतर्त्यशास्त्र की सबसे बडी खान हैं। यह भारत का राष्ट्रीय धर्म ग्रन्थ हैं।गीता में ज्ञान कर्म और भक्ति की

---

[1] वृहदारण्यक् उपनिषद

त्रिवेणी समान्तर रूप से प्रवाहित हो रही हैं। महाभारत के १८ पर्वो में गीता ने जो ख्याति प्राप्त की हैं। वह विश्व में दुलर्भ हैं। यह एक ऐसा ग्रन्थ हैं जिसे सवर्धा सत्य मानकर लोग इस पर हाथ रखकर सत्य की सौगन्ध खाते हैं। महार्षि कृष्ण भगवान द्वैपायन वेद व्यास विलिखित योगिराज श्री कृष्ण भगवान प्रोक्त यह ग्रन्थ अनुपम एवं अद्वितीय हैं। इसमें कहीं कर्म योग, कहीं ज्ञान योग, कहीं ध्यान योग कहीं भक्ति योग तथा कंही संख्य योग में मौक्तिक यन्त्र-तन्त्र बिखरे हुये हैं। इस ग्रन्थ का मूल उद्देश्य दोनों सेनाओं के मध्य अर्जुन को हुये शोक विशाद का निवारण तथा संसार की सत्यता का दर्शन, शरीर और आत्मा के सम्बन्ध के यर्थाथ स्वरूप का भान करवा रहा हैं। श्रीमद्भगवद्गीता का द्वितिय अध्याय **"सांख्ययोग"** हैं। इस अध्याय में शरणागत अर्जुन द्वारा अपने शोक की निवृति के लिये एकान्तिक उपाय पूछे जाने पर भगवान श्री कृष्ण भगवान ने आत्मतत्व का वर्णन किया हैं। सांख्ययोग के साधन में आत्मतत्व का श्रवण मनन निदिध्यासन ही मुख्य हैं। यधपि इस अध्याय में स्वधर्म का वर्णन करनके कर्मयोग स्वरूप भी समझाया गया हैं। परन्तु उपदेश का आरंभ सांख्ययोग से ही हुआ हैं।

तीनों गुणों का विवेचन-

वेद सत्व ,रज,तम इन तीनों गुणों के कार्यों को त्रैगुण्य् कहते हैं जो सारे भोगों तथा उनके साधनों का प्रतिपादन करने वालें हैं । इसीलिये मनुष्य को भोगों एवं उनके साधनों में आसक्ति से रहित हर्ष्- शोक आदि द्वन्द्वों से परे नित्य वस्तु परमात्मा में लीन रहने वाला योग और क्षेम की लालसा से रहित तथा जितेन्द्रय बनना चाहिये ।

त्रैगुण्यविषय वेदा निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन ।
निर्द्वन्द्वो नित्यसत्वस्थो निर्योगक्षेम आत्मवान[1] ॥

मनुष्य का चारों ओर जल से भारे विशाल तालाब के प्राप्त हो जाने पर छोटे जालाशय में जितना प्रयोजन रहता हैं ब्रह्म तत्व को जानने वाले ब्राह्मण का भी सभी वेदों में उतना ही रहता हैं।

यावार्थ उदापाने सर्वतः सम्प्लुतोदके ।
तावान्सर्वेषु वेदेषु ब्राह्मणस्य विजानतः ॥[1]

---

[1] गीता २.४५

इसी तरह पूर्ण परमानन्द परमात्मा की प्राप्ति हो जाने पर व्यक्ति को संसारिक सुख के साधन भूत वेदों के अंशो की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती हैं वह पूर्ण निस्त्रैगुण्य् हो जाता हैं ।

आत्मा के स्वरूप का विवेचन-

न जायते मियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणों न हन्यते हन्यमाने शरीरे[2] ।।

यह आत्मा किसी भी काल में न जन्म लेता हैं न मरता हैं। अथवा न होकर फिर होने वाला हैं। यह आत्मा तो अजन्मा नित्य, शाश्वत और पुरातन हैं जैसे इस शरीर में कुमारावस्था, युवावस्था और जरावस्था आती हैं वैसे ही आत्मा एक शरीर के बाद दूसरा शरीर बदलती रहती हैं श्री कृष्ण भगवान अर्जुन को समझाते हैं कि तु युद्व क्षेत्र में भीश्मादि को देखकर दुखी मत हो, यदि युद्व में ये मर भी जायेगें तो केवल शरीर नश्ट होगा, उसमें विधमान आत्मा नहीं क्यों कि आत्मा जन्म मरण के धर्म से रहित हैं । यह जन्म न लेने वाला सदैव रहने वाला तथा अत्यन्त पुरातन हैं

देहिनोऽस्मिन्यथा देहे कौमारं यौवनं जरा,
तथा देहान्तर प्राप्ति धीरस्तत्र न मुह्याति।।[3]

जब जीवात्मा जन्म लेता हैं तो इस शरीर में प्रकार के बदलाव आते हैं जैसे बालकपन, युवावस्था और वृध्दावस्था तीन अवस्थायें हैं। इसमें शरीर बदलता हैं आत्मा नहीं इस प्रकार देहान्तर की प्राप्ति एक चौथी अवस्था हैं इसलिये बुद्विमान इसमें धोखा नहीं खाता हैं । क्योकि **जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।[4]** जन्म लेने वाले कि मृत्यु निश्चित हैं ।

यं हि न व्ययन्येते पूरुष पूरुषर्ष्भ।
समसुख दख धीर सोऽमृतवाय कल्पते।।[5]

---

[1] गीता २.४६
[2] गीता २.२०
[3] गीता २.१३
[4] गीता २.२७
[5] गीता २.१५

अर्थात जिस धीर पूरुष ने अपने आपको सुख दुख दोनों अवस्थाओं में समान रखना सीख लिया हैं उसने पूर्वोक्त श्लोक में वर्णित मात्रा स्पर्शादि व्यथित नहीं कर सकते तथा वही व्यक्ति अमृत पदवी पाने में समर्थ होता हैं। जो मानव सब कामनाओं को छोडकर स्पृहा हित होकर ममता रहित तथा अंहकार रहित होकर विचारता हैं वही शान्ति पाता हैं यथाः

ईशा वास्यमिदंसर्व यत्किच जगत्यां जगत्।
तेन यक्तेन भुस्जीया भागृध कस्यस्विद् धनभ्[1]।।

ईश्वर भक्त सभी प्रकार के पापों से मुक्त हो जाते हैं क्योंकि वे यज्ञ में अर्पित किये भोजन को ही ग्रहण करते हैं। अन्य लोग जो अपने निमित इन्द्रियसुख के लिये भोजन ग्रहण करते हैं वे निश्चित रूप से पाप खाते हैं।

सुख दुःखे समें कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ।
ततो युद्वाय युज्यस्व नैंव पापमवाप्सयासि[2]।।

श्री कृष्ण भगवान अर्जुन से कहते हैं कि युद्व होगा तो जय होती हैं अथवा पराजय हो, जय से लाभ और पराजय से हानि होती हैं। लाभ से सुख और हानि से दुख होता हैं। परन्तु तुम्हें सुख-दुख, जय-पराजय में समभाव रखता हुआ क्षत्रियधर्मानुकूल युद्व करने पर तू पाप का भागी नहीं बनेगा।

मोधमन्न विन्दते अप्रचेता सत्य ब्रवीमि वध इत सतस्त ।
नार्यमंण् पुष्यति नो सखायं केवलाधो भवति केवलादी[3] ।।

अर्थात संसार में जो अकेला अन्य का उपभोग करता हैं वह मूढ़ पापपूर्ण अन्न का ही सेवन करता हैं जो अन्न भाग से न राजा को पुश्ट करता हैं और न ही समय पर मित्र की सहायता करता हैं। वह केवल पाप का ही सेवन करता हैं। यह सत्य हैं कि उसका विनाश निश्चित हैं।

मन के स्वरूप का विवेचन-

कहा भी गया हैं कि मन से संयुक्त एक ही इन्द्रिय साधक की बुध्दि को भटका देती हैं तो फिर सारी इन्द्रियों का क्या कहा जायें-

---

[1] ई.श. उपनिषद् १.१

[2] गीता २.३८

[3] ऋ०१०११७.६

इन्द्रियाणा हि चरतां यन्मनोऽनु विधीयते ।
तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावामिवाभ्भसि ॥[1]

जल में जैसे वायु नौका को हर ले जाती हैं वैसे हि विषयों में विचरण करती हुई इन्द्रियों में से जिस के साथ मन जुडा रहता हैं , वह एक ही इन्द्रिय इस बुध्दि का हरण कर लेती हैं।

बुद्धि के स्वरूप का विवेचन-

सम बुध्दिवाला व्यक्ति अर्थात निष्कामकर्म योगी पुण्य और पाप- दोनों को इसी लोक में त्याग देता हैं। इसीलिये मनुष्य को समतत्व योग में लग जाना चाहियें क्योकि योग कर्मों में कुशलता हैं।

बुध्दियुक्तो जहातीह उभे सुकृतदुष्कृते।
तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम् ॥[2]

और भी कहा गया हैं कि - जिस समय मनुष्य की बुध्दि मोहरूप के दलदल को भलि-भाँति पार कर जायेगी ,उस समय मनुष्य सुने हुए तथा सुनने योग्य इस लोक तथा परलोक समबन्धी सभी भोगों से वैराग्य को प्राप्त हो जाओगे।

यदा ते मोहकलिलं बुद्धिर्व्यतितरिष्यति।
तदा गन्तासि निर्वेदं श्रोतव्यस्य श्रुतस्य च ॥[3]

इस प्रकार जब स्थिर प्रज्ञबुध्दि जब फिर से मन को निश्चिय में सच्चिदानन्द मय परमात्मा से भिन्न और कोई वस्तु नही हैं इसका ज्ञान कर लेती हैं तब मोह मुक्त हो जाती हैं।

अहंकार के स्वरूप का विवेचन –

अहंकारी मनुष्य शरीर को आत्मा से भिन्न नही मानता हैं और वह शरीर के दुःखो को आत्मा का दुःख मानता हैं और जो व्यक्ति अहंकार भावना से रहित रहता हैं वह ही परमात्म तत्व को प्राप्त करता हैं यथा -

---

1 गीता २.६७

2 गीता २.५०

3 गीता २.५२

विहाय कामान्यः सर्वान्पुमांश्चरति निःस्पृहः।
निर्ममो निरहंकारः स शान्तिमधिगच्छति ॥[1]

जो मनुष्य सभी कामानओं को छोडकर ममताशून्य अहंकाररहित और स्पृहाविहीन होकर विचरण करता हैं, वह शान्ति को प्राप्त करता हैं ।

कर्म के स्वरूप का विवेचन –

गीता अपने कर्म से च्युत मनुष्य को ज्ञान का उत्कृष्ट उपदेश देती हैं। गीता कहती हे कि शरीर नश्वर हैं तथा इसमें विद्यमान आत्मा अजर, अमर तथा अविनाशी हैं। अत : देह के प्रति आसक्ति का त्याग कर आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिये प्रयत्न करना चाहिए क्यों कि इससें ही परम शान्ति प्राप्त होती हे।

सर्वधर्मान् परित्यन्य मामेंकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः।।[2]

सम्पूर्ण धर्मोंका आश्रय छोड़कर तू केवल मेंरी शरणमें आ जा। मैं तुझे सम्पूर्ण पापों से मुक्त कर दूँगा, चिन्ता मत कर । इस प्रकार गीता में कर्म भक्ति और ज्ञान का अद्भुत समन्वय हैं। तीनों ही मार्ग एक दूसरे के पूरक हैं।गीता के महत्व के विषय में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गीता रहस्य में लिखा हैं। भक्ति और ज्ञान का मेंल कराके, इन दोनों का शास्त्रोक्त व्यवहार के साथ संयोग करा देने वाला और इसके द्वारा संसार से दुखित मनुष्यों को शान्ति देकर, निष्काम कर्तव्य के आचरण में लगा देने वाला, गीता के समान बालबोध ग्रन्थ, संस्कृत की कौन कहे, समस्त संसार के साहित्य में नहीं मिल सकता हैं ।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलेहतुर्भूर्मा ते संगोस्त्वकर्मणि[3] ।।

अर्थात कर्म करने में ही तेरा अधिकार हैं फल में नहीं इस गीता के श्लोक का आर्विभाव साक्षात वेद से ही प्रतीत होता हैं जैसा कि यर्जुवेद का कथन हैं। कि -

---

1 गीता २.७१

2 गीता १८.६६

3 गीता २. ४७

कुर्वन्नैवेह कर्माणि जिजिविशेच्छतं समां ।[1]

अर्थात हे मानव तू उतम यजादि कर्म करते हुए सौ वर्श जीने की इच्छा कर यही तेरे लिये उचित हैं। इससे भिन्न मार्ग तेरे लिये उचित नहीं हे। इस प्रकार का जीवन जीत हुये तुझमें कर्मो का लेप अर्थात बन्धन नही होगा। वेद बिना जाति भेद वर्णभेद के सबके लिये संगठन की बात करता हैं वेद भी गुण कर्मानुसार वर्णव्यवस्था की बात करते तथा गीता में श्री कृष्ण भगवान भी साक्षात गुण कर्म स्वभाव के अनुसार वर्ण स्थापना की स्वीकार करते हैं इन्हीं सामानताओं के आधार पर गीता को गीतोपनिषद् के नाम से जाना जाता हे गीता मनुष्य का ध्यान कर्म पर केन्द्रित करता हैं परन्तु साधारण व्यक्ति अपना ध्यान कर्मफल पर केन्द्रित रखते हैं परिणाम यह होता हैं कि कर्म पर पूरा ध्यान केन्द्रित न होने के कारण कर्म अधूरा रह जाता हैं जिसके परिणामस्वरूप फल भी अधूरा रहा जाता हैं। इसलिये फलासक्त मनुष्य दुःख अशान्ति और मानसिक दबाव में डुबकर अपना जीवन नरक बना लेता हैं। जब कि निष्काम कर्म करने वाले व्यक्ति के जीवन में कुछ विशेषताएं पैदा हो जाती हैं। जब मनुष्य निष्काम भाव में होता हैं। तब फल का लोभ न होने से वह बुरे काम कर ही नहीं पाता। सत्कर्म और दुष्कर्म से उपर उठ जाता हैं। सकाम व्यक्ति अच्छा फल पाने के लिये अच्छा कर्म करता हैं परन्तु निष्काम व्यक्ति की ऐसे सत्कर्म में कोई आसक्ति नहीं होती ।

वह तो अपने कर्तव्य कर्म को ही पूर्ण कुशलता और पूर्ण उर्जा के साथ करता हैं। कर्मफल त्याग का अर्थ कर्म का त्याग नहीं अपितु कर्म को और भी अधिक कुशलता और चतुराई से करना हैं। इसे ही गीता में **"योगः कर्मसु कौशलम्"** कहा गया हैं।

परमात्मतत्व के स्वरूप का विवेचन -

गीता की तरह ही उपनिषदों में भी परामात्म तत्व प्राप्ति का साधन पुविपासना को बताया गया हैं। कठोपनिषद् में कहा गया हैं यह औंकार ही ब्रह्म हैं, नित्य हैं सनातन हैं। **"आत्मा रथिनं विद्विण् शरीर रथः बुद्वि सारथी, इन्द्रियाणि अश्वाः मनः प्रगृहः शब्दस्पर्शादयोः विषयाः"** इन्द्रिय और मन से युक्त आत्मा विषय की भोक्ता हैं। शरीर रथ हैं। बुद्वि सारथी हैं जैसे हि शुध्द जल में डाला हुआ जल

---

[1] शुक्लयजुर्वेद ४०.०२ ,ईशा.०२

पवित्र होता हैं । जीवात्मा और परामात्मा शुद्व व एकरूप होते हैं । आत्मा का नगर द्वारों वाला हैं,मनुष्य के शरीर में ९ द्वार हैं। आत्मा आकाश में आदित्य रूप में, अंतरिक्ष में वस्तु में, यज्ञवेदी में अग्नि रूप में कलश में सोमरूप में प्राणादि रूप में देवताओं में चैतन्य रूप में, आकाश में गृह नक्षत्रादि रूप में, यज्ञ में ऋत्विक रूप में अवस्थित हैं गीता अनासक्त भाव से मनुष्य को कर्म करने की सलाह देती हैं । फलतः त्याग कर तथा उत्सर्ग की भावना अपनाकर ही कोई मनुष्य अपने को शुद्व कर सकता हैं। मनुष्य के रक्त में मनुष्य के हदय को निर्मल बनाने की क्षमता नहीं हैं, पर मन की वासनाओं का परित्याग कर कोई भी व्यक्ति अपने हदय को पवित्र बना सकता हैं। देहिक प्रलोभनों पर जो जितना अधिकारी विजय पाता हैं। वह उतना ही लक्ष्य के निकट पहुंचता हैं। लक्ष्य का तात्पर्य निष्काम कर्म से हैं। निष्काम कर्म के भी लक्ष्य हैं। आत्मलाभ और ईश्वरप्राप्ति। आत्मलाभ से तात्पर्य हैं ब्राही स्थिति की उपलब्धि हैं कर्मयोग की यह स्वोत्कृष्ट उपलब्धि हैं। इससे मोक्ष की प्राप्ति होती हैं।

एषा ब्राही स्थितिः पार्थ नैना प्राप्य विमुञ्चति ।
स्थित्वास्थामन्तकालेऽपि ब्रहानिर्वाणमृच्छति ॥[1]

इसी तरह ईश्वर प्राप्ति का अर्थ हैं -ईश्वर के सामीप्य की अनुभूति गीता में श्री कृष्ण भगवान का कथन हैं कि जीवन के अन्त में जो केवल ईश्वर का स्मरण करते हुए शरीर का त्याग करता हैं वह शीघ्र ही ईश्वरत्व के स्वभाव को प्राप्त करता हैं। इसमें लेशमात्र भी सन्देह नहीं करना चाहिए। श्री कृष्ण भगवान अर्जुन से कहते हैं कि ब्रहा ज्ञान की दशा में मोह या अज्ञान समाप्त हो जाता हैं और अन्त में ब्रह्मानन्द प्रदान करने वाली मुक्ति मिलती हैं

उपसंहार-

अतः इस प्रकार हम देख सकते हैं कि श्री मद्भागवद गीता में सांख्य के तत्वों के स्वरूप का उल्लेख प्रमुख रूप से दिखाई देता हैं जिसमें सांख्यतत्व के सभी स्वरूप का वर्णन किया गया हैं कृष्ण जी कहते हैं कि आत्म का शरीर के साथ एक निश्चित समय तक साथ रहती हैं और वह भी अपने शरीर कर्म के अनुरूप फ़ल भोगता रहता हैं और फल प्राप्त हो जाने पर शरीर त्याग देती हैं ।

---

[1] गीता २.७२

श्रध्दावाँल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेद्रिय ।
ज्ञान लब्धवा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति ॥[1]

गीता का उपदेश हैं कि मनुष्य जो भी कर्म करे, वह ईश्वर को समर्पण करके करे। परमात्मा की शरण में पहुंचकर व्यक्ति पापमुक्त होकर परम शान्ति को प्राप्त करता हैं । इसीलिये हमें कभी भी अपने धन धौलत पर अहंकार नहीं करना चाहिये क्योकि कहा भी गया हैं ।

न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यो,लप्स्यामहे वित्तमद्राक्ष्म चेत त्वा।
जीविष्यामो यावदीशिष्यसि त्वं वरस्तु में वरणीयः स एव ॥[2]

मनुष्य की संतुष्टी धन से नहीं होती हैं इसी धन के चकर में आत्म तत्व की प्राप्ति भूल जाता हैं और मानव अपना सेवा धर्म भी त्याग देता हैं । अतः मानव को आत्म ज्ञान का चिन्तन आवश्यव करना चाहिये यही मुक्ति का साधन हैं।

सन्दर्भ सूची -

- १ .श्रीमद्भगवद् गीता, २.१३ श्रीमद्भगवद्गीता, २.७२,ऋग्वेद- १०.११७.६
- २.श्रीमद्भगवद् गीता, २.१३ श्रीमद्भगवद्गीता, २.२०,यजुर्वेद ४०.२
- ३.ईशावास्योपनिषद् १.१ श्रीमद्भगवद्गीता, २.१५
- ४. कठोपनिशद् १.१.७ यजुर्वेद, ११.८३

कोश ग्रन्थ -

- अमरकोश "नारायण" अमरसिंह विरचित चौखम्बा प्रकाशन वाराणसी १९९५
- अष्टाध्यायीसूत्रपाठ मिश्र "श्रीनारायण" पाणिनी गोकुलदास संस्कृतग्रंथमाला वा. ७१
- शब्दकल्पद्रुम बहादुर "राजाराधाकान्तदेव" ,मोतीलाल बनारसी सं दिल्ली १९६१
- संस्कृत हिन्दी कोश आप्टे "वामन शिवराम", रचना प्रकाशन चाँदपोलजयपुर २००५

अन्तर्जालीय स्त्रोत-

- www.docs.google.com
- www.lib.du.ac.in
- www.lib.jnu.ac.in
- www.sanskritbhasi.blogspot.com
- www.sanskrit.nic.in

---

[1] गीता ४.३९

[2] कठोपनिषद् १/२७

श्रीमद्भगवद्गीता और भागवत में भक्ति

ममता प्रधान
साहित्य विभाग (शोधार्थिनी)
श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
नई दिल्ली- 110016

शोध संक्षेप

भक्ति कोई रहस्यमयी उपहार नहीं है, इसे निरन्तर प्रयास से दोषित किया जा सकता है, सच्ची भक्ति भक्त के मन की वह अवस्था है जब वह भगवान की शरण से एक क्षण का भी वियोग सहन, नहीं कर पाता और जब परिस्थितियों के कारण उसे बलपूर्वक उस शरण से हटा भी दिया जाता है, तो वह संघर्ष करके पुनः भगवान से जुड़ जाता है, जैसे चुम्बक से सुई जुड़ जाती है। भक्त वह है, जो द्वेषरहित हो, दयालु हो, सर्वारभ परित्यागी है, मननशील हो और हर परिस्थिति में खुश रहने का स्वभाव बनाए रखे। भक्ति शब्द 'भज्' धातु से आयी है। जिसका अर्थ है ''भजना'' अर्थात् सेवा करना निरन्तर भगवान का आराधना करना। भक्ति की माहात्य विषय में भारतीय पवित्र ग्रन्थ में वर्णित है। परन्तु श्रीमद्भगवत्गीता और भागवत पुराण में भक्ति का माहात्य सर्वोत्कृष्ट है। उनके लक्ष्य, साधन और शैली महान तथा प्रसादपूर्ण है। जीवों के परम कल्याण के लिए ही इस ग्रन्थ का आविर्भाव हुआ है।

श्रीमद्भगवतगीता में भक्ति का स्वरूप-

श्रीमद्भगवतगीता समग्र विश्वसाहित्य का अमूल्यरत्नभण्डार सदृश है। इसमें 18 अध्याय और 700 श्लोक है। श्रीमद्भगवत्गीता के 12 अध्याय का नाम भक्ति योग है। इस भक्ति योग में बारह भक्ति का स्वरूप के विषय में वर्णित है। श्रीमद्भगवत गीता में भक्ति के विषये कही गई है कि भक्ति वैदिक यज्ञ का मूल है।

भक्ति, शब्द विभक्ति के अर्थ में है। भगवान का भाग बनना ही भक्ति है। गीता में अर्जुन को भक्ति योग की 12 विधियां बतायी है।[1]

भक्ति योग के माध्यम से इश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। किसी सद्गुरु की शरण में जाकर वह हमें ईश्वर तक पहुचने का रास्ता दिखाता है। गीता के द्वादश अध्याय में भक्ति योग के बारे में कहीं गई है कि भक्ति में भक्त ईश्वर को अपने हृदय का अर्ध्य देता है। इसके बारे में अर्जुन द्वादश अध्याय में भगवान् से पुछते है-

एवं सततयुक्ता ये भक्तख्वा पर्युपासते।
ये चाप्यक्षरमव्यक्तं तेषां के योगवित्तमाः।।[2]

एकादश अध्याय में 'यत्कर्मकृत् मत्परमः'' इत्यादि द्वारा भक्तिनिष्ठाका श्रेष्ठतव कहा गया है। एकादश अध्याय में भक्त और भक्ति को श्रेष्ठ कहा गया है। इसलिए उपरोक्त श्लोक में सततयुक्त और अव्यक्त होकर जो लोग भगवान की उपासना करते है। उनमें से श्रेष्ठ कौन है? इसके उत्तर में भगवन् कहते है कि सर्वज्ञत्वादि गुण विशिष्ट मुक्त परमेश्वर में मन एकाग्र करके मदर्थ कर्मानुष्ठान द्वारा 'मन्निष्ठ'' तथा श्रेष्ठ श्रद्धा से युक्त होकर जो मेरी आराधना करते है, वे ही मेरे मत से युक्ततम है। श्री भगवान कहते है-

मय्यावेश्य मनो ये मां नित्ययुक्ता उपासते।
श्रद्धया परयोपेतास्ते में युक्ततमा मताः।।

अर्थात् एकादश इन्द्रिय युक्त होकर यदि कोई भक्त भगवान से प्रार्थना करे तो वह भक्त का श्रद्धायुक्त व्यक्ति सर्वश्रेष्ठ होते है। जो भक्त वा व्यक्ति इन्द्रियों को संयत करके सर्वत्र समबुद्धि होकर अक्षर ब्रह्म की उपासना करते है, इस संसार से मुक्त हो जाती है। जो अनिर्दिस्य अर्थात् सिद्धि जिसका निर्देश नहीं किया जा सके, क्योंकि वह अव्यक्त अर्थात् रूपादीहीन है। सर्वत्र अर्थात् सर्वव्यापी है। वो परमात्मा अव्यक्त होने के कारण अचिन्त्य है। कुटस्थ-अर्थात् जो माया का अधिपति है। अचल वा ध्रुव, शाश्वत, नित्य है। उनकी निरन्तर ध्यान करने से जीवमुक्ति अवस्था प्राप्त करके वह परम शान्तिपद लाभ करता है। जिस व्यक्ति का

---

[1] श्रीमद्भागवत गीता, पृ. 325

[2] श्रीमद्भागवतगीता, द्वादष अध्याय, श्लोक.1, पृ. 325

मन योगासक्त है वे भगवान की आराधना नहीं कर सकती। गीता में भक्ति को मोक्ष का मार्ग बताया गया है। भक्ति मुक्ति का मार्ग के रूप में बताया गया है।[1]

जो भक्त अव्यक्त में आसक्त है। ईश्वर भक्ति में सदा सर्वदा आसक्त है। वही परमपद को प्राप्त होती हे। परन्तु जिनकी इन्द्रिय योगासक्त है, वह परमानन्दरूपता को प्राप्त नहीं कर पाता है। वह व्यक्ति दुःख को प्राप्त होता है। गीता में भगवान् कहते है-

क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम्।
अव्यक्ता हि गतिदुःखं देहद्भिरवाप्यते।।

अर्थात् भक्ति पूर्वक क्रिया करने पर प्राणपान की गति रुद्ध हो जायगी, अतएव गुरुवाक्यों में विश्वास करके श्रद्धा के साथ क्रिया करों। क्योंकि यदि कोई भक्ति के साथ उपासना करता है तो इस माया मोहित संसार से मुक्त हो जाता है।

गीता में भगवान कृष्ण कहते है जो भक्त मत्परायण होकर मुझे में अनन्य योग द्वारा ध्यान करके उपासना करता है। भक्ति योग द्वारा ध्यान करता हे। वो ब्रह्म को प्राप्त होता है। जो भक्त निःशेषरूप से स्थिर होकर उपासना करते हे। वे ईश्वर प्राप्ति के योग्य होते है। दुध में जामन देने से जैसे वह जमकर दहीं बन जाता है, दूध की वह सरलता नहीं रहती है। उसी प्रकार इश्वर को ध्यान करने पर मन की चञ्चलता हट जाती है, तब वह स्थितरूपी ब्रह्मसलीन होकर ब्रह्मरूप हो जाता है।[2]

जो व्यक्ति/भक्त भगवान के प्रति आवेशितचितासक्त होकर आराधना करते वे संसार से उद्धार कर देते है- भक्त यदि मन को स्थिर करे, व्यवसायत्मिका बुद्धि को भी ईश्वर में शन्निवेशित करे, ऐसा करने पर देहान्त होने पर परमात्मा में विलीन वा निवास करते है।[3]

गीता में भक्ति का मार्ग अभ्यास को बताया गया है। यदि कोई भक्त मन को स्थिर नहीं कर पाता है। तो वह अभ्यास योग द्वारा ब्रह्मपद को प्राप्त होते है। जो विद्वान् पुरुष इस प्रकार के उपाय का अवलम्बन करके प्रयत्न या अभ्यास करता है, उसकी आत्मा ब्रह्मध्यान में प्रवेश करता है। यदि भगवान को अभ्यास

---

[1] श्रीमद्भगवत्गीता, द्वादश अध्याय, पृ. 339

[2] श्रीमद्भगवतगीता द्वादश अध्याय, पृ. 324

[3] श्रीमद्भगवतगीता-द्वादश अध्याय. पृ.345

योग द्वारा प्राप्त नहीं किया जा सके, तो उपवासः, व्रत, आचरण, पूजा और नामसङ्कीर्लन आदि जो कर्म है, उनको अनुष्ठान करके मोक्ष प्राप्त कर सकते है। अर्थात् भक्त का भक्ति मोक्ष प्राप्ति होती है। इसलिए भक्ति मोक्ष प्राप्ति का आधार है। इसलिए गीता में वर्णित है-

अभ्याससेऽप्यसमर्थोऽपि मत्कर्मपरमो भव।
मदर्थमपि कर्माणि कुर्वन् सिद्धिमवाप्स्यसि।।[1]

यदि व्रतादि आचरण नहीं कर पाये तो भक्त अपने सारे दुष्ट, अदुष्ट फल को भगवान के शरण में रखकर परमेश्वराधीन हो जाता है। इस प्रकार का भाव भगवान् में रखकर फलासक्ति का परित्याग करना चाहिए।

जो व्यक्ति मन को दृढनिश्चययुक्त करके भगवान के उपासना करते है वह भक्त भगवान को प्रिय होते है। जिससे कोई व्यक्ति क्रोध से मुक्त है। हर्ष, अमर्ष, असहिष्णुता सारे मानसिक धर्मो से मुक्त है, वह भक्त भगवान को प्रिय होते है। निःस्पृह देहेन्द्रिय-विषयादि में जिनकी सुहा नहीं रहती, जिसका बाह्य और आभ्यन्तर शुद्ध है, वहीं भक्त ईश्वर प्रेम के योग्य होते है। जो व्यक्ति शुभाशुभ परित्यागी है। वही श्रेष्ठ भक्त है। शत्रु और मित्र में जिसका समभाव है, शीत, उष्ण, सुख-दुःख में समता, सर्वविषय में आसक्ति शून्य हैं, वही भक्तिमान् पुरुष भगवान को प्रिय है जो धर्म के साधक के वही भक्त है। धर्म रूपक भक्ति मुक्ति का साधक है।

गीता में भक्ति तीन प्रकार का होता है, प्रथम चरण का भक्ति भगवान के प्रति अपना आभार व्यक्त करने के लिए भक्त पत्र पुष्पादि अर्पित करता है। इसका उल्लेख गीता में भगवान् कहते है-

''पत्रं पुष्पं फलं तोय यो में भक्त्या प्रयच्छति।
तदहं भक्त्युपहृतमश्रामि प्रयतात्मनः।।''[2]

इसमें ईश्वर को सर्वशक्तिमान बतलाया गया है। द्वितीय चरण में भगवान को ईश्वर को ब्रह्माण्ड रूप में माना गया है। इसका गीता में उल्लेख है-

'यत्करोषि यदश्रासि यज्जुहोषि ददासि यत्।

---

[1] श्रीमद्भगवत्गीता, द्वादश अध्या, श्लोक. 10 पृ. 348

[2] श्रीमद्भगवत्गीता, पृ. 171

यत्तपस्यसि कौन्तेय तत् कुरुष्व मदर्पणम्।।[1]

यहाँ भक्त और भगवान् का बीच भावानात्मक तथा कार्यात्मक का सम्बन्ध है। तृतीय चरण में भक्त भगवान् को स्वयं के सबसे निकट मानते है।

गीता में वर्णित है-

'शुभाशुभफलैरेवं मोक्ष्य से कर्मबन्धनैः।
संन्यासयोगयुक्तात्मा विमुक्तो मामुपैष्यति।।[2]

इस प्रकार अगर कोई व्यक्ति भगवान का भक्ति करता है, वह कर्मबन्धन से मुक्त हो जाता है।

इस प्रकार श्रीमद्भगवत्गीता में भक्ति का स्वरूप सविस्तार रूप में वर्णित है। भागवतपुराण में भी इस प्रकार भक्ति का स्वरूप वर्णना किया गया है-

भगवतपुराण में भक्ति स्वरूप -

श्रीमद्भागवत संस्कृतसाहित्य जगत की श्रेष्ठ कृति है। मानव कल्याण के लिए ही इस ग्रन्थरत्न का आविर्भाव हुआ है। श्रीमद्भागवत चार प्रकार से विभाजन किया गया है- घटनात्मक, उपदेशात्मक, स्तुत्यात्मक और गीतात्मक। इस शोधव्रत में श्रीमद्भगवत में भक्ति का स्वरूप का वर्णना किया गया है।

श्रीमद्भागवत में प्रत्येक अध्याय में जो उपदेश दिया गया है, वो उपदेश मानव काल्याण के लिए दिया गया है। श्रीकृष्ण भक्ति का अद्वितीय वर्णना किया गया है। उपदेश के अलावा मनुष्य अपना कर्म के आधार पर भगवान का स्मरण करने का उपाय भी बताया गया है जीव जीवन की पूर्णता केवल भगवान को प्राप्त करना ही होना चाहिए।

श्रीमद्भागवत वैष्णवों संप्रदाय की अमूल्य सम्बद्ध है। श्रीमद्भागवत में बताया गया है जो व्यक्ति इसको सुनता है, उसके हृदय भगवान निवास करते है। श्रीमद्भगवत्गीता में वर्णिता किया गया है-

''यस्मिन् ज्ञान विराग भक्ति सहितं नैष्कर्म्यमाविकृतम्।''[3]

अर्थात् जिसमें ज्ञान, वैराग्य और भक्ति से युक्त वैष्कर्म्य का आविष्कार किया गया है। वो श्रीमद्भागवत् पुराण है। श्रीमद्भागवत में स्पष्ट शब्दों में कह

---

[1] श्रीमद्भगवत्गीता पृ. 171 श्लोक. 27

[2] श्रीमद्भगवद्गीता पृ. 173, श्लो. 28

[3]श्रीमद्भगवद्गीता पृ. 16

दिया है कि ''नैष्कर्म्यमय्यच्युतभाववर्जितं न शोभते'' जो लोग भक्तिहीन है वो लोक का स्थान स्थान में निंदा होता है- श्रीमद्भागवत में न केवल भक्ति का स्वरूप वर्णन किया गया है, किन्तु इसमें ज्ञान और मुक्ति से भी बढ़कर भक्ति को श्रेष्ठ बताया गया है।

''भक्ति ददाति किञ्चित् न तु भक्तियोगम्''[1]

अर्थात् भगवान् मुक्ति देते है भक्ति नहीं तीसरे स्कन्द में कपिल ने अपनी माता देवहुति से कहा है कि ''ऊंची श्रेणी के संत मुझसे एव होना नहीं चाहिए, वे मेरी सेवा करते है। ऐसे प्रेमी भक्तो को मैं दर्शन देता हुँ। उनका सेवक बन जाता है। इससे प्रतीत होता है कि भक्ति स्वयं साध्य और फलरूप भी है।

भगवान के स्वरूप, गुण, लीला, नामा आदि का श्रवण, कीर्लण एवं स्मरण, उनके श्रीविग्रह को अपने सामने साक्षात् अनुभव करते हुए उनके सख्य, दास्य आदि संबध् का स्थापन और संपूर्ण भाव से उनके प्रति आत्मसमर्पण ही नवधा भक्ति है।

निर्गुण भक्तियोग का लक्षण करते हुए कहा गया है कि भगवान वर्णन सुनकर चित्त की संपूर्ण वृत्तियां इस प्रकार भगवान को विषय करने लगी जैसे गंगाजी की धारा अखण्ड रूप में समुंद्र में गिरती है। यही निर्गुण भक्ति है।

जो व्यक्ति विषयासक्त न होकर केवल परमात्मा में अपना मन को स्थिर करता है। वही सच्च भक्त है। भगवान् सगुण या निर्गुण है, यही बात उनके पास पहुँचकर खुल जाता है। उनकी स्मरण करते ही उनकी स्वरूप का ज्ञान ही जाती है। मन सारे सुख-दुःख का कारण है। इससे अच्छी-बुरी को सृष्टि होती है। आत्मा तो असंग है। इसलिए मन को शान्त करने पर आत्मबोध होता। उससे परमात्मा प्राप्ति का रास्ता खुल जाती है।[2]

इसलिए श्रीमद्भागवत में भक्ति को विशिष्ट महत्व दिया गया है। भक्त का हृदय भगवान के दर्शन के लिए गाय बछड़े के जैसा व्याकुल होता है, सुंदरी प्रियतम के लिए छटपटाती है।

---

[1] श्रीमद्भगवद्गीता पृ. 5/10

[2] श्रीमद्भागवत्, पृ. 8

भागवत के अनुसार भक्ति मुक्ति का साधन होता है। ज्ञान कर्म भी भक्ति के उदय होने से ही सार्थक होते है। वैराग्य भाव जबतक हृदय में न आये, तब तक भगवत् प्राप्ति असम्बक है। कर्मफलों को भी भगवान को समर्पण कर देना ही भक्ति है।

अतः श्रीमद्भागवतपुराण में भक्ति दो प्रकार का है। साध्यरूपा और साधनरूपा, साधन भक्ति नौ, है- विष्णु का श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य तथा आत्मनिवेदन, सत्संगति की महिमा का वर्णन बड़े-सुन्दर शब्दों में किया गया है। साध्यरूपा भक्ति प्रेममयी है। जिससे भक्त मोक्ष नहीं पाता है। भगवान के साथ निरन्तर वृन्दावन में ललित विहार की कामना करने वाले भगवतच्चरण चंचरीक भक्त नीरस मुक्ति को प्रयासमात्र मानकर तिरस्कार करते है।

मुनिजन भागवत श्रवण से प्राप्त ''ज्ञान वैराग्य'' युक्त भक्ति से अपने हृदय में उस परमतत्वरूप परमात्मा को अनुभव करते है। भगवान श्रीकृष्ण के यश का श्रवण और कीर्तन दोनों पवित्र करने वाले है। वे अपनी कथा सुनने वालों के हृदय में आकर स्थित हो जाते है। और उनकी अशुभ वासनाओं को नष्ट कर देते है, क्योंकि वे संतों के नित्य सृदृढ़ है।[1]

वेदो का तात्पर्य श्रीकृष्ण में ही है। यज्ञ का उद्देश्य भी श्रीकृष्ण है। समस्त कर्मों का परिसमाष्टि भी श्रीकृष्ण में ही है। ज्ञान से ''ब्रह्मस्वरूप श्रीकृष्ण'' की ही प्राप्ति होती है। भगवान श्रीकृष्ण के लिए सारे धर्म और कर्म भी है। अतः संपूर्ण भक्ति और भक्त का शाश्वत स्वरूप है भगवान श्रीकृष्ण।[2]

अतः भाव और भाषा की दृष्टि से श्रीमद्भागवत धार्मिक ग्रन्थों का अनुपम रचना है। सर्ववेद्यन्तसार भागवत का वर्णन यथार्थ है-

''श्रीमद्भागवतं पुराणमभक्त यद् वैष्णवनां प्रियं
यस्मिन् पारमहंस्यमेकम् भक्तं ज्ञानं परं गीयते।
तत्र ज्ञानविराग भक्तिसहितं नैष्कम्ग्राविष्कृतम्।
तच्छृष्वन् विपठन विचारणपरो भक्त्या विमुच्येनः।[3]

---

[1] श्रीमद्भागवत् पुराण पृ. 420

[2] श्रीमद्भागवत के संवादों एवं उपदेशों का तात्विक विवेचन पृ. 150

[3] श्रीमद्भागवतपुराणम्, पृ. 10

श्रीमद्भागवतगीता और भागवत में भक्ति स्वरूप का अन्तर-

श्रीमद्भगवतगीता महाभारत का हिस्सा है, इसमें श्रीकृष्ण ने अर्जुन को साख दर्शन, योगदर्शन तथा अष्टादश अध्याय में अठारह दर्शन के बारे में बताया है। जिसमें से भक्ति दर्शन के बारे में बताया है। श्रीमद्भागवत अष्टादश महापुराण में से एक पुराण है। इसमें भगवान नारायण के अवतारों की कहानियां है, यह अठारह महापुराण में से पाचवाँ पुराण है। यह वैष्णवों संप्रदाय का प्रमुख ग्रन्थ है। दोनों के ही नायक श्रीकृष्ण के और दोनों उपदेशात्मक है। भगवतगीता भक्ति को एक-मार्ग के रूप में प्रस्तुत करती है, परन्तु श्रीमद् भागवतः भक्ति का एक उच्चतम स्तर, प्रस्तुत करता है, जिसमें भगवान की प्रेमपूर्ण भक्ति और उनके प्रति समर्पण का वर्णन है। श्रीमद्भागवत में भगवान श्रीकृष्ण से भक्ति और उनके चमत्कारों पर केन्द्रित है। इसमें भक्ति योग और भगवान की लीलाओं का गहन विवरण है। गीता में भक्ति मोक्ष का साधन है। मुक्ति का भी साधन है। लेकिन भागवत में केवल मोक्ष और मुक्ति भक्ति का साधान नहीं। अपितु भगवान् श्रीकृष्ण की निरन्तर स्मरण करना उनका वन्दना करना भी भक्ति है।

भागवतपुराण में भगवान् श्रीकृष्ण को पाना वा भगवान श्रीकृष्ण ही सर्वमय है, इसका वर्णन किया गया है। भागवतपुराण का मुख्य लक्ष्य केवल ही भक्तियोग है। लेकिन श्रीमद्भगवतगीता भक्ति के साथ साथ ज्ञान और कर्म, साख्यादि योगों का निरूपण किया गया है। भागवतपुराण में कृष्ण को सभी देवों का देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है। भागवत में रस भाव की भक्ति का निरूपण किया गया है। भागवत के प्रत्येक श्लोक में श्रीकृष्ण प्रेम की सुगन्धि है। श्रीमद्भागवत भक्तिरस तथा अध्यात्मज्ञान का समन्वय उपस्थित करता है। भागवत निमम कल्पतरु का स्वयं फल माना जाता है। नैष्ठिक ब्रह्मचारी तथा ब्रह्मज्ञानी महर्षि शुक अपनी मधुर वाणी से कहते है-

"सर्ववेदान्तसारं हि श्री भागवतमिष्यते।
तद्वसामृततृपृस्य नान्यत्र स्याद्वतिः क्वचित्।"[1]

---

[1] श्रीमद्भागवत्, पृ. 12/13/15

श्रीमद्भागवतम् सर्ववेदान्तसार है। जिसको पान करने से और कुछ प्राप्त करने की जरूरत नहीं है।

श्रीमद्भगवतगीता में भक्ति का अन्यनान राजविद्या, परमपवित्र, धर्ममय, सुखपूर्वक अनुष्ठान, तथा अविनाशी के रूप में कहा गया है। गीता में भक्ति की उत्पत्ति पाप नाश हेतु आविर्भाव हुआ है। गीता में परमेश्वर का ज्ञान प्राप्ति ही भक्ति है। भक्ति से बुद्धियोग, आत्मतत्वस्वरूप परमेश्वर का ज्ञान प्राप्ति होती है।

भगवतगीता में पराभक्ति, उपरा भक्ति, के विषय में बताया गया है गीता में भगवान को पाने के लिए व्रत, उपासना, अभ्यास, व्रत पुष्ण आदि विधि के अनुसार पूजन, अर्चन करना चाहिए। भागवतपुराण में पूजन, अर्चन आदि नवधा भक्ति के साथ-साथ जितेन्द्रिय होकर भगवान की स्मरण करना ही भक्ति है। गीता में श्रेष्ठ भक्त, भक्ति का फल के बारे में वर्णित है। परन्तु भागवत में जो व्यक्ति चितारूढ़ होकर श्रीकृष्ण की स्मरण करता है- वही भक्त भगवान के प्रिय होते है। भगवत गीता में निराकर और साकार भक्ति के बारे में वर्णन किया गया है। भागवत में साध्य और साधन भक्ति के बारे में वर्णन किया गया है। अतः श्रीमद्भागवत और भगवतगीता में कोई विशेष अन्तर नहीं है। दोनों एक दूसरे के परिपूरक है। दोनों परस्पर के दर्पण सदृश है। दोनों ग्रन्थों को पढ़ने से व्यक्ति को आत्मतत्व की प्राप्ति होती है।

निष्कर्ष-

श्रीमद्भागवतपुराण और भगवतगीता संस्कृत साहित्य का एक अनुपम रत्न है। गीता और भागवत में अद्वैत तत्व का ही प्रतिपादन स्पष्ट शब्दों में करता है। दोनों ग्रन्थों का लक्ष्य है भगवत प्राप्ति लेकिन दोनों में अन्तर कुछ ऐसा है कि श्रीमद्भगवतगीता जो भक्ति योग है वो जीवन के नैतिक और दार्शनिक का प्रतीक है। परन्तु भागवतपुराण में जो भक्ति है वो भगवन् श्रीकृष्ण पर केन्द्रित है। इसमें भगवान् के प्रति समर्पण भाव का प्रतीक स्वरूप है। अतः दोनों ग्रन्थ भारतीय वैष्णव संप्रदाय की अमृतभण्डार रत्न है। दोनों ग्रन्थों में वर्णित भक्ति का स्वरूप आधुनिक समाज के लिए अत्यन्त लाभदायक है।

सन्दर्भग्रन्थसूची

क्र.सं.-ग्रन्थनाम-लेखक-प्रकाशन-वर्षम्

1-श्रीमद्भागवत पुराण-कृष्ण कुमार बाली-बी.आर.पब्लिशिंग कार्पोरेशन, दिल्ली-2011

2-श्रीमद्भागवत में संवादों एवं उपदेशों तात्विक विवेचन-डॉ. कल्याण सिंह रावत-ईस्टर्न बुक लिंकर्स दिल्ली-2019

3-श्रीमद्भगवत् गीता में वैज्ञानिक चिन्तन-डॉ. पं.शान्ता प्रसाद पाराशर-ईस्टर्न बुक लिंकर्स दिल्ली-20124-श्रीमद् भागवत् पुराण में प्रेमतत्व-डॉ. रामचन्द्र तिवारी-ईस्टर्न बुक लिंकर्स दिल्ली-2011

5-वर्तमान सन्दर्भ में श्रीमद्भागवत वर्णित शैक्षिक एवं नैतिक तत्व-आनन्द कुमार प्रियदर्शी-शिवालिक प्रकाशन दिल्ली-2021

6-भारतीय चिन्तन परम्परा में गीता-डॉ.शिवशंकर मिश्र-ईस्टर्न बुक लिंकर्स दिल्ली-2018

7-भगवत गीता एवं भागवत पुराण में कर्म की अवधारणा-सूधा त्रिवेदी-ज्ञान भारती पब्लिशकेशन्स, दिल्ली-2013

8-श्री भक्ति सन्दर्भ-हरिदास-श्री गदाधर गौर हरिप्रेस कालीदह-1985

9-श्रीमद्भगवतगीता-श्री भूपेन्द्र नाथ सन्यास-गुरुधाम प्रकाशन समिति भण्डार-2021

10-श्रीमदभगवतगीता-स्वामी रामसुखदास-गीताप्रेस, गोरखपुर-2016

श्रीमदभगवद्गीता और भागवत

सांख्यतत्त्व का दृष्टिकोण

Dr.Tarulata Patel, Assistant Professor
Maniben M. P. Shah Mahila Arts College, Kadi, Gujarat

भारतीय दर्शन में भगवद्गीता और भागवत पुराण का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। दोनों ग्रंथ न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि दार्शनिक दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध हैं। विशेष रूप से, सांख्य तत्त्व का इन दोनों ग्रंथों में विशिष्ट स्थान है, जो आत्मा, प्रकृति और ब्रह्म के बीच के संबंधों को स्पष्ट करता है।

भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को युद्ध के मैदान में ज्ञान और कर्म के संबंध में सांख्य दर्शन का उपदेश दिया। यहाँ सांख्य का तात्पर्य है "ज्ञान"। श्रीकृष्ण ने बताया कि आत्मा अमर है और केवल शरीर का नाश होता है। यह ज्ञान अर्जुन को उसकी नैतिक दुविधा को समझने में मदद करता है और उसे युद्ध के लिए प्रेरित करता है। गीता के अनुसार, सच्चा ज्ञानी वही है, जो शरीर के बंधनों से परे जाकर आत्मा की स्थिति को समझता है।

भगवद्गीता का सांख्यदृष्टिकोण

गीता ने अपने दार्शनिक तत्त्वों का प्रतिपादन करते हुए सम्पूर्ण विश्व को और जो कुछ भी विश्व से अतीत हो सकता है उस सब को तीन पुरुषों के रूप में प्रक्ट किया है-क्षर, अक्षर और पुरुषोत्तम ।१ इस लोक में दो पुरुष हैं- क्षर और अक्षर। क्षर का अर्थ है समस्त भूत। अक्षर कूटस्थ को कहा जाता है। इन दोनों से उत्तम एक और पुरुष है जिसे परमात्मा कहा जाता है, जो तीनों लोकों में प्रविष्ट होकर उन्हें धारण करता है। वह अविनाशी है, ईश्वर है।

क्षर शब्द का साधारणतया अर्थ होता है चीण या नष्ट होने वाला। परन्तु सत्कार्यवाद के अनुसार कोई भी पदार्थ नष्ट नहीं होता। जब कोई पदार्थ हमें स्थूल दृष्टि में नष्ट होता प्रतीत होता है तो यहां उसकी सत्ता का अत्यन्त विनाश नहीं

होता अपितु वह पदार्थ अपने उपादानभूत तत्त्वों का रूप धारण कर लेता है। उदाहरणस्वरूप घट यदि टूटता है तो वह मृत्तिका का रूप धारण कर लेता है। मृत्तिका जय छिन्न भिन्न होती है तो वह पार्थिव (आदि) परमाणुओं का रूप धारण कर लेती है। और जब यह विश्लेषणात्मिका या कारणोन्मुखी क्रिया और आगे बढ़ती है तो परमाणु रूप में विद्यमान मृत्तिका क्रमशः तन्मात्रा, अहंकार, महत का रूप धारण कर लेती है। और फिर महत् रूप धारण करने वाली मृत्तिका सत्त्व, रज और तम गुण वाली मूलप्रकृति का रूप धारण कर लेती है। कुछ भी सर्वथा नष्ट या असत् नहीं होता। 'सांख्य शास्त्र ने इस सिद्धान्त को बहुत अधिक महत्त्व दिया है। गीता भी इस सिद्धान्त को स्वीकार करती है। अतः उसने कहा है कि सत का अभाव या विनाश नहीं होता' ।२ अतः इस सिद्धान्त के अनुसार जब हम यह मान लेते हैं कि किसी भी पदार्थ का अत्यन्त विनाश नहीं होता तो क्षर शब्द का अर्थ करना चाहिये-जैसा कि इसके धात्वर्थ (चर संचलने) से प्रकट होता है-सक्रिय, परिणामी, विकारी, परिवर्त्तनशील। सांख्य के अनुसार ऐसे पदार्थ चौवीस हैं-मूल प्रकृति, महान्, अहंकार, पंच तन्मात्रा (शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध), मन, पांच ज्ञानेन्द्रियां (ओत्र, त्वकू, चक्षु, रसना, घ्राण), पांच कर्मेन्द्रियां (वाकू, पारिण, पाद, गुदा, उपस्थ), और पांच महाभूत (आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी)। इन चौबीस तत्त्वों में सदा क्रिया होती रहती है, इस कारण ये सक्रिय, विकारी या परिणामी कहे जाते हैं और इस ही लिये ये क्षर कहलाते हैं।

गीता ने क्षर शब्द को सभी प्राणियों (क्षरः सर्वाणि भूतानि)३ के रूप में परिभाषित किया है। यह कभी प्राणियों के लिए आता है, कभी निर्जीव वस्तुओं के लिए और कभी सजीव और निर्जीव दोनों के लिए। भगवान सभी प्राणियों के मित्र हैं।४ भगवान के भक्त सभी प्राणियों के साथ द्वेष नहीं करते ।५ ऋषिगण सभी प्राणियों की अशुद्धियों को पुनर्जीवित करके उनके कल्याण में लगे रहते हैं ।६ इन शब्दों से प्रतीत होता है कि यहां भूत शब्द का तात्पर्य जीवित प्राणियों से है। मित्रता, रुचि और अद्वेष का कारण केवल सजीव प्राणियों से ही हो सकता है, पत्थर जैसी जड़ वस्तुओं से नहीं। आठवें अध्याय में, गीता कहती है कि जब सृजन का समय आता है, तो सभी व्यक्त पदार्थ अव्यक्त से उत्पन्न होते हैं और जब प्रलय का समय आता है, तो वह फिर से उसी अव्यक्त में लीन हो जाता है। ये सभी भूत (भूतग्राम) सृष्टि के समय इस अव्यक्त से बार-बार उत्पन्न होते हैं और

प्रलय के समय पुनः इसी में विलीन हो जाते हैं। ७ यहां जिस अव्यक्त से इस सृष्टि का वर्णन किया गया है, उसे सांख्य के सत्व, रज और तम गुणों से युक्त अव्यक्त नाम की प्रकृति ८ कहा जाता है।

अतः यहां समस्त भूत (भूतग्राम) शब्द केवल महद् आदि प्राकृतिक पदार्थों का ही वाचक है। 'दसवें अध्याय में भगवान् कहते हैं कि मैं समस्त भूतों का बीज हूं। चर और अचर में कोई भी भूत मेरे बिना अपना अस्तित्व नहीं रखता। ९ इस से यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि यहां सर्वभूत शब्द जीव (चर) और प्राकृतिक पदार्थ (अचर) दोनों का वाचक है, कारण ईश्वर को सभी का बीज बतलाया गया है। इनमें से किसी भी एक को ईश्वर से भिन्न, या ईश्वर से भिन्न तत्त्व का कार्य नहीं कह सकते। कारण ऐसा करने पर "वासुदेवः सर्वमिति", "सर्व खल्विदं ब्रह्म", पुरुष एवेदं सर्वं" इत्यादि वेद, उपनिषद् और गीता के वचनों का विरोध हो जाता है। "क्षरः सर्वाणि भूतानि", यहां क्षर शब्द से गीता इस तीसरे अर्थ का ही ग्रहण करती है और इस प्रकार समस्त प्राकृतिक पदार्थ और समस्त जीवों को तर कहती है, कारण उनमें क्रिया, विकार या परिवर्त्तन होता है।"

सांख्य में प्रकृति और पुरुष को दो तत्व माना गया है। प्रकृति जड़ है और पुरुष चेतन है। प्रकृति के तीन गुण हैं: सत्व, रज और तम। ये गुण हमेशा सक्रिय अवस्था में रहते हैं। कभी-कभी सत्त्व प्रधान होता है और तम प्रबल होता है; कभी-कभी तम प्रबल होता है और सत्व और तम प्रबल होता है। शास्त्रों के अनुसार संसार में जो भी क्रिया होती है वह इन गुणों में या उनके माध्यम से होती है, लेकिन वह अचेतन प्रकृति की होती है। क्रियाओं का प्रतिबिम्ब ग्रहण करता है, उनमें आसक्त होकर सुख, दुःख, मोह, जन्म, मरण आदि विकारों को अपने में मानने लगता है। इस काल्पनिक क्रिया या विकार को स्वीकार करने के कारण ही वह क्षर कहा जाता है। जिस समय उसे विवेक हो जाता है तो वह प्रकृति की क्रियाओं का प्रतिबिंब ग्रहण करना बंद कर देता है और मुक्त हो जाता है।" उस समय वह अपने सच्चे निष्क्रिय और निर्विकार स्वरूप को प्राप्त हो जाता है। उसकी इस अवस्था को अक्षर कहा जाता है। यह सांख्य के अनुसार क्षर और अक्षर हैं-सम्पूर्ण प्रकृति और बंधन में पड़ा हुआ जीव क्षर, और मुक्त जीव अक्षर ।

सांख्य बहु-जीव-वादी है, अतः इस दर्शन के अनुसार मुक्त हो जाने पर भी जीवों का परस्पर में एक दूसरे से भेद और उनका प्रकृति से भेद नित्य बना रहता है। 'गीता सांख्य के पुरुष बहुत्व को और पुरुष एवं प्रकृति के भेद को स्वीकार करती है। परन्तु गीता सांख्य की सीमा का अतिक्रमण कर जाती है। वह पुरुषों के परस्पर के भेद को और पुरुष एवं प्रकृति के भेद को व्यवहारिक सत्य मानती है, अन्तिम सत्य नहीं मानती । वह प्रकृति और जीव दोनों को एकमेवाद्वितीय चेतन पुरुप-रूप बीज की दो शाखायें मानती है। [१०] गीता में सत्त्व, रज और तम गुणों वाली प्रकृति स्वतन्त्र और जड़ नहीं है। यह उस एकमेवा-

द्वितीय चेतन की चेतन शक्ति का, जिसे गीता ने पराप्रकृति कहा है, ,आविर्भाव है। चेतन-शक्ति का कार्य होने पर भी इसमें चेतना स्थूल दृष्टि में प्रतीत नहीं होती। कारण इसके भीतर चेतना इस प्रकार छिपी है जैसे काष्ठ में अग्नि। यही कारण है कि जो यह यथार्थ में चेतन होते हुए भी स्थूल रूप में जड़ प्रतीत होती है। जिस परा प्रकृति का यह आविर्भाव या कार्य है वह उस चेतन पुरुप से कोई प्रथक् या स्वतंत्र पदार्थ नहीं है, अपितु उसके साथ एकीभूत है, कारण वह उसकी शक्ति है और शक्ति और शक्तिमान् एक होते हैं। यह पराप्रकृति ही उस चेतन की प्रेरणा से असंख्य जीवों का रूप धारण करती है । [११]**(परां प्रकृतिं जीव भूतां)**। चूंकि यह पराप्रकृति उस चेतन से भिन्न नहीं है, अतः जैसे यह कहा जाता है कि पराप्रकृति सत्त्व रज और तम गुणमयी अपरा प्रकृति (और उसके विकारों) का और समस्त जीवों का रूप धारण करती है [१२] , ऐसे ही यह भी कहा जा सक्ता है कि वह चेतन ही (अपनी परा प्रकृति के द्वारा) इन दोनों का रूप धारण करता है:

विश्व में जो हमें देवता, मनुष्य, स्त्री, पुरुष, पशु, पक्षी, पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, आकाश, सूर्य, चन्द्र, समुद्र, पर्वत, वृक्ष, आदि चर और अचर पदार्थ दिखलाई देते हैं ये सब उस एकमेवा- द्वितीय चेतन के अनन्त सक्रिय रूप हैं। जो चेतन इस प्रकार अनन्त रूपों में व्यक्त हो रहा है, उसे वेदों [१३] में पुरुप (**पुरुप एवेदं सर्व),** उपनिपदों में ब्रह्म[१४] **(सर्व खल्विदं ब्रह्म**) और गीता [१५] में पुरुषोत्तम या वासुदेव **(वासुदेवः सर्वम्)** कहा गया है। अतः उस चेतन के अनन्त रूप वाले, अनन्त प्रकार से क्रिया करने वाले इस रूप को गीता ने क्षर कहा है और चूंकि यह

चेतन पुरुष का ही एक रूप-विशेष या कार्य है इस कारण इसे पुरुष कहा गया है। अतः श्री अरविन्द लिखते हैं:

There is a spirit at work in the world that is one in innumerable appearances. It is the constituting reality of all this stir in time and space; it is itself Time and space and circumstance. It is this multitude of souls in the world; it is the gods and men and creatures and things and forces and qualities and powers and presences. It is nature, which is power of the spirit, and object which are its phenomena of name and idea and form, and existences [१६]

"जगत् में एक पुरुप असंख्य रूपों में क्रिया कर रहा है। देश और काल में जो कुछ भी हलचल होती है उस सब का वही स्रष्टा, परमार्थ तत्त्व है। वह स्वयं देश काल और घटनायें हैं। वही इस जगत् में जीवों का रूप धारण किये हुए है। वह देवता, मनुष्य, पशु, पक्षी आदि जीव और वस्तुएं, शक्तियां, गुण, परिमाण और उपस्थितियां है। वह प्रकृति रूप में है जो कि आत्मा की शक्ति है; वह पदार्थों के रूप में है जो कि उसके नाम, रूप, विचारमय प्रपंच हैं। और वह समस्त भूत है।

It is the Kshara, the universal soul the spirit in the multiplicity of Cosmic phenomenon and becoming. The Kshara spirit (is) visible to us as all natural existences and the totality of all existences,[१७]

वही क्षर, विश्वात्मा, बहुविध विश्व प्रपंच का रूप धारण किया हुआ आत्मा (पुरुष) है। समस्त प्राकृतिक पदाथों और समस्त जीवों के रूप में जो कुछ हमें दिखाई देता है वह सब जर पुरुष ही है। परन्तु यह सक्रिय रूप जिसे क्षर कहा गया है उस चेतन का वहुत अल्प अंश है' ।[१८]

इससे भिन्न उसका एक और भी रूप है जिसे अक्षर कहते हैं। अक्षर शब्द का अर्थ गीता ने कूटस्थ किया है। कूट शब्द का अर्थ होता है लोह-पिंड, निश्चल, निर्विकार, कठिन, ठोस पदार्थ । कूटस्थ शब्द का अर्थ होता है कूट अर्थात् लोह पिंड के समान निश्चल निर्विकार रहने वाला' ।[१९] अमर कोश में शाश्वत ध्रुव, नित्य,

सदातन, सनातन, स्थास्लु आदि शब्दों के साथ इसका पाठ आया है और वहां इसका अर्थ किया गया है सब काल में एक रूप में रहने वाला।[२०]

सुनार के अहरन (लोह पिंड) के ऊपर लाखों करोड़ों सोने और चांदी के पिंड टूट फूट कर अलंकारों का रूप धारण कर लेते हैं और फिर टूट फूट जाते हैं परन्तु वह अहरन जैसा पहले था प्रायः वैसा ही बना रहता है। इसही प्रकार जो चैतन्य सम्पूर्ण विश्व का, विश्व के समस्त विकारों का आधार होता हुआ अपनी आत्म-सत्ता में सार रूप में निर्विकार बना रहता है वह कूटस्थ या अक्षर कहलाता है। समस्त भूर्तो के नष्ट होते हुए भी यह नष्ट नहीं होता इस कारण इसे अविनाशी, नित्य, अव्यय, स्थाणु, अचल, सनातन कहा गया है'। समस्त भूतों का सार या आत्मा होने के कारण इसे आत्मा [२१] (१०।२०) कहा गया है। बाह्य इन्द्रियों का विषय न हो सकने के कारण इसे अव्यक्त कहा गया है। यह अव्यक्त सांख्य के सत्त्व रज और तम गुणों की साम्यावस्था वाले अव्यक्त (मूल प्रकृति) से परे है। कम से कम स्थूल अवस्था में नहीं हैं, इसलिये इसे अचिन्त्य और निर्गुण कहा जाता है। वाणी से इसके स्वरूप का ठीक ठीक प्रतिपादन नहीं किया जा सकता इसलिये इसे अनिर्देश्य कहा जाता है। यही गीता का अक्षर है। सांख्य के अक्षर में और गीता के अक्षर में यह भेद है कि पहला व्यष्टि है, प्रकृति से भिन्न है, स्वयं अपने सजातीय अक्षरों (मुक्तजीवों) से भिन्न है अतः बहु है; गीता का अक्षर समष्टि है, प्रकृति और समस्त जीवों से अभिन्न और उनका आत्मा है, एकमेवाद्वितीय है।[२२]

इस प्रकार गीता ने क्षर और अक्षर का स्वरूप बतलाया है। गीता के अनुसार यह अक्षर अन्तिम तत्त्व नहीं है। गीता इससे उत्तम एक और पुरुष की सत्ता मानती है जिसे वह पुरुषोत्तम कहती है। जहां भी कोई क्रिया या परिवत्तन होता है उसका आधार कोई न कोई स्थिर तत्त्व अवश्य होता है। मृत्तिका में जब रचनात्मक, संघटनात्मक या संश्लेषणात्मक क्रिया होती है तो वह घट, घास, दूध, घृत, चीनी, काष्ठ, पुष्प, फल आदि विविध वस्तुओं का रूप धारण कर लेती है, परन्तु इन सब विकारों में मृत्तिकात्व स्थिर बना रहता है। स्वर्ण अनेक प्रकार के अलंकारों और पात्रों का रूप धारण कर लेता है, परन्तु स्वर्णत्व सबमें समान रूप से विद्यमान रहता है। चांदी, पीतल और लोहा अपने अलंकारों और विकारों में समान रूप से विद्यमान रहते हैं, इस कारण सुनार किसी गहने या पात्र को देखकर

उसके मूल धातु के अनुसार मूल्य निर्धारण करता है न कि उसके बाहरी रूप के अनुसार । पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश ये पांच महाभूत सूर्य, चन्द्र, समुद्र, वृत्त आदि समस्त भौतिक पदाथों का रूप धारण करते हैं परन्तु अपने मूल रूप में वही रहते हैं। इसही प्रकार सांख्य के अनुसार सत्त्व रज और तम ये तीन गुण महान्, अहंकार, पञ्च-तन्मात्रा, पञ्च महाभूत और सूर्य, चन्द्रमा आदि समस्त भौतिक पदार्थों का रूप धारण करते रहते हैं परन्तु अपने मूल स्वरूप में सदा निर्विकार बने रहते हैं। सत्त्व-रज या तम नहीं होता, रज- सत्त्व या तम नहीं होता और तम- सत्त्व या रज नहीं बन जाता। सत्त्व सदा सत्त्व बना रहता है, रज सदा रज ही रहता है और तम भी सदा तम ही रहता है। करोड़ों वर्षों से अनन्त रूपों में बनते और बिगड़ते हुए भी इनके मूल परिमाण में लेशमात्र भी कमी या वृद्धि नहीं होती। जितने अब से करोड़ों वर्ष पहले थे उतने ही अभी तक हैं और उतने ही भविष्य में भी रहेंगे। ये कभी भी नष्ट नहीं होंगे। अतः सांख्य के अनुसार ये अविनाशी हैं। आधुनिक भौतिक वैज्ञानिकों ने भी सांख्य के इस सिद्धान्त को मूल रूप में स्वीकार किया है। अतः श्रीयुत जेम्स लिखते हैं:

"The first law of Thermodynamics..... teaches that energy is indestructible, it may change from one form to another, but its total amount remains unalterable through all these changes, so that the total energy of the universe remains always the same".(The universe Around us)

इन तीन गुणों को यदि एक शब्द में कहना हो तो प्रकृति कहा जाता है। इस ही प्रकार जब हम सांख्य की सीमा का अतिक्रमण करके प्रकृति और जीव इन दोनों के मूल में रहने वाले किसी एक तत्त्व की खोज करते हैं तो पता चलता हैकि जैसे महान्, अहंकार, मन, पञ्च, तनमात्रा, पञ्च महाभूत, सूर्य, चन्द्रमा, वृत्त आदि समस्त सक्रिय भौतिक पदाथों के मूल में सत्त्व रज और तम ये तीन गुण नित्य निर्विकार रूप में स्थिर रहते हैं, इस ही प्रकार इन तीन गुणों वाली सक्रिय प्रकृति और समस्त जीवों के मूल में सत्ता चेतना और आनन्द ये तीन गुण नित्य स्थिरं रहते हैं। ये तीन होते हुए भी यथार्थ में वहां एक ही हैं। सत्ता चेतना है, चेतना आनन्द है। इन्हें यदि एक शब्द में कहना हो तो सच्चिदानन्द रूप ब्रहा कहा जाता है। यही समस्त चराचरात्मक विश्व का आधार है। कोई भी वस्तु ऐसी नहीं है जिसमें ये तीनों गुण (सच्चिदानन्द ब्रह्मा) व्यक्त या अव्यक्त रूप में विद्यमान न

हों। यदि कोई पदार्थ हमें जड़ प्रतीत होता है तो इसका कारण यह नहीं है कि वह यथार्थ में जड़ है, अपितु उसमें चेतना तिरोभूत है जोकि हमारी साधारण स्थूल दृष्टि का विषय नहीं हो पाती। सूक्ष्म दृष्टि के प्राप्त होने पर अथवा उस बस्तु के रूप में विरोध प्रकार का परिवर्तन होने पर उसमें चेतना इस प्रकार देखी जा सकती है जैसे काष्ठ में अग्नि, दूध में घृत, तिलों में तेल, घट, घास, दूध, घृत आदि में मृत्तिकात्व, स्वर्ण के विकारों में स्वर्णत्व इत्यादि । अतः जैसे मृत्तिका के विकारों में मृत्तिकात्व, स्वर्ण के विकारों में स्वर्णत्व और प्रकृति के समस्त विकारों में सत्त्व रज तम निर्विकार रूप में स्थिर रहते हैं इस ही प्रकार अनन्त प्रकार से क्रिया करने वाले, अनन्त नाम और रूप धारण करने वाले इस चराचरात्मक विश्व (क्षर) के मूल में यह सच्चिदानन्द तत्त्व ही सदा निर्विकार रूप में स्थिर रहता है, इस कारण इसे कूटस्थ अक्षर कहा जाता है।

अक्षर और पुरुषोत्तम का भाव गीता में अधिक स्पष्ट रूप में दिखलाया गया है। वहां अक्षर को आत्मा , कूटस्थ, अव्यक्त, ब्रह्म कहा गया है और इसके साथ अचल, ध्रुव, अनिर्देश्य, अचिन्त्य, अविकार्य आदि विशेषण जोड़े गये हैं, पुरुषोत्तम को ईश्वर, परमात्मा, परमपुरुष , दिव्यपुरुष आदि नाम दिये गये हैं। यहां "अहं" "माम् " शब्दों से प्रायः सर्वत्र पुरुषोत्तम का ही निर्देश है। और चूंकि अक्षर और पुरुषोत्तम दोनों मूल रूप में एक ही हैं अतः इन दोनों को कहीं कहीं एक भी कर दिया है। परन्तु अधिकतर स्थानों में इनके आंशिक भेद को रखते हुए वर्णन किया गया है, और जहां कहीं भी भेद की झलक दी गई है वहां सर्वत्र अक्षर से पुरुषोत्तम को उत्तम, अक्षर की उपासना से पुरुषोत्तम की उपासना को उत्तम, अक्षर की उपासना से प्राप्त होने वाले फल से पुरुषोत्तम की उपासना से प्राप्त होने वाले फल को उत्तम और अक्षर के उपासकों से पुरुषोत्तम के उपासकों को उत्तम बतलाया गया है।

चतुर्थ अध्याय [२३] में कहा गया है कि ज्ञान प्राप्त करके तुम समस्त भूतों को आत्मा में (आत्मनि) देखोगे और फिर मुझमें (मयि) देखोगे। यहां आत्मा शब्द अक्षर ब्रह्म का वाची है और मुझ में (मयि) शब्द पुरुषोत्तम का। छठे अध्याय में सर्वत्र समदर्शी योगी के लिये पहले आत्मा का समस्त भूतों में और आत्मा में समस्त भूतों का दर्शन बतलाया गया है (सर्व- भूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि) और इसके अनन्तर सब में मेरा (मां और मुझ में (मयि) सबका दर्शन बतलाया

गया है[२४] । यहां भी आत्मा शब्द अक्षर ब्रह्म का और मुझे, मुझ में (मां, मयि) शब्द पुरुषोत्तम के वाची हैं। बारहवें अध्याय [२५] में अव्यक्त अक्षर की और तेरी (त्वां) उपासना में भेद किया गया है और श्रीकृष्ण जी ने मेरी (मां) उपासना करने वालों को उत्तम योगी कहा है। यहां भी अव्यक्त अक्षर शब्द अक्षर ब्रह्म का और तेरी, मेरी (त्वां, मां) शब्द पुरुषोत्तम के वाची हैं। अठारहवें अध्याय [२६] में कहा गया है कि अहंकार, बल, काम, क्रोध, परिग्रह का परित्याग करके, निर्मम और शान्त होकर मनुष्य ब्रह्म भाव को प्राप्त करता है। ब्रह्मभूत हो जाने पर उसे मेरी पराभक्ति प्राप्त होती है और इस पराभक्ति के द्वारा मेरे यथार्थ स्वरूप और परिमाण का ज्ञान होता है और फिर वह मुझमें प्रविष्ट हो जाता है। वहां ब्रह्म शब्द अक्षर ब्रह्म का वाची है और मां शब्द पुरुषोत्तम का। यहां ब्रह्मभाव की प्राप्ति अहंकारादि के बन्धन से मुक्ति प्राप्त करने पर होती है जो कि एक मध्यवर्ती भूमिका है अन्तिम नहीं। अन्तिम भूमिका है पुरुषोत्तम में निवास जो कि ब्रह्मभाव की प्राप्ति के अनन्तर परा- भक्ति के प्राप्त होने पर होता है। चौदहवें अध्याय [२७] में कहा गया है कि अनन्य भक्ति योग के द्वारा जो मेरी उपासना करता है वह ब्रह्म भाव को प्राप्त होता है और ब्रह्मा की प्रतिष्ठा मैं हूं। यहां भी ब्रह्म शब्द अक्षर ब्रह्म का वाची है और मैं (अहं) शब्द पुरुषोत्तम का। इस प्रकार क्षर अक्षर और पुरुषोत्तम इन तीन पुरुषों का स्वरूप गीता में दिखलाया गया है –

भागवतपुराण का सांख्यतत्त्व

भागवत पुराण भी सांख्य दर्शन के तत्वों को अपने में समेटे हुए है। यह पुराण भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और उनके भक्तों के माध्यम से भक्ति और ज्ञान के बीच संतुलन स्थापित करता है। सांख्य के आदि मुनि कपिल की विष्णु के अवतारों में गणना की गई है । कपिल को भगवान का पांचवाँ अवतार माना गया है। इन्होंने काल की गति से लुप्त हुए सांख्य-तत्व-निर्णय का आसुरि को उपदेश दिया ।[२६] इसके आगे भी तृतीय स्कन्ध में कपिलाख्यान का बाइसवें व चौबीसवें अध्याय में विस्तार के साथ वर्णन किया गया है। इसके अतिरिक्त एकादश स्कन्ध में भी जो कि एक प्रकार से समस्त भागवत पुराण का सार है, सांख्य दर्शन का अत्यधिक प्रभाव दृष्टिगोचर होता है।

भागवत पुराण में वर्णित सांख्य-तत्वों के वर्णन में और सांख्य के शास्त्रीय रूप में यद्यपि पर्याप्त अन्तर दृष्टिगोचर होता है,[२८] लेकिन यह अन्तर केवल वेदान्त के प्रभाव के कारण ही है। हम पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि भागवत पुराण भी सांख्य दर्शन की भांति ही श्रुतिमूलक होने पर भी वैदिक कर्मकाण्ड का पक्षपाती नहीं है। इसके अनुसार दृष्ट उपायों के समान ही श्रुति-निदिष्ट उपाय भी त्याज्य ही हैं क्योंकि वे भी दुष्ट उपाय ही हैं ।[२९] (यज्ञों के द्वारा सुख की प्राप्ति एकान्तिक रूप से हो सकती है, आत्यन्तिक रूप से नहीं । श्रीकृष्ण भी उद्धव से यही कहते हैं कि यज्ञों से अजित पुण्य का प्रभाव एक निश्चित समय तक ही रहता है, जब वह प्रभाव समाप्त हो जाता है तो पुरुष को फिर नीचे आना पड़ता है। [३०] सांख्य में भी इसी प्रकार यज्ञों को निरर्थक बताया गया है। दृष्ट उपायों के समान ही आनुश्राविक उपाय भी दोषयुक्त हैं। केवल पुरुष और प्रकृति के ज्ञान से ही व्यक्ति को अत्यधिक रूप से दुःखों से निवृत्ति प्राप्त हो सकती है ।[३१]

भागवत पुराण के अनुसार पुरुष अनादि है। वह निर्गुण प्रकृति से परे प्रत्यग्धाम व स्वयं ज्योति है। समस्त विश्व उसी से समन्वित है । [३२] इसके अनुसार मनुष्य तिर्यग्, ऋषि, देवता आदि इसी पुरुष के द्वारा सृष्टि किये गये हैं। [३३] जीव रूप में वह पुरुष इन सबमें विद्यमान है ।[३४] जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति-बुद्धि की ये तीनों वृत्तियाँ इसी पुरुष अध्यक्ष के द्वारा अनुभव की जाती हैं । [३५] गुण एवं कर्मों का निबन्ध यह संसार उसी के द्वारा है। जिस प्रकार से स्वप्न में कोई अवास्तविक वस्तु को वास्तविक समझ लेता है, उसी प्रकार से पुरुष के द्वारा स्वयं को प्रकृति से भिन्न न समझने पर दुखादि अनुभव अज्ञानमूलक ही हैं। [३६] वास्तव में पुरुष साक्षी मात्र है। वह स्वयं कर्ता नहीं है। [३७] भागवत पुराण पर अन्य दर्शनों का प्रभाव होने के कारण इस सम्बन्ध में यद्यपि विरोधी मान्यताओं के दर्शन होते हैं तथापि इस पर सांख्य का प्रभूत प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। यह देह व योन्यादि सब पुरुष से भिन्न है। वह निर्गुण है, न कर्म है। [३८] पुरुष व प्रकृति दोनों ही इसमें नित्य बताये गये हैं। [३९] जब वह प्रकृति गुणों का आश्रयत्व स्वीकार कर लेता है, तभी वह बन्धन को प्राप्त होता है। [४०] पुरुष का बन्धन तब तक ही है जब तक उसे अपने स्वरूप का ज्ञान नहीं होता है। जब वह प्रकृति का भोग कर लेता है और उसके दोष देख लेने पर उसे छोड़ देता है, तब अपने स्वरूप में स्थित उस पुरुष का प्रकृति कुछ अशुभ नहीं कर सकती है। [४१] सांख्य

के अनुसार प्रकृति जव यह ज्ञान लेती है कि मैं इस पुरुष के द्वारा जान ली गई हूँ तब वह स्वयं ही उसके पास नहीं जाती है। [४२] भागवत पुराण में वर्णित पुरुष व सांख्य के पुरुष में जो अन्तर दृष्टिगोचर होता है वह हम पहले ही परापर बेदान्त का प्रभाव का विवेचन करते हुए स्पष्ट कर चुके हैं। भावगत पुराण में पुरुष का बहुत्व प्रतिपादित नहीं किया गया है। इसके अनुसार पुरुष न तो अकर्त्ता है और न ही पूर्ण रूप से निर्गुण । वह एक है तभी वह अपनी लीला से शरीर भी धारण करता है। इस प्रकार वह सगुण भी हैं और निर्गुण भी । [४३] वह स्वयं अपनी माया से इस जगत् की सृष्टि करता है तथा इसकी सृष्टि करने के उपरान्त स्वयं इसी में अनुप्रविष्ट हो जाता है। [४४] जिस प्रकार सूर्य से उसकी किरणें उद्भूत होती हैं उसी प्रकार उससे यह गुणों का प्रवाह, मन, बुद्धि और शरीर आदि है। [४५]

सृष्टि-प्रक्रिया में प्रकृति का भागवत पुराण में जो स्थान है, वह सांख्य के प्रभाव को ही सूचित करता है, यद्यपि इसमें सांख्य की प्रकृति का माया के अन्तर्गत तिरोभाव हो गया है । भागवत पुराण में दोनों ही प्रकार के कथन उपलब्ध होते हैं- प्रकृति को एक स्वतन्त्र तत्व भी माना है और कहीं-कहीं उसको ब्रह्म के अन्तर्गत एकीभूत कर दिया गया है। देवहूति और कपिल के संवाद में पुरुष और प्रकृति दोनों को नित्य एवं स्वतन्त्र तत्व अभिहित किया गया है । [४६] पुरुष और प्रकृति दोनों में अन्योन्याश्रित सम्बन्ध हैं। सांख्य के अनुसार पुरुष व प्रकृति का सम्बन्ध पंगु व अन्ध के समान है । [४७] भागवत पुराण में वेदान्त के प्रभाव के कारण जिन स्थलों पर प्रकृति का माया के अन्तर्गत अन्तर्भाव कर दिया है, उन स्थलों पर प्रकृति (माया) को ब्रह्म की शक्ति बताया गया है । [४८] इस प्रकार यदि उन अंशों का परिहार करते हुए, जहाँ प्रकृति अथवा माया को भगवान की शक्ति बताया गया है, हम भागवत पुराण में प्रकृति अथवा माया का अनुशीलन करें तो हमें ज्ञात होगा कि यह यथावत् सांख्योक्त प्रकृति ही है। सृष्टि प्रक्रिया में प्रकृति ही इस जगत् का कारण व कार्य है, उस समय वह सत् आदि गुणों को धारण करती है और पुरुष तो उसका साक्षी मात्र है । [४९] एकादश इन्द्रियां और पंचमहाभूत ये षोडश प्रकृति के ही कार्य हैं और महदादि रूप से यह कारण भी है। [५०]

सृष्टि के तत्वों के विषय में भी भागवत पुराण में सांख्य के तत्वों को ही स्वीकार किया गया है। उद्धव कृष्ण से यही प्रश्न करते हैं कि कुल कितने तत्व हैं

क्योंकि तत्व-निर्णय के सम्बन्ध में विभिन्न मान्यताएं रही हैं। विभिन्न मतों के अनुसार तत्वों की संख्या पच्चीस, सात, छः, चार, ग्यारह, अट्ठाईस, सत्रह, सोलह और तेरह बताई गई है। ५१ भागवत पुराण में अन्यत्र अट्ठाईस तत्व बताये गये हैं। ५२ वे इस प्रकार हैं- प्रकृति, पुरुष, महत्, अहंकार, पंच तन्मात्रा, पंचज्ञानेन्द्रिय, पंचकर्मेन्द्रिय, मन, पंच महाभूत व तीन गुण । ५३ यहां पर कार्य-कारण भाव के द्वारा सभी मतों का औचित्य प्रतिपादित किया गया है। इस प्रकार सृष्टि- प्रक्रिया में सर्वत्र सांख्य के तत्वों को ही स्वीकार किया गया है ।

भागवत का प्रमुख संदेश है कि भक्ति के माध्यम से भी सांख्य ज्ञान को प्राप्त किया जा सकता है। भागवत में यह स्पष्ट किया गया है कि आत्मा का संबंध परमात्मा से अटूट है और भक्ति द्वारा हम इस संबंध को सशक्त बना सकते हैं।

सांख्य और भक्ति का संतुलन

भगवद्गीता और भागवत दोनों ही ग्रंथ सांख्य और भक्ति के बीच एक संतुलन स्थापित करते हैं। गीता ज्ञान को प्राथमिकता देती है, जबकि भागवत भक्ति की महत्ता को उजागर करता है। इस प्रकार, यह दोनों ग्रंथ हमें सिखाते हैं कि ज्ञान और भक्ति का संगम ही सच्चे ज्ञान की ओर ले जाता है। जिससे साधक को अपने आध्यात्मिक मार्ग में सहायता मिलती है।

भगवद्गीता और भागवत पुराण में सांख्य तत्त्व का अध्ययन हमें आत्मज्ञान और भक्ति के बीच संतुलन बनाने की प्रेरणा देता है। ये ग्रंथ न केवल धार्मिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, बल्कि हमारे जीवन को एक गहरे अर्थ के साथ जीने की प्रेरणा भी देते हैं। इस प्रकार, इन दोनों ग्रंथों का अध्ययन व्यक्ति को न केवल ज्ञान की ओर अग्रसर करता है, बल्कि उसे अपने आत्मिक अनुभवों के माध्यम से भक्ति का मार्ग भी दिखाता है।

सांख्य और भक्ति भारतीय दार्शनिक परंपराओं के दो प्रमुख मार्ग हैं, जो जीवन और मोक्ष की खोज में अलग-अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। सांख्य एक ज्ञानमार्गी और तर्क पर आधारित दृष्टिकोण है, जबकि भक्ति एक भावनात्मक और भक्ति-प्रधान मार्ग है। इन दोनों में संतुलन स्थापित करना आध्यात्मिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

भक्ति मार्ग में ईश्वर के प्रति अटूट प्रेम और समर्पण पर जोर दिया जाता है। यह मार्ग भावना प्रधान है, जहाँ भक्त अपने ईश्वर के प्रति पूर्ण विश्वास, प्रेम, और समर्पण रखता है। यहाँ तर्क की जगह भावना और श्रद्धा का महत्व होता है।

भगवद गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि "भक्ति से ही मुझे प्राप्त किया जा सकता है"[५४] । यह मार्ग व्यक्ति को कर्मफल से मुक्त कर सकता है, क्योंकि यहाँ सब कुछ ईश्वर को समर्पित होता है। भक्ति में मनुष्य अपने अहंकार, इच्छाओं और व्यक्तिगत चिंताओं को त्याग कर, ईश्वर की इच्छा के प्रति पूर्ण समर्पण करता है। भक्ति मार्ग में भावनाओं और हृदय की प्रधानता होती है। यहाँ तर्क से ज्यादा विश्वास का महत्व होता है।

जब व्यक्ति सांख्य के माध्यम से प्रकृति और पुरुष के भेद को समझ लेता है, तो भक्ति मार्ग में समर्पण अधिक सशक्त हो जाता है। व्यक्ति यह जान जाता है कि वह केवल शरीर या मन नहीं है, बल्कि शुद्ध चेतना है। यह ज्ञान उसे ईश्वर के प्रति और अधिक समर्पित कर सकता है। इसी तरह सांख्य की समझ भक्ति में गहराई लाती है । केवल तर्क और विवेक पर आधारित जीवन एक प्रकार से सूखा और नीरस हो सकता है। लेकिन जब भक्ति का रस तर्क में मिल जाता है, तो व्यक्ति को प्रेम और आनंद की अनुभूति होती है। भक्ति से तर्क भी आनंदमय हो जाता है। रोजमर्रा के जीवन में, जब व्यक्ति भक्ति में समर्पित होता है, तो वह अपने कार्यों में निहित अहंकार और इच्छाओं को छोड़ देता है, जो सांख्य के द्वारा प्राप्त ज्ञान से समन्वित हो सकता है। सांख्य का तर्क और भक्ति का प्रेम व्यक्ति को आध्यात्मिक संतुलन की ओर ले जाता है।

निष्कर्ष

सांख्य और भक्ति, भारतीय दर्शन के दो महत्वपूर्ण मार्ग हैं, जिनमें संतुलन बनाना आवश्यक है। सांख्य का तर्क और विवेक भक्ति को गहनता प्रदान करता है, जबकि भक्ति की भावना सांख्य के शुष्क तर्क को मधुरता और प्रेम से भर देती है। जब दोनों मार्गों का संतुलन किया जाता है, तो व्यक्ति अपने जीवन में समृद्धि और शांति प्राप्त कर सकता है।

पादटीप :

१ भ. गी. -१५. १६-१७

२ भ. गी. -२.१६

३ क्षरः सर्वाणि भूतानि । -भ. गी. १५.१६

४ सुहृदं सर्व भूतानाम । भ. गी.- ५.२९

५ अद्वेष्टा सर्व भूतानाम । भ. गी.- १२.१३

६ भ. गी.- ५.२५

७ भ. गी.- ८.१८,१९

८ मूल ब्रह्माण्डीय प्रकृति का अव्यक्त तत्त्व, अव्यक्त - Essays on the Gita Ch. 38, पी. 263

९ भ. गी.- १०.३९

१० बीजं मां सर्वभूतानां विद्धि पार्थ सनातनम् ॥ १७ । १० ॥ यच्चाऽपि सर्वभूतानां बीजं तदहमर्जुन ॥ १० ॥ ३६ ॥

११ परां प्रकृतिं जीव भूतां । -

१२ एतद्योनीनि भूतानि सर्वाणीत्युपधारय । श्रहं कृत्स्नस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा ॥ ७।६॥

१३ पुरुप एवेदं सर्व – ऋ . वे. – १०. ९० . २

१४ सर्व खल्विदं ब्रह्म-छा. उप ३ . १४. १

१५ वासुदेवः सर्वम्- भ. गी.-७. १९

१६ Essays on the Gita Ch. 38

१७ Essays on the Gita Ch. 38

१८ पादोऽस्य विश्वा भूतानि । ऋग्वेद - १० . ६० . ३

विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत् ।। भ . गी -१० . ४२

१९ कूटोऽयोधनवत् निश्चलं यथा तथा वा तिष्ठति (स्था+क), एक- रूपतया सर्व कालस्थायिनि परिणामशून्ये परमात्मनि । वाचस्पत्य श्रभिधान ।

२० एक रूपतया तु यः कालव्यापी स कूटस्थः ।-अमर. ३ . ७३

२१ भ. गी -१०. २०

२२ नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः ।। भ. गी २ . २४

यः स सर्वेषु भूतेषु नश्यसु न विनश्यति ॥ भ. गी ८ . २०

परस्तस्मात्तु भावोऽन्योऽव्यक्तोऽव्यक्तात्सनातनः ।। भ. गी ८ . २०

२३ भ. गी -४. ३५
२४ मां पश्यति सर्वत्र सर्व च मयि पश्यति। - भ. गी ६ . ३०
२५ भ. गी.- १२.१०, ८
२६ भ. गी.- १८ . ५३. ५४
२७ भ. गी.- १४. २६,२७
२८ पं'चमः कपिलो नाम सिद्धशः कालविप्लुतम् ।
प्रोवाचासुरये सांख्यतत्त्वग्रामविनिर्णयम ।। भा पु. १.३.१०
२९ एस. एन०। दासगुप्त, पूर्व, जि. ४, पृ. २४
३० श्रुतं च एष्टवद् दुष्टं स्पर्धासूयात्ययव्ययैः ।। भा. पु. ११.१०.२१
३१ इष्ट्वेह देवता यज्ञैः स्वलोकं याति याज्ञिकः ।
भु'जीत देववत् तत्र भोगान् दिव्यान्निजाजितान् ।।
तावत् प्रमोदते स्वर्ग यावत् पुण्यम समाप्यते ।
क्षीणपुण्यः पतत्यर्वागनिच्छन् कालचालितः ।। भा. पु. ११.१०.२३,२६
३२ दष्टवदानुश्राविकः स हि ह्यविशुद्धिक्षयातिशययुक्तः ।
तद् विपरीतः श्रेयान् व्यक्ताव्यक्त विज्ञानात् ।। सां. का. २
३३ अनादिरात्मा पुरुषो निर्गुणो प्रकृतेः परः ।
प्रत्यग्याम स्वयंज्योतिः विश्वं येन समन्वितम् ।। भा. पु.३.२६.३
३४ पुराण्यनेन सृष्टानि नृतियंग्रणिदेवताः ।
शेते जीवेन रूपेण पुरेषु पुरुणो ह्यसौ ।। भा. पु.७.१४.३७
३५ बुद्धः जागरण स्वप्नः सुषुप्तिरिति वृत्तयः ।
तायेन वानुभूयन्त सोऽध्यक्षः पुरुषः परः ।। भा. पु. ७.७.२५
३६ एतद् द्वारो हि संसारः गुणकर्मनिबन्धनः ।
अज्ञानमूलोऽपार्थोऽपि पु'सा स्वप्ने इवेष्यते ।। भा. पु७.७.२७
३७ तत्र साक्षिणमात्मानम् । भा. पु. ६.१२.१५
३८ भा. पु८.३.२४
३९ नित्यत्वादनयोः प्रभो। भा. पु. ३.२७.१७
४० अकर्तुः कर्मबन्धोऽयं पुरुषस्य यदाश्रयः ।
गुणेषु सत्सु प्रकृतेः कैवल्यं तेष्वतः कथम् ।। भा. पू. ३.२७.१९
४१ भुक्तभोगा परित्यक्ता दष्टदोषाच नित्यशः ।
नेश्वरस्याऽशुभं धत्ते स्ते महिम्नि स्थितस्य च ।। भा. पु. ३.२७.२४
४२ प्रकृतेः सुकुमारतरं न किचिदस्तीति मतिर्मे भवति ।
या इष्टास्मीति पुनर्न दर्शनमुपैति पुरषस्य ।। सां. का. २१

४३ असाविहानेकनूरणोऽगुणो। भा. पु. ४,२१.३४

४४ त्वं माययाऽऽत्माश्रयया स्वयेदं निर्माय विश्वं तदनुप्रविष्टः ।। भा. पु. ८.६.११

४५ यथाचिणोऽग्नेः सवितुर्नभस्तयः निर्यान्त संयान्त्यसकृत्स्वरोचिणः ।
तथायतोऽयं गुणसम्प्रवाहो बुद्धिधर्मनः चानि शरीरसर्गः ।। भा. पु. ८.३.२३

४६ भा. पु. ३.२७.१७
पश्चिमस्तं नियं सदसदात्मकम् । प्रधानं प्रकृतिमाहुरविमेव ।। भा. पु. ३.२६.१०

४७ पंण्वन्धदुभयोरपि ---- सा.का. २१

४८ भा. पु. ११.३.१६

४९ भा. पु. ११.२२.१७

५० व्यक्तं तथा प्रधानं तद् विपरीतस्तया पुमान् ।। सा. का. ११

५१ भा. पु. ११.२२.१-३

५२ भा. पु. ११.१९.१४

५३ भा. पु. ११.१९.१४

५४ भ. गी.- ९. २२

संदर्भ सूचि :

१ ऋग्वेद – सायण भाष्योपत , वैदिक संशोधन मण्डल ,पूना
२ छादोग्यउपनिषद ,गीताप्रेस ,गोरखपुर
३ भगवद्गीता , गीताप्रेस ,गोरखपुर
४ भागवतपुराण , गीताप्रेस ,गोरखपुर
५ सांख्यकारिका , च्वोखम्बा विद्या भवन ,वाराणसी
६ अमरकोश , स. गुरुप्रसाद शास्त्री ,बनारस १९५०
७ Essays on the Gita-sri aurobindo ashram publication 2001

भागवत में निरूपित योग के विविध आयाम

डॉ. मंजुलाबहन ए. पटेल
संस्कृत विभाग
विनयन महाविद्यालय, सतलासना

सारांश

पुराण साहित्य में श्रीमद्भागवत अपनी दार्शनिकता तथा व्यापक धार्मिकता के कारण नितांत प्रख्यात है। भागवत का योग पौराणिक युग का एक अंश मात्र है तथा योगशास्त्र की इतिहास की दृष्टि से उसका स्थान औपनिषद योग तथा पातंजल योग के मध्य के काल में आता है। श्रीमद्भागवत महापुराण जहां एक और कथाओं के माध्यम से जनसाधारण को परमात्मा की भक्ति की और आकर्षित करता है, वहीं दूसरी और योग के गूढ़तम रहस्य को प्रतिपादन करते हुए उसके विविध आयामों का विवेचन करता है। भागवत में ज्ञानयोग, कर्मयोग, भक्तियोग व अष्टांग योग के माध्यम से कृष्ण तत्व का ही वर्णन प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत की एक विशेषता यह है कि इसमें ज्ञानयोग के अंतर्गत भक्ति संगत ज्ञान का वर्णन है। कर्मयोग के अंतर्गत कर्म को फलभोग का हेतु माना गया है। यद्यपि कर्ता भगवान श्रीकृष्ण ही है परंतु माया रुपी आविद्वया के कारण ही जीवो को कर्तापन की भांति होती है। इसीलिए इसमें अपने समस्त कर्मों को भक्ति भाव से भगवान श्रीकृष्ण में समर्पित करने की बात कही गई है। श्रीमद् भागवत में वर्णित अष्टांगयोग, उपनिषदों और पातंजल योगसूत्र के अष्टांगयोग का प्रतिनिधित्व करता है इसमें वर्णित अष्टांग योग में भी भक्ति का संपुट है। इस तरह यह राजयोग और भक्तियोग का अनृता समन्वय प्रस्तुत करता है। प्रस्तुत शोधपत्र का उद्देश्य जनसाधारण को श्रीमद्भागवत महापुराण में वर्णित योग की विविध धाराओं से अवगत कराना तथा इस सहज मार्ग की ओर जीवन की दिशा धारा को प्रेषित कराना है।

बीज शब्द : पुराण, दार्शनिकता, योग, आयामों, माया, अविद्या, अष्टांगयोग

पुराण साहित्य में श्रीमद्भागवत अपनी दार्शनिकता तथा व्यापक धार्मिकता के कारण नितांत प्रख्यात है। भागवत का योग पौराणिक युग का एक अंश मात्र है तथा योग शास्त्र के इतिहास की दृष्टि से उसका स्थान औपनिषद योग तथा पतंजलि योग के मध्यकाल में आता है। भागवत में भक्ति के साथ-साथ अष्टांग योग का भी प्रचुर वर्णन है। यह वर्णन पातंजल योग से बड़ा विशेष से मिलता है भागवत में योग साधना की क्रियाओं अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप दोनों प्रकार से वर्णन किया गया मिलता है। भागवत के प्रथम स्कंध में कई बार अप्रत्यक्ष निर्देशों की बात कही गई है। भागवत में ज्ञानयोग, भक्ति योग, कर्मयोग य अष्टांग योग के माध्यम से कृष्ण तत्व का ही वर्णन प्राप्त होता है। दोयोग ब्रह्मा द्वारा निर्दिष्ट एक शाश्वत विज्ञान है साधना पद्धति है। ऋषियो, तपस्वियों तथा योगियों द्वारा बताई गई श्रेष्ठ विद्या है। यह विशेष ज्ञान जीवन के महत्वपूर्ण तथ्यों को दर्शाने तथा विभिन्न भौतिक व अध्यात्मिक तथ्यों को साकार करने वाला है। योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा के ' **युज**' धातु से हुई है जिसका अर्थ ह है – जोड़ना। इस एकीकरण का अर्थ जीवात्मा तथा परमात्मा के एकीकरण से लिया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में योग को सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करते हुए कहा है – तपस्वियों से योगी श्रेष्ठ, ज्ञानियों से योगी श्रेष्ठ है कर्मयोगियों से भी योगी श्रेष्ठ है इसलिए हे अर्जुन ! तु योगी बन (श्रीमद् भागवतगीता.6/46) ।

"जीवात्मा परमात्मा संयोगो योग" कहते हुए भगवान याज्ञवल्क्य ने जिस योग की विवेचना की है वह केवल कल्पना नहीं, अपितु दैनिक जीवन की एक अनुभूत साधना है और एक ऐसा उपाय है जिसके द्वारा अपने साधारण मानसिक क्लेशों एवं जीवन की अन्य कठिनाइयों का बहुत सुविधापूर्वक निराकरण किया जा सकता है। जीवन के विस्तृत अध्ययन के बाद ऋषियों ने यह तत्वदर्शन खोजा और प्रतिपादित किया कि व्यष्टि और समष्टि से संयोग हुए बिना शांति नहीं प्राप्त हो सकती। व्यक्तित्व चेतना का विराट विश्व में विस्तीर्ण एकरस चेतना में मिलने पर ही मनुष्य की अशांति का अंत हो सकता है। इस लक्ष्य के लिए निर्दिष्ट समस्त पद्धतियां योग के अंग है, क्योंकि योग का अर्थ ही है व्यष्टि का समष्टि से तादात्म्य, लघु का विभु, अणु का महत्, जीव का परमात्मा से पूरी तरह से जुड़ जाना एक रस हो जाना। योग ऋषियों, तपस्वियों तथा योगियो द्वारा बनी एक

Participants with name numbers associated with adaptation and introspection seemed to gain more from the Karma Yoga concepts, which support flexibility, detachment, and a concentration on selfless action overall.

Qualitative Results from Numerology-Informed Self-Reflection

By means of the numerology-informed self-reflection questionnaire, participants also offered qualitative comments that shed important light on how their numerological profiles affected their interaction with the Karma Yoga teachings:

Many participants said the numerology element brought a significant, customized aspect to the intervention. Participants with destiny numbers 2 and 6 (related with nurturing and service) observed, for instance, that Karma Yoga's emphasis on selfless action matched well with their natural inclinations, therefore increasing receptivity and interaction with the teachings.

Improved self-awareness: Participants with name numbers connected to creativity and adaptability—e.g., name numbers 3 and 5—said the numerology insights helped them see how their external behaviors and relationships with colleagues added to their stress. This improved self-awareness let them use Karma Yoga ideas more deliberately, say by emphasizing non-attachment in their leadership roles or decision-making process.

Participants with destiny and name numbers connected to leadership or stability—e.g., destiny number 1, name number 4—thought back on the challenges they encountered in embracing Karma Yoga's ideas of non-attachment. They explained how initially it was difficult to exercise detachment from results as their professional responsibilities often necessitated a concentration on results and control. Many of these people, though, claimed improvement in changing their perspective by the end of the session.

Discussion

The findings of this study strongly suggest that Karma Yoga can greatly lower stress among top corporate executives when combined with individualized numerological insights. With Cohen's d = 1.56, the

great effect size emphasizes how well the intervention helps individuals control the demands of high-stakes work conditions.

The results also imply that personalization—through numerological insights—plays a part in how people interact with and gain from spiritual or psychological interventions. Participants with destiny and name numbers connected with flexibility, inventiveness, and service showed the highest stress reductions; this suggests that these qualities may easily fit Karma Yoga's emphasis on selflessness, detachment, and emotional balance.

Though still useful, the technique of non-attachment seemed more difficult for people whose destiny and name numbers connected to leadership, power, or stability. This group benefited from the intervention even if their stress levels dropped somewhat; this shows that the ideas of Karma Yoga can be modified even in more rigorous, results-oriented professional settings.

Implications for Corporate Stress Management

The findings have important ramifications for business stress management policies, especially for top executives who may deal with special pressures connected to leadership, decision-making, and high performance standards. Karma Yoga provides a sensible and all-encompassing method that lets people turn their attention from outcomes to the method of completing their responsibilities. This conceptual change helps to lessen the emotional weight related to demanding roles, hence lowering anxiety and burnout.

For several of the participants, adding tailored numerological insights seems to have improved engagement and efficiency. This implies that including individualized components into business wellness initiatives could be an effective approach to raise the relevance and influence of such interventions. Although numerology by itself is not empirically supported, other types of personalizing—such as personality tests or tailored coaching—may similarly enable therapies to match employees' particular stress sources and coping strategies.

Limitations

This study has significant limits even with the favorable results. Lack of a control group makes it challenging to fairly credit the Karma

Yoga intervention for the noted stress reductions. Future research could include a control group or compare Karma Yoga to other stress-reducing strategies as cognitive-behavioural treatments or mindfulness.

Finally, depending so much on self-reported data—including PSS and introspective questionnaires—may bring bias. Social desirability or the belief that individuals should feel better following intervention could have helped participants report changes in stress. Future research could use objective stress measurements—such as physiological indicators (e.g., heart rate variability, cortisol levels)—to support self-reported results.

Future Research Directions

This work presents various interesting directions for next investigations. First, the efficacy of Karma Yoga in relation to other accepted stress management strategies has to be validated by means of randomized controlled studies (RCTs). Second, long-term consequences of Karma Yoga on stress and mental health as well as the sustainability of its advantages across time should be investigated in longitudinal research.

Conclusion

This study shows how very effective Karma Yoga is in lowering work-related stress among top business executives. Personalized numerology insights gave the intervention more complexity and raised participants' involvement and self-awareness. These results imply that Karma Yoga provides a useful method of stress management in demanding corporate situations, especially when tailored to individual characteristics and behaviors. Karma Yoga might offer a significant and useful answer as companies look for creative ways to assist employee well-being, especially for individuals in leadership positions or those experiencing persistent stress from rigorous professional obligations.

श्रीमद्भगवद्गीता एवं भागवत् में भक्ति तत्व विमर्श

डा. गिरीश कुमार (सहायकाचार्य)
राजकीय संस्कृत महाविद्यालय
क्यारटू शिमला (हि0प्र0)

जगत सुख-दुखमय है। सुख और दुख के बंधन से मुक्त होना ही मोक्ष है। अतः मनुष्य जीवन का मुख्य लक्ष्य परम पुषार्थ मोक्ष की प्राप्ति है। यद्यपि श्रीमद्भगवद्गीता एवं भागवत् में प्रतिपादित ज्ञान मार्ग, कर्म मार्ग एवं भक्ति मार्ग इन तीनों के द्वारा ही संसार रूपी भवसागर को पार किया जा सकता है। किंतु कर्म को मोक्ष का साक्षात् उपाय नहीं माना जा सकता और ज्ञान को मोक्ष का साक्षात् उपाय गिना तो जाता है परन्तु भक्ति विहीन ज्ञान को शास्त्र अकिंचित्कर कहता है। अतः मोक्ष प्राप्ति का एकमात्र सहज साधन भगवत् भक्ति ही है । श्रीमद्भागवत् में शुकदेव जी ने भी कहा है –

अकामः सर्वकामो वा मोक्षकाम उदारधीः ।
तीव्रेण भक्तियोगेन यजेत पुरुषं परम् ॥१

भक्ति के स्वरूप के विषय में महर्षि शांडिल्य ने भी कहा है-

सा परानुरक्तिरीश्वरे २

नारदभक्तिसूत्र में महर्षि नारद ने भक्ति के स्वरूप का विवेचन करते हुए कहा है-

सा त्वस्मिन् परमप्रेमरूपा ३

भक्ति शब्द भज् धातु से क्तिन् प्रत्यय करने पर निष्पन्न होता है । भज् धातु का अर्थ सेवा करना अथवा अनुशीलन है। परतत्त्व का भावमय में एवं चेष्टामय अनुशीलन ही भक्ति का स्वरूप लक्षण है । भक्ति साध्य एवं साधन के भेद से दो प्रकार की होती है। साध्य भक्ति प्रेममयी अथवा भावमयी है और साधन भक्ति चेष्टमयी है। भक्ति परमेश्वर में परम प्रेम स्वरूप है वह अमृत स्वरूप भी है।

श्रीमधुसूदनसरस्वति ने भक्ति रसायन में भी कहा गया -

द्वते चित्ते प्रविष्टा या गोविन्दाकारता स्थिरा।
सा भक्तिरित्यभिहिता विशेषस्त्वधुनोच्यते ॥४

इन सभी वचनों से ज्ञात होता है कि श्रीमन्नारायण के प्रति अनन्य प्रेम ही भक्ति है। यद्यपि जाम्बवंत, गरूड़, गजेंद्र, काक– भुशुण्डि इत्यादि पशु -पक्षी इत्यादि का भगवत् भक्ति से परम पद को प्राप्त होने का वर्णन प्राप्त होता है। किंतु सर्वसाधारण पशु पक्षियों में पुरूषों की भांति ज्ञान का अभाव होने से ईश्वर भक्ति में मनुष्य का अधिकार प्राप्त है। बादरायण सूत्र में भी कहा गया – शास्त्राधिकारत्वान्मनुष्यस्य भक्ति के लिए न रूप की आवश्यकता है, न मूल्य ,न विद्या, न धन , न कुलीन जाति, न सदाचार, न सद्गुण, न बल की अपितु अनन्य प्रेम ही नारायण को प्रिय है। भक्तिरसामृतसिंधु में भी कहा गया है –

व्याधस्याचरणं ध्रुवस्य च वयो विद्या गजेन्द्रस्य का
का जातिर्विदुरस्य यादवपतेरुग्रस्य किं पौरुषम् ।
कुब्जायाः किमु नाम रूपमधिकं किं तत्सुदाम्नो धनं
भक्त्या तुष्यति केवलं न च गुणैर्भक्तिप्रियो माधवः ॥

व्याध का कौन-सा श्रेष्ठ आचरण था ? ध्रुवकी कौन-सी बड़ी उम्र थी ? गजेन्द्र के पास कौन-सी विद्या थी ? विदुरकी कौन-सी ऊँची जाति थी ? यदुपति उग्रसेन का कौन-सा पराक्रम था? कुब्जाका कौन-सा सुन्दर रूप था ? सुदामा के पास कौन-सा धन था ? फिर भी उन लोगों को भगवत्प्राप्ति हो गयी । भक्ति भगवान को प्राणों से भी अधिक प्रिय है । श्रीमद्भागवत में भी कहा गया है –

मन्ये धनाभिजनरूपतपःश्रुतौजस्।
तेजःप्रभावबलपौरुषबुद्धियोगाः।
नाराधनाय हि भवन्ति परस्य पुंसो।
भक्त्या तुतोष भगवान्गजयूथपाय।।५

प्रगाढ भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान सभी कार्य को छोड़कर भक्त के लिए असंभव कार्य को भी संभव कर देते हैं। सुदामा की अति दीन दशा को देखकर द्वारका में स्वयं भगवान् ने उसकी सेवा में तत्पर रहे श्री कृष्ण द्वारा सुदामा के प्रति स्नेह,मित्र धर्म एवं सम्मान का भागवत् पुराण के दशम स्कंध में इस प्रकार वर्णन किया गया है-

सख्युः प्रियस्य विप्रर्षेः अङ्गसङ्गातिनिर्वृतः ।
प्रीतो व्यमुञ्चदब्बिन्दून् नेत्राभ्यां पुष्करेक्षणः ॥६
अथोपवेश्य पर्यङ्के स्वयं सख्युः समर्हणम् ।
उपहृत्यावनिज्यास्य पादौ पादावनेजनीः ॥७
अग्रहीच्छिरसा राजन् भगवान् लोकपावनः ।
व्यलिम्पद् दिव्यगन्धेन चन्दनागुरुकुङ्कमैः ॥८

सर्वशक्तिमान सर्वसमर्थ भगवान श्री कृष्ण ने पाण्डवों की भक्ति से आकृष्ट होकर ही कौरव वंश को छोड़कर पाण्डव कुल के कल्याण के लिए अर्जुन का सारथी बनना भी स्वीकार किया तथा भक्तराज प्रह्लाद की भक्ति से आकृष्ट होकर के उनकी हर विपदा को दूर किया। जब प्रह्लाद के पिता हिरण्यकश्यप ने पूछा कि तुम्हारे नारायण कहां है? तो प्रह्लाद ने नारायण को सर्वव्यापी कहा तो खम्भे में नारायण नरसिंह भगवान के रूप में प्रकट हुए और भक्त के प्रतिकूल आचरण करने वाले हिरण्यकशिपु को नखों से विदीर्ण कर पंच तत्वों में विलीन किया । श्रीमद्भगवद्गीता में भी भक्ति के महत्व को प्रतिपादित करते हुए योगेश्वर श्री कृष्ण ने भक्ति को गुह्यतम कहा है । जिस चतुर्भुज दुर्लभ स्वरूप को साधक वेदों से, तप से, दान एवं यज्ञ से भी नहीं जान सकते उस स्वरूप का वह अनन्य भक्ति से ही साक्षात्कार कर लेता है

भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन ।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप ॥९

भक्ति परायण भक्तों का विवेक करते हुए गीता में कहा गया है कि-

चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन ।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ।। १०

भक्त चार प्रकार के होते हैं

आर्त - दुखों से छूटने की इच्छा वाले भक्त

जिज्ञासु- प्रत्यक्ष रूप से जाने की इच्छा वाले भक्त

अर्थार्थी- कामना की पूर्ति के लिए भक्ति करने वाले भक्त

ज्ञानी- साधना की परिपक्व अवस्था में अनन्य भक्ति करने वाले भक्त

तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त एकभक्तिर्विशिष्यते । उनमें भी ज्ञानी ही श्रेष्ठ है। क्योंकि भक्ति का वास्तविक स्वरूप समर्पण है, जो ज्ञानी में ही परिलक्षित होता है। भक्ति का प्रारम्भ ही समर्पण से होता है ,जब भक्त अनन्यभाव से ईश्वर का चिंतन करता हुआ अपने संपूर्ण कर्मों को ईश्वर को समर्पित करता है तब भक्ति का उदय होता है । अनन्य भक्ति से युक्त साधक का योगक्षेम भी भगवान् स्वयं ही करते हैं

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते ।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ।।११

भक्ति के स्वरूप का निरूपण करते हुए गीता में भी कहा गया है –

यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत् ।
यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम् ।।१२
पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति ।
तदहं भक्त्युपहृतमश्नामि प्रयतात्मनः ।।१३

योगेश्वर श्री कृष्ण ने मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु की पुनरूक्ति कर भक्ति योग पर विशेष बल दिया है । स्वरूप निर्धारण के उपरान्त श्रीमद्भागवत् के सप्तम स्कंध में प्रह्लादोक्त नवधा भक्ति का वर्णन किया गया है

श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्।
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम्।। १४
इति पुंसार्पिता विष्णौ भक्तिश्चेन्नवलक्षणा।
क्रियेत भगवत्यद्धा तन्मन्येऽधीतमुत्तमम्।। १५

श्रीविष्णु में श्रवण ,कीर्तन, स्मरण, पादसेवन,अर्चन, वंदन, सख्य, दास्य तथा आत्म निवेदन भक्ति नवधा भक्ति है। नवधा भक्ति की किसी एक विधा से भी भक्त भगवान् का साक्षात्कार कर ससार सागर को पार कर सकता है। नवधा भक्ति के विषय में पृथक्-पृथक् उदाहरण देकर भक्ति रसामृत सिंधु में भी कहा गया है-

श्रीविष्णोः श्रवणे परीक्षिदभवत् वैयासकिः कीर्तने
प्रह्लादः स्मरणे तदंघ्रिभजने लक्ष्मीः पृथुः पूजने ।
अक्रूरस्त्वभिवन्दने कपिपतिर्दास्येऽथ सख्येऽर्जुनः

सर्वस्वात्मनिवेदने बलिरभूत् कृष्णाप्तिरेषाम् परम्॥

परीक्षित को श्रवण भक्ति से, व्यास को कीर्तन से ,प्रह्लाद को स्मरण मात्र से, लक्ष्मी को चरणों की सेवा से, पृथु को पूजन से, अक्रूर को वन्दन से, हनुमान को दास्य भक्ति से, अर्जुन को सख्य भक्ति से तथा बली ने आत्म निवेदन भक्ति से श्री कृष्णतत्त्व को प्राप्त किया। जब भक्त अपना सर्वस्व समर्पित कर अनन्य भाव से जगदीश का चिंतन करता है और शरीर की वाचिक तथा मानसिक सकल चेष्टा भगवत् भावमयी होती है तब भक्तों के हृदय में भगवत् विषयक अपूर्व दिव्य प्रेम का विकास होता है। जब भक्त अपना सर्वस्व भगवान् को ही मानता है। तब भक्ति ,ज्ञान और वैराग्य से परमतत्त्व पुरुषोत्तम की प्राप्ति होती है अतः नारद सूत्र में भी कहा गया है-

त्रिसत्यस्य भक्तिरेव गरीयसी भक्तिरेव गरीयसी ।१६

सत्य स्वरूप प्रभु को मन वाणी तथा तन से भक्ति ही प्राप्त करा सकती है॥ तीनों सत्यों में भक्ति ही श्रेष्ठ है। पद्म पुराण के, उत्तर खंड में भी कहा गया है-

विष्णुरेवं तदा प्राह मद्भक्तिपरितोषितः ।
नाहं वसामि वैकुंठे योगिनां हृदये न च ।।१७
मद्भक्ता यत्र गायंति तत्र तिष्ठामि नारद ।
सत्पुराणकथां श्रुत्वा मद्भक्तानां च गायनम्।। १८

भगवत् प्राप्ति के जितने भी साधन है उनमें एक भक्ति ही सुगम और श्रेष्ठ उपाय है। अन्य साधन तो दुर्गम एवं सर्वसाधारण के अधिकार में नहीं है । भक्ति भगवान को प्राणों से भी प्रिय है अतःभक्ति ही श्रेष्ठ है ।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूचि-

1श्रीमद्भागवत् २-३-१०
२ शाण्डिल्यभक्तिसूत्र -२
३ नारद भक्ति सूत्र-२
४ भक्ति रसायन २-१
५ श्रीमद्भागवत् ७-९-९
६ श्रीमद्भागवत् १०-८०-१९
७ श्रीमद्भागवत् १०-८०-२०
८ श्रीमद्भागवत् १०-८०-२१
९ श्रीमद्भगवद्गीता ११-५४
१० श्रीमद्भगवद्गीता ७-१६
११ श्रीमद्भगवद्गीता ९- २२
१२ श्रीमद्भगवद्गीता ९- २७
१३ श्रीमद्भगवद्गीता ९- २६
१४ श्रीमद्भागवत् ७-५-२३
१५ श्रीमद्भागवत् ७-५-२४
१६ नारद भक्ति सूत्र-८१
१७ पद्म पुराण उत्तर खंड ९२-२१
१८ पद्म पुराण उत्तर खंड ९२-२२

श्रीमद्भगवद्गीता और भागवत् में कर्म सिद्धान्त

गुलशन पाठक
शोधच्छात्रा वेद विभाग,
श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालय
नई दिल्ली

शोध-सारांश

कूटशब्द- निष्काम कर्म, कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग, समबुद्धि, विषमता।

प्रस्तावना-

श्रीमद्भगवद्गीता तथा भागवत् भारतीयज्ञानपरम्परा के अद्वितीय ग्रन्थरत्न हैं, कर्म सिद्धान्त का प्रतिपादन हमें दोनों ग्रन्थों में प्राप्त होता है। महाभारत के भीष्मपर्व के अन्तर्गत श्रीमद्भगवद्गीता में तथा श्रीमद्भागवत् महापुराण के 20 वें अध्याय के अन्तर्गत कर्म सिद्धान्त का वर्णन है। कर्म सिद्धान्त भारतीय दर्शन का आधारभूत सिद्धान्त है, चार्वाक दर्शन को छोड़कर शेष सभी दर्शन चाहें वे आस्तिक हों या नास्तिक कर्म सिद्धान्त को मान्यता प्रदान करते हैं।

श्रीमद्भगवद्गीता एवं भागवत् में कर्म सिद्धान्त के विषय में प्रायः समान बातें ही कही गयी हैं, दोनों के वक्ता एवं प्रणेता भी समान ही हैं किन्तु गीता का कर्मयोग विश्वप्रसिद्ध है। वस्तुतः गीता अपने निष्काम कर्मयोग के लिए ही प्रसिद्ध है अतः सर्वप्रथम गीता के कर्मसिद्धान्त का विश्लेषण आवश्यक है।

कर्मयोग के संबन्ध में गीता की प्रथम मान्यता यह है कि कोई भी जीव क्षणमात्र के लिए भी बिना कर्म किये नहीं रह सकता। प्रकृति के गुणों (सत्व, रज, तम) के वशीभूत होकर प्रत्येक जीव को कर्म करने ही पड़ते हैं। कर्म किये बिना शरीर-निर्वाह भी नहीं हो सकता क्योंकि सांस लेना भी एक प्रकार का कर्म है। इस संबन्ध में गीता का प्रसिद्ध श्लोक हैं-

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।
कार्यते ह्यवशः कर्मः सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः।।[1]

---

[1] श्रीमद्भगवद्गीता 3/5

इस प्रकार कर्म की अपरिहार्यता को देखते हुए कर्म सिद्धान्त को समझना अत्यन्त आवश्यक हो जाता है। कर्मयोग क्या है, यह बताने से पूर्व ही श्रीमद्भगवद्गीता में यह बताया गया है कि कर्मयोग से लाभ कैसे-कैसे होते है। यह बताना जरुरी इसलिए था क्योंकि मानव स्वभावतः बिना लाभ-हानि जाने किसी कर्म में प्रवृत्त नहीं होता। अतः कर्मयोग का लाभ बताते हुए भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा है-

नेहाभिक्रमनाशोऽस्ति प्रत्यवायो न विद्यते।
स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायतो महतो भयात्।।[1]

अर्थात् इस निष्काम कर्मयोग में प्रारंभ किये गये कर्म का नाश नहीं है और कर्म न करने में होने वाला पाप भी नहीं होता। इस निष्काम कर्म का अत्यल्प मात्रा में किया गया अभ्यास भी मनुष्यों की महान् भय से रक्षा करता है। जो यह कर्मयोग समझ गया फिर उसे कर्म सम्बन्धित पाप नहीं लगते।

श्रीमद्भगवद्गीता में कर्म के दो प्रकार बताए गये हैं- **1.सकाम कर्म 2.निष्काम कर्म**

संसार में तृप्ति, शान्ति तथा पूर्णता खोजना सकाम कर्म है तथा निष्काम कर्म कर्त्ता की वह स्थिति है जिसमें उसकी कामना संसार में शान्ति खोजने की नहीं, अपितु संसार के पार जाने की है। कामना तो है, परन्तु कामना संसार के भीतर कुछ प्राप्त कर लेने की नहीं है अपितु संसार के पार निकल जाने की है। संसार अब साध्य नहीं है, साधन है। संसार अब अंत नहीं है, माध्यम है- ये निष्काम कर्म है।

श्रीमद्भगवद्गीता में कर्मयोग का तात्पर्य निष्काम कर्म से ही है। निष्काम-कर्म तृष्णारहित कर्म है। तृष्णा के अभाव में कर्म करते हुए मनुष्य कर्म-फल का कारण नहीं बनता है। कर्मयोगी श्रीकृष्ण कहते हैं कि न तो कर्मफल की आशा से कर्म करना चाहिए, और न ही कर्मफल के त्याग का हठ करना चाहिए, हमें संपूर्ण निष्ठा से सार्थक कर्म करना चाहिए, क्योंकि एकमात्र उसी में हमारा अधिकार है।

---

[1] श्रीमद्. 2/40

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतूर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि।।[1]

गीता में सकाम कर्म को निष्काम कर्म की अपेक्षा निष्कृष्ट कोटि का बताया गया है। चूँकि काम्य कर्म निष्काम कर्म से अधम या निकृष्ट है अतः मनुष्य को समबुद्धि धारण करना चाहिए। जो लोग मात्र फल हेतु कर्म करते हैं वे बहुत ही दीन और कृपा के पात्र होते हैं।

प्रकृति में जो कुछ भी है वो विषम है। विषम का अर्थ है- जो कभी पूर्ण नहीं होता। जहाँ कुछ भी दूसरे से पूरी तरह समायोजित नहीं है उसे विषमता कहते हैं। संसार विषम है, सत्य सम है। संसार में सदैव विषमता विद्यमान रहता है, संघर्ष, घर्षण सदा बना रहता है। जगत के इस विषमता के पार जाना ही समता है। समबुद्धि का अर्थ सुख-दुख को एक ही तरह देखना नहीं है अपितु समबुद्धि का अर्थ है न सुख को देखना और न ही दुःख को देखना। समबुद्धि वह है जो सुख-दुख से कहीं आगे देख रहा हैं। अतः समबुद्धि होकर कर्म करना चाहिए। समबुद्धि होकर निष्काम कर्म करना ही धर्म है और यही गीता के कर्म-सिद्धान्त का सार है।

यदि हम श्रीमद्भागवत्महापुराण में कर्म सिद्धान्त की तरफ दृष्टिपात करें तो भागवत् के 20 वें अध्याय में भगवान् श्रीकृष्ण ने ज्ञानयोग, कर्मयोग, तथा भक्तियोग का उपदेश दिया है। कर्म सिद्धान्त के विषय में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं-

योगास्त्रयो मया प्रोक्ता नृणां श्रेयोविधित्सया।
ज्ञानं कर्म च भक्तिश्च नोपायोऽन्योऽस्ति कुत्रचित्।।[2]

अर्थात् मैंने ही वेदों में एवं अन्यत्र भी मनुष्यों का कल्याण करने के लिए अधिकारभेद से तीन प्रकार के योगों का उपदेश किया है, वे तीन-ज्ञान, कर्म और भक्ति हैं। मनुष्य के कल्याण के लिये इनके अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं है। स्पष्ट है कि ज्ञान, कर्म और भक्ति इनमें से जो अपने सामर्थ्य में हो हमें उसका अनुसरण कर लेना चाहिए क्योंकि इसके अतिरिक्त कोई और मार्ग नहीं हैं।

---

[1] गीता. 2/47

[2] श्रीमद्. महा. 20/06

तीन प्रकार के कर्मयोग को बताने के पश्चात् श्रीकृष्ण इन तीनों कर्मों के अधिकारी के विषय में चर्चा करते हैं-

निर्विण्णानां ज्ञानयोगो न्यासिनामिह कर्मसु।
तेष्वनिर्विण्णचित्तानां कर्मयोगस्तु कामिनाम्।।[1]

अर्थात् जो लोग कर्मों तथा उनके फलों से विरक्त हो गये हैं और उनका त्याग कर चुके हैं वे ज्ञानयोग के अधिकारी हैं। इसके विपरीत जिनके चित्त में कर्मों और उनसे प्राप्त फलों से वैराग्य नहीं हुआ है वे सकाम व्यक्ति कर्मयोग के अधिकारी हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि विरक्त को ज्ञानयोग तथा आसक्त को कर्मयोग के मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। इसी क्रम में भक्तियोग को बताते है-

यदृच्छया मत्कथादौ जातश्रद्धस्तु यः पुमान्।
न निर्विण्णो नातिसक्तो भक्तियोगोऽस्य सिद्धिदः।।[2]

अर्थात् जो पुरुष न तो अत्यन्त विरक्त है और न ही अत्यन्त आसक्त ही है तथा किसी पूर्वजन्म के शुभकर्म से सौभाग्यवश मेरी लीला-कथा आदि में श्रद्धा हो गयी है, वह भक्तियोग का अधिकारी है उसे भक्तियोग द्वारा ही मोक्ष मिल जाता है।

श्रीकृष्ण कहते हैं कि मनुष्य को कर्म तभी तक करना चाहिए जब तक कि उसे कर्मफल से वैराग्य न हो जाए-

यावत् कर्माणि कुर्वीत न निर्विद्येत यावता।
मत्कथाश्रवणादौ वा श्रद्धा यावन्न जायते।।[3]

अर्थात् तभी तक कर्म करना चाहिए, जब तक कर्ममय जगत और उससे प्राप्त होने वाले स्वर्गादि सुखों से वैराग्य न हो जाय अथवा जब तक मेरी लीला-कथा श्रवण-कीर्तन में श्रद्धा न उत्पन्न हो जाय। इस प्रकार मनुष्य को अपने वर्ण और आश्रम के अनुकूल धर्म में स्थित होकर बिना किसी आशा और कामना के भगवान् की आराधना करते हुए निषिद्ध कर्मों से दूर रहकर केवल विहित कर्मों का

---

[1] श्रीमद्. महा. 20/07

[2] श्रीमद्.महा. 20/08

[3] श्रीमद्.महा. 20/09

ही आचरण करना चाहिए क्योंकि इस प्रकार का आचरण करने वाले मनुष्य को स्वर्ग या नरक में नहीं जाना पड़ता है और वह मुक्त हो जाता है।

एवमेतान् मयाऽऽदिष्टाननुतिष्ठन्ति मे पथः।
क्षेमं विन्दन्ति मत्स्थानं यद् ब्रह्म परमं विदुः।।[1]

अर्थात् इस प्रकार जो लोग मेरे बतलाये हुए इन ज्ञान, भक्ति और कर्म मार्गों का आश्रय लेते हैं, वे मेरे परमकल्याण-स्वरूप धाम को प्राप्त होते हैं क्योंकि वे परब्रह्मतत्त्व को जान लेते हैं।

कर्म सिद्धान्त की वर्तमान प्रासंगिकता-

आज के वैज्ञानिक प्रगतिशील युग में कर्म सिद्धान्त की उपयोगिता और अधिक हो गयी है। विज्ञान की प्रगति से जहाँ एक ओर मनुष्य ने भौतिक प्रगति की है वहीं दूसरी ओर इस भौतिक चकाचौंध में वह अपनी आन्तरिक शान्ति खोता जा रहा है। बाहरी दिखावेपन में हम आन्तरिक खोखलेपन का शिकार बनते जा रहे हैं, प्रत्येक व्यक्ति कुछ पाने की अन्धी-दौड़ में शामिल होता जा रहा है। कर्म की अपेक्षा फलप्राप्ति में मनुष्य की रुचि अधिक होने लगी है फलस्वरूप तनाव, चिन्ता अवसाद आदि बीमारियों का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। इन सभी समस्याओं का एक ही समाधान है- और वह कर्म सिद्धान्त का व्यावहारिक ज्ञान है। यदि मनुष्य कर्म के विज्ञान को सम्यक् प्रकार से समझकर उस अनुरूप व्यवहार करे तो वह अनुचित कर्म से बच जाएगा तथा सार्थक कर्म से अपना और समाज का कल्याण कर सकेगा एवं अन्ततः मोक्ष प्राप्त कर लेगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ-सूची

1.सिन्हा प्रो. हरेन्द्र प्रसाद (1998) दर्शन की रूपरेखा दिल्ली मोतीलाल बनारसी दास।

2.श्रीमद्भगवद्गीता (1923) गीताप्रेस, गोरखपुर।

3. आचार्य प्रशान्त (2022) श्रीमद्भगवद्गीता भाष्य प्रशान्त अद्वैत फाउण्डेशन।

[1] श्रीमद्.महा. 20/37

4.आचार्य प्रशान्त (2023) सांख्य योग श्रीमद्भगवद्गीता भाष्य प्रशान्त अद्वैत फाउण्डेशन।
5.राधा कृष्णन डॉ. (2014) भारतीय दर्शन भाग- 1 राजपाल दिल्ली एंड सन्स।
6.सिंह बी.एन. डॉ. (1923) भारतीय दर्शन हिन्दू विश्वविद्यालय मार्ग लंका, वाराणसी।
7.श्रीमद्भागवतमहापुराण, गीताप्रेस, गोरखपुर (सं. 2081)।

श्रीमद्भगवद्गीता और भागवत् में भक्ति वर्तमान परिप्रेक्ष्य में

गीता (पी0 एच्0 डी0 शोधार्थी)
शोध केन्द्र आई0 ओ0 पी0 वृंदावन, मथुरा
डा॰0 भीमराव अंबेड़कर विश्वविद्यालय, आगरा

भूमिकाः-

श्रीमदभगवद्गीता महाभारत के छठे पर्व भीष्म पर्व का एक अंश है। इसमें 18 अध्याय है। महाभारत में जब अर्जुन अपने सगे-सम्बन्धियों को देखकर भावुक होकर युद्ध नहीं करना चाहता तथा अस्त्र-शस्त्र छोड देता है वह कहता है कि-

गुरूनहत्वा हि महानुभावा´्छ्रेयो भोक्तुं भैक्ष्यमपीह लोके।
हत्वार्थकामांस्तु गुरूनिहैव भु´्जीय भोगान् रूधिरप्रदिग्धान्।।1

तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें जो ज्ञान दिया उसे ही श्रीमद्भगवद्गीता कहते हैं। यह ज्ञान 700 श्लोकों में हैं। इसमे श्रीकृष्ण के उपदेशों का वर्णन है। श्रीमद्भागवत पुराण 18 पुराणों मे से एक है। इसमे श्रीकृष्ण की जीवन लीला का वर्णन है। इसमें 18,000 श्लोक है। श्रीमद्भागवत पुराण में श्रीकृष्ण की जीवन यात्रा के प्रमुख प्रसंगों को शामिल किया गया है। भागवत कथाओं के माध्यम से सामान्य व्यक्तियों को शिक्षा देने तथा वैदिक सभ्यता में सामाजिक, नैतिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक जीवन को भी आकार दिया है। एक सामान्य व्यक्ति वैदिक दार्शनिक शिक्षाओं को समझ नही सकता, इसलिए भगवद्गीता को जो समझ लेगा वे सब शास्त्रों का सार समझ लेगा। उसको अलग से किसी भी शास्त्र का अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं है। भगवद्गीता 108 उपनिषदों का सार है।

भगवद्गीता के अनुसार भक्तिः-

भगवान श्रीकृष्ण श्रीमद्भगवद्गीता के छठे अध्याय में ध्यानयोग था अष्टांगयोग की चर्चा करते है। अर्जुन जैसे उच्चकोटी के व्यक्ति को भी ये योग पद्धति बहुत कठिन और अव्यवहारिक महसूस हो गई। हम तो सामान्य व्यक्ति है। आधुनिक युग में कठिन साधना करना हमारे लिए तो बहुत ही मुश्किल कार्य है। भक्तियोग की चर्चा भगवद्गीता के सप्तम अध्याय से लेकर द्वादश अध्याय तक मुख्यतः की गई है। जैसे कि प्रत्येक पुस्तक के मुख्य पृष्ठ और अंतिम पृष्ठ के बीच में पुस्तक का सार होता है, वैसे ही भगवद्गीता का मुख्य उद्देश्य भक्तियोग होने के कारण उसको भी बीच वाले छः अध्यायों में रखा गया है। जिस तरह ब्रेड़ के अन्दर मसाले का तथा उसके बीच की चीजों का अलग ही स्वाद होता है उसी प्रकार भक्तियोग को सभी योगों के बीच में रखा गया है। भगवद्गीता बोलने का मुख्य उद्देश्य भक्ति देना ही था। इसी कारण जो व्यक्ति भगवान की भक्ति करता है। ऐसा व्यक्ति कोई भी योगी या फल की अपेक्षा करने वाले व्यक्ति से सर्वश्रेष्ठ है। भक्तियोग समस्त योगों की परिणति है। अन्य योग तो भक्तियोग में भक्ति तक पहुंचने के साधन मात्र है। कर्मयोग से लेकर भक्तियोग तक का लम्बा रास्ता आत्म साक्षात्कार तक जाता है। निष्काम कर्म इस रास्ते की शुरूआत है। ज्ञानयोग, अष्टांगयोग पार करने पर जब मनुष्य भगवान् श्रीकृष्ण के निकट पहुँचता है तो वह भक्तियोग कहलाता है। जब तक कोई व्यक्ति अपना मन पूर्णतः भगवान श्रीकृष्ण पर केन्द्रित नहीं करता तब तक उसको परम सत्य का सम्पूर्ण साक्षात्कार नहीं हो सकता। जो व्यक्ति भक्ति के द्वारा भगवान को प्रसन्न कर लेता है उसको ब्रह्मर और परमात्मा साक्षात्कार से परे भगवान् का साक्षात्कार मिल जाता है। भक्तियोग मतलब अधिकतर व्यक्तियों की समझ होती है कि भक्तियोग मतलब घर छोड़कर मन्दिर में जाना, भगवान का गीत गाना, अलग-2 वाद्य बजाना इत्यादि। अर्जुन ने भी युद्ध न करके जंगल में जाकर भगवान का भजन करना बेहतर माना था। जबकि श्रीकृष्ण ने उसको अपने कत्र्तव्य के विषय में तथा कर्म न त्यागने के विषय में बताते हुए उपदेश दिया था। भक्ति मतलब भगवान श्रीकृष्ण की प्रेममयी सेवा है जो भगवान श्रीकृष्ण चाहते है कि जिसमें शरीर तथा सभी इन्द्रिया भगवान् की सेवा में लग जाती है। ये एक शास्त्र है। अगर कोई प्रमाणिक गुरू के मार्गदर्शन से भक्ति का अभ्यास करे तो उसमें यश

निश्चित है। आधुनिक युग में वर्तमान को देखते हुए कोई भी व्यक्ति भक्तियोग के द्वारा भगवान के नवधा भक्ति में सम्मिलित हो सकता है। ये वर्तमान समय में नौ प्रकार की भक्ति है।

श्रवणं कीर्तनं विष्णुः स्मरणं पादसेवनम्
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यम् आत्मनिवेदनम्।।2

भक्ति को जीवन में उतारने की पद्धतिः-

1.श्रवणम्- भगवान के नाम तथा उसकी महिमा सुनना

मय्यासक्तमनाः पार्थ योगं यु ंञ्जन्मदाश्रयः।
असंशयं समग्रं मां यथा ज्ञास्यसि तच्छृणु।।3

सभी योग पद्धतियों मे व्यक्ति अपनी शक्ति से भगवान को प्राप्त करने का प्रयास करता है। लेकिन भक्तियोग से अध्यात्म का सर्वोच्च योग होने के कारण भगवान की कृपा के ऊपर निर्भर रहता है। अतः भगवान के भक्त द्वारा सुनकर ही भक्ति में प्रगति कर सकते है। भक्तियोग की शुरूआत होती है जब हम भगवान श्रीकृष्ण के विषय में उनके भक्त के द्वारा सुनकर कोई भी व्यक्ति कृष्णभावनाभावित होकर परम सिद्धि को प्राप्त कर सकता है। जो भक्त है वह ही भगवद्गीता को समझ सकता है। क्योंकि भगवान का उपदेश बहुत पवित्र है। जितना हम भगवान के विषय में सुनेंगें, उतनी ही आनन्द की अनुभूति होगी और भौतिक समस्याओं से मन दूर हो जाएगा। जैसे रूक्मणी ने नारद मुनि से भगवान के विषय में सुना तथा श्रीकृष्ण भगवान् से आसक्त हो गई। प्रहलाद महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के बारे में अपनी मां के गर्भ में सुना और भगवान् के भक्त हो गए।

2.कीर्तनम्ः- भगवान का कीर्तन करना तथा उनकी महिमा का गुणगान करना। अर्जुन को दिया गया उपदेश भौतिक कार्यो में व्यस्त रहने वाले समस्त व्यक्तियों के लिए बड़ा महत्वपूर्ण है। भगवान् यह नही कहते है कि अपने कत्र्तव्य को त्याग दो। मनुष्य को अपने कत्र्तव्यों को करते हुए साथ-2 भगवान का कीर्तन करना चाहिए। अर्थात् –

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे
हरे रामा हरे रामा रामा रामा हरे हरे।

ये हरे कृष्ण महामंत्र का जाप करके कृष्ण का चिंतन कर सकते है। इससे अपने मन व बुद्धि को कृष्ण में प्रवृत्त करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है। यहाँ कीर्तन से अभिप्राय भगवान् के शब्दोच्चारण ध्वनि के जप करने से मनुष्य की सभी इन्द्रियां व्यस्त रहती है ऐसा करने से मनुष्य शुद्ध हो जाता है तथा जीवन के अन्त में भगवद्धाम को प्राप्त करता है।

3.**स्मरणम्ः-** भगवान का स्मरण

अभ्यासयोगयुक्तेन चेतसा नान्यगामिना।
परमं पुरूषं दिव्यं याति पार्थानुचिन्तयन्।।4

अर्थात् हे पार्थ! जो व्यक्ति मेरा स्मरण करने में अपना मन निरंतर लगाए रखकर अविचलित भाव से भगवान के रूप में मेरा ध्यान करता है, वह मुझको अवश्य ही

प्राप्त होता है। भगवान अर्जुन से उसके कर्म को त्याग केवल भगवान् का स्मरण करने के लिए कहते है। इस जगत् मे मानव समाज में चाहे कोई श्रमिक हो, वणिक हो, किसान हो या साहित्यिक या वैज्ञानिक हो उसे जीवनयापन के लिए भगवान का स्मरण करते हुए कार्य करना चाहिए। हमें अपने सभी कार्य भगवान की स्मरण करते हुए तथा प्रसन्नता के लिए करने चाहिए। हमें भगवान को भक्तिभाव से स्मरण करना चाहिए।

4.पाद सेवनम्- ईश्वर के चरणों का आश्रय लेना तथा उन्हीं को अपना सर्वस्व समझना। भगवद्गीता के अनुसार एक एक भक्त सुख हो या दुख हो समान भाव से ईश्वर का आश्रय लेकर कोई कार्य करता है तथा उसी को अपना सब-कुछ मानता है। वह सभी व्यक्तियों की सेवा भगवान मानकर करता है। यहाँ पर भक्त साकार तथा निराकार दोनों तरह की भक्ति कर सकता है। वह किसी ज्ञानी पुरूष को अपना गुरू मान सकता है।

5.अर्चनं- अपनी रूचि के अनुसार मन, वचन तथा कर्म द्वारा पवित्र सामग्री से ईश्वर के चरणों की पूजा करना, यहाँ पर पूजन से अभिप्राय है कि प्रेम से भगवान

को किसी खाद्य पदार्थ का भोग लगाना तथा भोग लगाने के पश्चात् भगवान की कृपा के रूप में प्रसाद समझकर उसको स्वीकार करना। यथा-

पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्तया प्रपच्छति।
तदहं भक्तयुपहृतमन्नामि प्रयतात्मनः।।5

अर्थात कोई प्रेम तथा भक्ति के साथ मुझे पत्र, पुष्प, फल तथा जल प्रदान करता है। मै उसे स्वीकार करता हूँ। यह विधि इतनी सरल है कि यदि प्रेमपूर्वक एक पत्ती, थोड़ा सा जल या फल ही भगवान को अर्पित किया जाता है तो भगवान उसे सहर्ष स्वीकार करते है। इसीलिए किसी को कृष्णभावनामृत के लिए रोका नही जा सकता, क्योंकि यह सरल है और व्यापक है। भगवान् अपने भक्त से भेंट स्वरूप प्रेम तथा स्नेह को स्वीकार करते है। भगवान् को किसी चीज की कमी नहीं है, क्योंकि उनकी सेवा मे कई लक्ष्मी तत्पर है।

6.वंदन- भगवान की मूर्ति को अथवा भगवान के अंश रूप में व्याप्त भक्तजन को नमस्कार करना। नित्य दीप प्रज्जवलित करके भगवान की आरती व पूजा करना इसी भक्ति के अंतर्गत आता है। इस भक्ति से हमें लाभ मिलता है कि जब हम झुककर किसी को नमस्कार करते है तो हम अहंकार को त्याग देते है तथा सामने वाले अपने गुरू तथा माता-पिता की तरह उनका सम्मान करते है। जब भक्त भक्तियोग में आगे बढ़ जाता है तो वह नम्र, दया इत्यादि गुणों से युक्त हो जाता है।

7.दास्य- ईश्वर को स्वामी तथा अपने को दास समझकर श्रद्धापूर्वक सेवा करना। भगवद्गीता के अनुसार एक भक्त हमेशा भगवान को खुश करने का प्रयास करता है। जिस तरह एक नौकर मालिक को प्रसन्न करने के लिए अनेक कार्य करता है उसी तरह भक्त भी भगवान के गुणों का गान करता है। ऐसा गुणगान करने से भक्त भगवान मे आसक्त हो जाता है। जब कोई परम गुहय ज्ञान या शुद्ध भक्ति के लिए भगवान की सेवा में लग जाता है तो वह भगवान श्रीकृष्ण के यथारूप को जान सकता है। भगवद्गीता में कहा भी गया है कि-

मन्मना भव मदभक्तो मद्याजी मां नमस्कुरू
मामेवैष्यसि युत्वैक्तमात्मानं मत्परायणः।।6

अर्थात् अपने मन को मेरे नित्य चिंतन मे लगाओ, मेरे भक्त बनो, मुझे नमस्कार करो और मेरी ही पूजा करो। इस प्रकार मुझमें पूर्णतया तल्लीन होने पर तुम निश्चित रूप से मुझको प्राप्त होगें।

8.सख्यम्:- ईश्वर को अपना परम मित्र समझकर अपना सर्वस्व समर्पण करना। श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार एक भक्त का भगवान को अपना परम मित्र मान लेना चाहिए।

उदाहरण- जिस तरह आधुनिक समय में जब हम किसी भी बात से परेशान हो जाते है जैसे कि कोई भौतिक समस्या जीवन मे आ जाती है और हम कुछ भी ऐसी परेशानी में सोच समझ नही पाते जब हम अपने मित्र को वह बात बताते है तथा सुझाव लेते है, उसी तरह भगवान का सच्चा भक्त अपने इष्ट देव को अपना हितैषी मानकर सभी बातें बताता है तथा श्रद्धा रखता है कि वह बिना कारण कोई कार्य नही करते उसे तुरंत समाधान मिल जाता है। ऐसा ही शुद्ध भक्त अपना सर्वस्व समर्पित कर देता है।

9.आत्मनिवेदनम्- अपने आपको भगवान को समर्पित कर देना। यह भक्ति की उत्तम अवस्था मानी जाती है। श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार एक भक्त को सभी कार्य भगवान् को अर्पण करके करने चाहिए। भगवान स्वयं कहते है कि-

यत्करोषि यदन्नासि यज्जुहोषि ददासि यत्।
यत्तपस्यासि कौन्तेय तत्कुरूष्व मदर्पणम्।।7

अर्थात् हे कुन्तीपुत्र! तुम जो कुछ करते हो, जो कुछ खाते हो, जो कुछ अर्पित करते हो या दान देते हो और जो भी तपस्या करते हो, उसे मुझे अर्पित करते हुए करो। एक भक्त का कत्र्तव्य है कि अपने जीवन को ऐसे जीये कि किसी भी अवस्था में भगवान् को नही भूले। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन यापन के लिए कुछ न कुछ कार्य करना होता है अतः कोई भी कार्य करे भगवान के लिए करे। जिन्दगी जीने के लिए हमें कुछ न कुछ खाना चाहिए, इसीलिए भगवान का प्रसाद ग्रहण करना चाहिए। अगर किसी को धर्म के लिए कार्य करने है तो वह भगवान के लिए कीजिए। जब कोई भक्त अपने आपको भगवान को प्रेममयी सेवा से प्रसन्न करने की कोशिश करता है तो अपनी प्रसन्नता तथा प्रेमवश भगवान अपने भक्त के लिए अपनी मदद देते है। जब हम भक्ति के द्वारा भगवान की तरफ एक कदम बढ़ाते है तो भगवान हमारी तरफ सौ कदम बढ़ाते है। भगवान

हम में जो कमी है उसको पूरा करते है तथा जो हमारे पास है उसकी रक्षा करते है। अतः नवधा भक्ति में यह सबसे श्रेष्ठ अवस्था मानी जाती है। व्यवहारिक रूप में भगवान् अपने शुद्ध भक्त को गुरू के रूप में भक्त के जीवन में भेजते है। गुरू भगवान का प्रतिनिधि होने के कारण एक प्रमाणिक भक्त को पग-पग पर अपनी मदद देता है। तथा आन्तरिक रूप से भगवान भक्त के हृदय में परमात्मा के रूप में रहकर, भक्त को अन्दर से मार्गदर्शन करता है।

निष्कर्षः- अतः निष्कर्ष के रूप मे हम कह सकते है कि आधुनिक युग में योग जैसी कठिन साधना करना सम्भव नही है तथा हमारे चारों पुरूषार्थ में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष में अंतिम लक्ष्य तक पहुँचने के लिए सिर्फ भक्ति ही ऐसा मार्ग है, जिसके माध्यम से हम भगवान की कृपा प्राप्त कर सकते है। नवधा भक्ति के उपाय द्वारा हम पूर्णतः भगवान के प्रति समर्पित हो सकते है। भगवान का शुद्ध भक्त सभी योगियों से ऊपर तथा अत्तिउत्तम है। यथा च कथितं-

सर्वकर्माण्यपि सदा कुर्वाणो मद्व्यपाश्रयः।
मत्प्रसादादवाप्रोति शाश्वतं पदमव्ययम्।।8

सन्दर्भ ग्रन्थ सूचीः-

1. श्रीमद्भगवद्गीता, 1.5
2. श्रीमद्भगवद्पुराण, 7/5/23
3. श्रीमद्भगवद्गीता, 7.1
4. वहीं, 8.8
5. वहीं, 9.26
6. वहीं, 9.34
7. वहीं, 9.27
8. वहीं, 18.56

श्रीमद्भगवद्गीता और भागवत् में कर्म-सिद्धांत

डॉ० राकेश शर्मा, सह-आचार्य ,संस्कृत विभाग
राजकीय महाविद्यालय संजौली -शिमला
हि०प्र० 9418493376, r2rkavya@gmail.com

शोध-सारांश

श्रीमद्भगवद्गीता और भागवत् पुराण भारतीय दर्शन और हिन्दू धर्म के आधारस्तम्भ ग्रंथ माने जाते हैं । हिन्दू ग्रन्थों में दोनों ही ग्रन्थ भारतीय संस्कृति और धार्मिक विचारधारा में सर्वश्रेष्ठ व अत्यधिक महत्वपूर्ण है और वर्तमान समय में इनसे प्रेरणा और जीवन में मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है । ये ग्रन्थ जन समुदाय को मानसिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और नैतिक दिशा प्रदान करते हैं, जिससे व्यक्ति जीवन की जटिल समस्याओं से भी छुटकारा पा सकता है। संक्षेप में इन दोनों ग्रन्थों के अध्ययन से हम कर्म-सिद्धांत, आध्यात्मिक मार्गदर्शन, नैतिक-सिद्धांत, मानवीय मूल्य, भक्ति और प्रेम, संस्कृति व परम्पराओं आदि का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। दोनों ही ग्रन्थों में कर्म के सिद्धांत का निरूपण प्रमुखता से किया गया है। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को स्पष्ट रूप से कर्म करने की प्रेरणा दी है और कर्म को ही अपना धर्म मानने को कहा है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन का वास्तविक उद्देश्य समझ सकता है। गीता में कहा गया है- **कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।** गीता में स्पष्ट रूप से निष्काम कर्म की अवधारणा पर बल दिया गया है। यानी कर्म को बिना किसी स्वार्थ या अपेक्षा से करना ही निष्काम कर्म है। ऐसा कर्म करने से मनुष्य आत्म उन्नति की ओर अग्रसर होता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से संसार के प्रत्येक प्राणी को नि:स्वार्थ भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करने का सन्देश दिया है। भागवत पुराण में भी कर्म सिद्धांत पर कहा गया है कि प्रत्येक व्यक्ति के कर्म उसके जीवन पर विशेष प्रभाव डालते हैं । अच्छे कर्म सुख, समृद्धि और शांति लाते हैं, जबकि बुरे कर्म दु:ख और विपत्ति का कारण बनते हैं। यह सिद्धांत कर्मों के फल की अवधारणा को सशक्त बनाता है। भागवत में यह स्पष्ट कहा गया है कि व्यक्ति को

अपने कर्मों में सत्य, करुणा और प्रेम की भावना को अपनाना चाहिए। दोनों ग्रंथों में निष्काम कर्म के साथ-साथ भक्तिपूर्वक कर्मों में सत्य और धर्म के पालन का संदेश भी दिया गया है अर्थात् वहां यह स्पष्ट किया गया है कि मनुष्य ऐसा कर्म करे कि उसकी आत्मा का परमात्मा से मिलन हो जाए। श्रीमद्भगवद्गीता और भागवत् पुराण में कर्म का सिद्धांत जीवन की नैतिकता, उद्देश्य और आत्मा के विकास के लिए उपयोगी है। कर्म का उचित और सही आचार एवं व्यवहार व्यक्ति को सही मार्ग पर चलने में सहायता करता है, यही इस जीवन की वास्तविकता है और यही इस शोध पत्र को लिखने का उद्देश्य है ।

कूट शब्द - अवधारणा, आध्यात्मिक, मार्गदर्शन, नैतिक-सिद्धांत, आसक्ति, निष्काम, श्रीमद्भगवद्गीता ।

परिचय - श्रीमद्भगवद्गीता भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण दार्शनिक ग्रंथ है, जो महाभारत का एक अंश है। इसे 'गीता' के नाम से भी जाना जाता है। यह 700 श्लोकों में वर्णित है और इसमें भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच का संवाद प्रस्तुत किया गया है, जो हमारे आचार-व्यवहार से सम्बन्धित है। गीता के मुख्य विषय ज्ञान, भक्ति, कर्म और आत्मा के सिद्धांत हैं। श्रीमद्भगवद्गीता कुरुक्षेत्र के मैदान के युद्ध में अर्जुन की मानसिक स्थिति के बीच भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए उपदेशों का संग्रह है, जिसमें निष्काम कर्म, भक्ति और योग के महत्व को स्पष्ट किया है और यह हमारे व्यावहारिक जीवन के विभिन्न पहलुओं के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है। इसके साथ भागवत पुराण भी हिन्दू धर्म का एक प्रमुख ग्रन्थ है, यह 12 स्कंधों में विभाजित है और इसमें 18000 श्लोक हैं। भागवत पुराण में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, उनके जन्म और भक्ति के महत्व का विस्तृत वर्णन किया गया है। इसका केंद्र बिंदु भगवान की भक्ति और उनकी दिव्य लीलाओं का वर्णन है। भागवत पुराण ने भक्तिमार्ग की नींव रखी और यह दिखाया कि भक्ति और प्रेम के माध्यम से आत्मा का उद्धार संभव है। दोनों ग्रंथ भारतीय संस्कृति और धर्म में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। गीता हमें जीवन के कर्तव्यों और नैतिकताओं की समझ देती है, जबकि भागवत पुराण हमें भक्ति और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। दोनों ग्रंथों का अध्ययन व्यक्ति को आत्मा की गहराइयों में ले जाता है और जीवन को सार्थक बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है।

कर्म-सिद्धांत भारतीय दर्शन का एक महत्वपूर्ण और केंद्रीय तत्व है, जो न केवल व्यक्तिगत जीवन को संचालित करता है बल्कि सृष्टि और समाज का संचालन करने हेतु भी महत्वपूर्ण है। कर्म का अर्थ है कार्य या क्रिया और यह सिद्धांत बताता है कि मनुष्य के सभी कार्यों का उसके जीवन में विशेष महत्व होता है अर्थात् 'कर्म-सिद्धांत' एक व्यापक दृष्टिकोण से मानव जीवन के हर पहलु में व्याप्त है। इस सिद्धांत का आधार यह है कि प्रत्येक कार्य का परिणाम होता है जो न केवल व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करता है बल्कि उसके पुनर्जन्म पर भी असर डालता है। हमारे समाज में कर्म को सामान्यतः तीन भागों में बांटा गया है- **सकाम कर्म**- ये वे कर्म हैं जो फल की इच्छा के साथ किए जाते हैं, इसमें व्यक्ति अपने लाभ के लिए काम करता है। **निष्काम कर्म**- ये वे कर्म हैं जो बिना किसी फल की इच्छा के किए जाते हैं, इस प्रकार के कर्म का उद्देश्य केवल कर्तव्य का पालन करना होता है। **विकर्म**- ये वे कर्म हैं जो अनैतिक या अवैध होते हैं, ये कर्म व्यक्ति को दुख और कष्ट की ओर ले जाते हैं। कर्म-सिद्धांत में कर्म और फल के बीच एक गहरा संबंध है। प्रत्येक कर्म का फल निश्चित होता है और अच्छे कर्म अच्छे फल देते हैं, जबकि बुरे कर्म बुरे फल। जैसा कि कहा भी गया है- **'यो यद्वपति बीजं हि लभते तादृशं फलम्'**। अर्थात् जो जैसा बीज बोता है, वह वैसा ही फल पाता है। यह सिद्धांत 'कर्मफल' के रूप में जाना जाता है और यह व्यक्ति को अपने कार्यों के प्रति जिम्मेदार बनाता है। कर्म सिद्धांत के अंतर्गत व्यक्ति को अपने धर्म का पालन करने की प्रेरणा दी जाती है। अपने स्वधर्म का पालन करना आवश्यक है और यह कहा गया है कि धर्म के अनुसार किए गए कर्म फलदायी होते हैं। कर्म का सिद्धांत पुनर्जन्म से भी जुड़ा हुआ है। भारतीय धार्मिक विश्वासों के अनुसार जो कर्म इस जीवन में किए जाते हैं, उनके फल अगले जन्म में भोगने होते हैं। यह अवधारणा आत्मा के चक्रवात को समझने में मदद करती है। इस शोध पत्र के माध्यम से श्रीमद्भगवद्गीता और भागवत् पुराण में वर्णित कर्म के सिद्धांतों का विस्तृत विश्लेषण किया जाएंगा, जो हमारे जीवन का मार्गदर्शन करने में हमारी पग-पग पर सहायता करता है।

शोध कार्य का उद्देश्य - कर्म सिद्धांत भारतीय संस्कृति और दर्शन का एक अनिवार्य हिस्सा है। यह हमें सिखाता है कि हमें अपने कार्यों का ध्यानपूर्वक चयन करना चाहिए और बिना किसी स्वार्थ के अपने कर्तव्यों का पालन करना

चाहिए। इस सिद्धांत के माध्यम से व्यक्ति न केवल अपनी आत्मा के उत्थान की दिशा में बढ़ता है बल्कि समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारियों को समझता है। यही इस शोधकार्य का उद्देश्य है और साथ में भारतीय दर्शन विशेषकर गीता एवं भागवत में कर्म-सिद्धांत की अवधारणा को स्पष्ट करके आधुनिक युग में इसकी प्रासंगिकता को सिद्ध करना है ।

श्रीमद्भगवद्गीता और भागवत् पुराण में परमात्मा की प्राप्ति के तीन मार्ग बताये गये हैं- ज्ञानमार्ग, भक्तिमार्ग और निष्काम कर्ममार्ग। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्म सिद्धांत के महत्त्व को बहुत विस्तार के साथ समझाया है। गीता में निष्काम कर्म का सिद्धांत महत्वपूर्ण और उपयोगी है, जिसका अर्थ होता है बिना किसी फल की इच्छा के कर्म करना। श्रीकृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से समस्त संसार को निष्काम कर्म करने का उपदेश व सन्देश दिया है, उनके अनुसार सभी को कर्म करते रहना चाहिए, उसके फल की चिंता नहीं। इस कर्म के सिद्धांत के पीछे का तात्पर्य यह है कि जब हम अपने कार्यों का फल भगवान पर छोड़ देते हैं, तो हम मानसिक रूप से शांत रह सकते हैं। अतएव श्रीकृष्ण ने अर्जुन को फलासक्ति रहित होकर निष्काम कर्म के रूप में युद्ध करने की आज्ञा दी है-

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।
मां कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि ।।[1]

अर्थात् कर्म करने में ही मनुष्य का अधिकार होना चाहिए उसके फलों में नहीं । हमें अपने कर्म पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए उसके फल पर नहीं । मनुष्य को कर्मों के फल का हेतु नहीं बनना चाहिए और न ही कर्मों में उसकी आसक्ति होनी चाहिए ।

श्रीमद्भागवत पुराण के ग्यारहवे स्कन्ध के दसवे अध्याय में भी सकाम कर्म की निंदा करते हुए निष्काम कर्म की श्रेष्ठता का वर्णन किया गया है। श्रीकृष्ण ने उद्धव को निष्काम भाव से कर्तव्यों का सावधानीपूर्वक पालन करने का और त्रिगुणात्मक पदार्थों को सत्य समझ कर नैष्काम्य कर्मों का उपदेश दिया है। उन्होंने उद्धव के माध्यम से समाज के लोगों को स्पष्ट रूप से सन्देश दिया है

1 श्रीमद्भगवद्गीता- 02/47

कि प्रभु के उपर श्रद्धा- भावना रख कर नित्य-नैमित्तिक कर्मों को करना चाहिए, न कि काम्य कर्मों को –

निवृत्तं कर्म सेवेत प्रवृत्तं मत्परस्त्यजेत् ।
जिज्ञासायां संप्रवृत्तो नाद्रियेत्कर्मचोदनाम् ।।[1]

हमारे मन में एक प्रश्न उत्पन्न होता है कि हम कर्म कैसे करे और कौन से कर्म करे ? तथा कर्मों की गति कैसी होनी चाहिए ? इस प्रश्न का उत्तर श्रीमद्भगवद्गीता के तीसरे अध्याय 'कर्मयोग' में बहुत विस्तार के साथ दिया गया है, जहाँ भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं-

तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर ।
असक्तो ह्याचरन्कर्म परमाप्नोति पूरुषः ॥[2]

अर्थात् मनुष्य को निरंतर कर्मफल की आसक्ति से रहित होकर सदा कर्तव्यकर्म को भलीभाँति करते रहना चाहिए क्योंकि आसक्ति से रहित होकर कर्म करता हुआ वह परमात्मा को प्राप्त कर सकता है। जो व्यक्ति कर्मों के फल की आसक्ति का त्याग करके कृष्णभावनामृत में कार्य करता है, वह निश्चित रूप से जीवन-लक्ष्य की ओर अग्रसर होता है। मनुष्य को ऐसा ही कर्म करना चाहिए क्योंकि यह उच्चतम कोटि का कर्म है, जिसकी संस्तुति भगवान कृष्ण ने गीता में स्वयं की है। शास्त्रों में मुख्यतः दो प्रकार के कर्मों का वर्णन किया गया है- विहित कर्म और निषिद्ध कर्म। जिन कर्मों को करने के लिए शास्त्रों में उपदेश किया गया है, उन्हें विहित कर्म कहते हैं और जिन कर्म को करने के लिए शास्त्रों में मनाई की गयी है, उन्हें निषिद्ध कर्म कहते हैं। प्राचीन काल में जनकादि प्रधान महापुरुष भी आसक्ति से रहित शास्त्रोक्त विहित कर्मों को करते हुए ही परम सिद्धि को प्राप्त हुए थे। अतः सामान्य लोगों को शिक्षित करने हेतु श्रेष्ठ पुरुषों को निहित अनासक्त कर्म करते रहना चाहिए क्योंकि महापुरुष जैसा -जैसा आचरण करते हैं, अन्य पुरुष भी वैसा -वैसा आचरण करते हैं।[3]

---

2 श्रीमद्भागवद्गत पुराण- 11/10/04

3 श्रीमद्भगवद्गीता- 03/19

4 श्रीमद्भगवद्गीता- 03/20-21, यद्यदाचरति श्रेष्ठतत्तदेवेतरो जनः

भागवत पुराण की विभिन्न कथाओं के माध्यम से भी विहित कर्म और निषिद्ध कर्म के फलों का निरूपण किया गया हैं। विहित कर्म करने से व्यक्ति को अगले जन्म में उच्च योनि में जन्म मिलता है, जबकि निषिद्ध कर्म करने से उसका निम्न योनि में जन्म होता है। इस तरह भागवत पुराण में कर्म के फल को न केवल वर्तमान जीवन से, अपितु भविष्य के जीवन में भी जोड़ा गया है। भागवत में यह स्पष्ट रूप से बताया गया है कि अच्छे और बुरे कर्मों का फल इस जन्म के साथ- साथ अगले जन्मों में भी प्राप्त होता हैं क्योंकि यह सांसारिक चक्र निरंतर चलता ही रहता है। हम जैसे-जैसे कर्म करते हैं, वैसे-वैसे लोकों की हमें प्राप्ति होती है। इसलिए हमेशा अशुभ कर्मों का त्याग करके शुभ कर्म करने चाहिए। जो कर्म स्वयं को और दूसरों को भी सुख-शांति दें, वे शुभ कर्म हैं और जो क्षणभर के लिए ही अस्थायी सुख दें और भविष्य में अपने को तथा दूसरों को भगवान से दूर कर दें, कष्ट दें, नरकों में पहुँचा दें उन्हें अशुभ कर्म कहते हैं । शुभ या अशुभ कर्म कई जन्मों तक मनुष्य का पीछा नहीं छोड़ते। पूर्वजन्मों के कर्मों के अनुसार ही व्यक्ति को फल भोगना पड़ता है। इस प्रकार कर्मों की गति को बड़ी गहनता के साथ ही समझा जा सकता है। गीता में भी कहा गया है-

कर्मणो ह्यपि बोद्धव्यं बोद्धव्यं च विकर्मणः।
अकर्मणश्च बोद्धव्यं गहना कर्मणो गतिः॥[1]

अर्थात् कर्म का स्वरूप भी जानना चाहिए और अकर्म का स्वरूप भी जानना चाहिए तथा विकर्म का स्वरूप भी जानना चाहिए, क्योंकि कर्म की गति गहन है, जिसकी बारीकियों को समझना जटिल कार्य है। भागवत में भी कहा गया है कि कर्मों की स्वतंत्र सत्ता नहीं है। वे तो जड़ हैं और वृत्ति से प्रतीत होते हैं। न चाहते हुए भी दुष्कर्म में प्रवृत्ति देखी जाती है।[2] यदि शास्त्रोक्त कर्मों को करने से पुण्य फल की प्राप्ति मिलती है और निषिद्ध कर्मों को करने से पाप की प्रतीति होती है। अतः विहित अर्थात् शास्त्रोक्त कर्म करें। विहित कर्म भी नियंत्रित होने चाहिए। नियंत्रित विहित कर्म ही धर्म बन जाते हैं क्योंकि कर्म का धर्म से गहरा सम्बन्ध है। गीता में भी कहा गया है कि प्रत्येक व्यक्ति का धर्म उसके स्वभाव और स्थिति के अनुसार होता है। अतः मनुष्य को अपने धर्म के अनुसार

---

5 श्रीमद्भगवद्गीता- 04/17

6 श्रीमद्भागवद्गत पुराण- 11/10/17

कर्म करना चाहिए, जिससे वह वास्तविक रूप से आत्मिक उन्नति कर सके।[1]भागवत में भी कहा गया है कि भक्ति के माध्यम से कर्मों का परिशोधन किया जा सकता है। भागवत में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भक्तों के प्रति उनके अनुग्रह से यह स्पष्ट होता है कि भक्ति से व्यक्ति के कर्म भी आत्मिक दृष्टि से शुद्ध हो जाते हैं। मनुष्य के कर्मों से ही उसके गुण उत्पन्न होते हैं और सत्त्वादि गुणों के सम्बन्ध से ही जीव इस संसार में कर्म के फलों का भोग भी करता है-

गुणा: सृजन्ति कर्माणि गुणोऽनुसृजते गुणान् ।
जीवस्तु गुणसंयुक्तो भुङ्क्ते कर्मफलान्यसौ ।।[2]

गीता में भी इस बात को स्पष्ट करते हुए श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते है कि संसार के प्रत्येक प्राणी को प्रकृति से अर्जित गुणों के अनुसार विवश हो कर कर्म करना ही पड़ता है क्योंकि इस सृष्टि का नियम है कि कोई भी प्राणी बिना कर्म किए एक क्षण के लिए भी नहीं रह सकता। कहने का अभिप्राय यह है कि जब तक शरीर रहता है तब तक मनुष्य प्रकृति के अनुसार जो भी क्रियाएं जैसे खाना, पीना, उठना, बैठना, सोना, ध्यान-मनन करना और समाधिस्थ आदि करता है, वो सब व्यक्ति के कर्म के अंतर्गत आती हैं। अतः कोई भी प्राणी अपने से कर्तापन का त्याग नहीं कर सकता।

ईशावास्योपनिषद् में कहा गया है कि इस संसार की सारी वस्तुएं ईश्वर से व्याप्त हैं[3] अर्थात् परब्रह्म या कृष्ण से सम्बन्धित है। जो इस बात को भली-भांति जानता है, वह व्यक्ति संसार की प्रत्येक वस्तु परमेश्वर की सेवा में नियोजित करके और अपने सभी कर्मों को भी उसको समर्पित करके आसक्ति रहित होकर अपना कर्म करता है, वह पापकर्मों के कल्मष से वैसे ही परे रहता है जैसे कि कमलपत्र जल में रहकर भी भीगता नहीं है अर्थात् गीता में अनासक्त कर्म पर बल देते हुए कहा गया है कि जिस व्यक्ति के कर्म में आसक्ति का अभाव है वह पुरुष कर्म करता हुआ जल में कमल के पत्ते की भांति पाप से लिप्त नहीं होता-

---

7 श्रीमद्भगवद्गीता- 03/35

8 श्रीमद्भागवद्गत पुराण- 11/10/31

9 ईशावास्योपनिषद्- 01/01, ॐ ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्यां जगत्

ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सगं त्यक्त्वा करोति य:।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ।।[1]

श्रीमद्भगवद्गीता के दुसरे अध्याय के श्लोक संख्या 48 में कहा गया है कि **"योगस्थ: कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय"**[2] - अर्थात् आसक्ति की भावना का त्याग करके हमें योग में स्थित होकर कर्म करना चाहिए। हमें चंचल रहने वाली इन्द्रिय को वश में करते हुए और कार्य की सिद्धि अथवा असिद्धि की परवाह किए बिना ही समभाव से एकाग्रचित हो कर कर्म करते रहना चाहिए क्योंकि "**कर्मेन्द्रियै: कर्मयोगमसक्त: स विशिष्यते**"[3] । अर्थात् बिना किसी आसक्ति के कर्मयोग को प्रारम्भ करने वाला व्यक्ति उत्कृष्ट कोटि का होता है। भगवद्गीता हिंदू धर्म की नैतिकता का एक स्रोत है, जिसमें कर्म के फल की आसक्ति के बिना अपने कर्तव्य का पालन करने का उपदेश दिया गया है, जो व्यक्ति को जीवन में अपने कर्मों के बारे में कई महत्वपूर्ण बातें बताता है। कर्म की अवधारणा के विविध रूप है। गीता में कहा गया है कि मनुष्य को फल के बारे में चिंता नहीं करनी चाहिए, जो उसको समझ में आता है, उसके साथ काम करें और बाकी के बारे में चिंता न करें। कर्तव्यकर्म का पालन करने से स्वयं, समाज और ब्रह्मांड का भरण-पोषण होता है।[4] मनुष्य को अपना कर्म निभाते हुए पवित्र कर्तव्य में विश्वास रखना चाहिए, पराये कर्मों में प्रवृत्ति होना श्रेयस्कर नहीं है अर्थात् दूसरों के कार्यों में दखल देना अनुचित है।[5] आप एक अध्यापक है या छात्र हैं, तो एक अच्छे अध्यापक या छात्र बनें। आप एक बेटा या बेटी, भाई या बहन, माता-पिता, कर्मचारी या नागरिक हैं, तो इन भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभाते हुए सत्कर्म करें।

नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मण ।
शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्धयेदकर्मण: ।।[6]

10श्रीमद्भगवद्गीता- 05/10
11श्रीमद्भगवद्गीता- 02/48
12श्रीमद्भगवद्गीता- 03/07
13श्रीमद्भगवद्गीता- 03/14-24
14श्रीमद्भगवद्गीता- 03/35
15श्रीमद्भगवद्गीता- 03/08

